UGC CARE LISTED
(Arts & Humanities)

ISSN : 2277-4351
RNI Reg:UTTMUL 2012/53882

DP-24

वैदिक वाग् ज्योतिः
Vaidika Vāg Jyotiḥ

An International Refereed/Peer-Reviewed
Research Journal on Vedic Studies

(UGC Approved Half Yearly Journal)

Vol./वर्ष-12 July-December 2024 No./ अंक 23

सम्पादक

प्रो. दिनेशचन्द्र शास्त्री

अध्यक्षचर, वेदविभाग, गुरुकुलकांगड़ी (समविश्वविद्यालय)

कुलपति

उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय

हरिद्वार

गुरुकुल कांगड़ी (समविश्वविद्यालय), हरिद्वार

(NAAC द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त एवं यू.जी.सी. द्वारा पूर्णतः अनुदानित समविश्वविद्यालय)

Gurukula Kangri (Deemed to be University)

Haridwar-249 404 (Uttarakhand) India

http://www.gkv.ac.in

ISSN : 2277-4351
RNI Reg:UTTMUL 2012/53882
(UGC CARE listed half yearly journal)
July-December 2024

'वैदिक वाग् ज्योतिः' 'Vaidika Vāg Jyotiḥ'

An International Refereed/Peer-Reviewed Research Journal on Vedic Studies

Patrons

Dr. Satyapal Singh, Chancellor, GK(DU), Haridwar
Prof. Hemalata K., Vice-Chancellor, GK(DU), Haridwar

Chief Editor

Prof. Dinesh Chandra Shastri
Ex. Head, Dept. of Veda, GK(DU),
Haridwar-249 404 (U.K.) India
Email - dineshcshastri@gmail.com
Tel : +91-9410192541
Vice-Chancellor,
Uttarakhand Sanskrit University,
Haridwar-249402

Advisory Board

Prof. Nicholas Kazanas 'Padm Shri', Athens
Prof. Balram Singh, USA
Dr. Rajendra Ayurvedalankar, Haridwar
Prof. Maan Singh, Roorkee
Prof. Shashi Tiwari, 'President Awardee', Delhi
Prof. Shashi Prabha Kumar, Delhi
Prof. Lekhram Sharma, Amritsar
Prof. Ishwar Bharadwaj, Haridwar
Prof. Bheem Singh, Kurukshetra
Prof. Upendra Kumar Tripathi, Varanasi
Prof. Vedpal (Meerut)
Prof. Renubala, Amritsar
Prof. M.R. Verma, Haridwar
Prof. Pankaj Madan, Haridwar
Prof. L.P. Purohit, Haridwar
Prof. Sunil Kumar, Haridwar
Prof. R.G. Murli Krishna, Delhi
Prof. Madhukeshwar Bhatt, Delhi
Prof. T. Ganesh Pandit, Delhi
Dr. Aparna Dhir, USA
Dr. Anju Kumari
Dr. Udham Singh

Distinguished Advisors

Acharya Balkrishna, V.C., Patanjali University
Prof. Shrinivasa Varakhedi, V.C., C.S.U., Delhi
Prof. Prahlad Joshi, V.C., KBVSASU, Assam
Prof. M.M. Pathak, V.C., SLBSRSU, New Delhi
Prof. C.G. Vijayakumar, V.C., MPSVV, Ujjain

Departmental Advisory Board

Prof. Prabhat Kumar

Reviewers

Acharya Balveer, Rohtak
Prof. Ashutosh Gupta, Shrinagar

Finance Advisor

Prof. Devendra Gupta, F.O.
Sh. Naveen Kumar

Business Manager

Department of Veda & Librarian
GKV, Haridwar - 249 404
(Uttarakhand) India

Subscription

Rs. 1200.00 Annual, US $ 120,
Single Copy: Rs. 600.00
Rs. 5000.00 Five Year's
Payment Mode :
D.D. in favour of Registrar,
G.K.V. Haridwar (U.K.)

Published by

Prof. Sunil Kumar
Registrar, GKV, Haridwar - 249 404
(Uttarakhand) India

Printed at

D.V. Printers
97-U.B., Jawhar Nager, Delhi-110007

UGC CARE listed (Arts & Humanities)
ISSN : 2277-4351
RNI : UTTMUL 2012/53882

वैदिक वाग् ज्योतिः

Vaidika Vāg Jyotiḥ

An International Refereed/Peer-Reviewed Research Journal on Vedic Studies

(UGC Approved Half Yearly Journal)

Vol./वर्ष-12 **July–December 2024** **No./अंक 23**

सम्पादक

प्रो. दिनेशचन्द्र शास्त्री

अध्यक्षचर, वेद विभाग, गुरुकुल कांगड़ी (समविश्वविद्यालय)

कुलपति

उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार

गुरुकुल कांगड़ी (समविश्वविद्यालय) हरिद्वार

(NAAC द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त एवं यू.जी.सी. द्वारा पूर्णतः अनुदानित समविश्वविद्यालय)

Gurukula Kangri Deemed to be University

Haridwar-249 404 (Uttarakhand) India

http://www.gkv.ac.in

वैदिक वाक्

रूपंरूपं मघवा बोभवीति मायाः कृण्वानस्तन्वं परि स्वाम्।
त्रिर्यद्दिवः परि मुहूर्त्तमागात् स्वैर्मन्त्रैरनृतुपा ऋतावा॥ -ऋ. 3/53/8

पदार्थः- (रूपंरूपम्) प्रतिरूपम् (मघवा) बहुधनवान् (बोभवीति) भृशं भवति (मायाः) प्रज्ञाः (कृण्वानः) (तन्वम्) शरीरम् (परि) सर्वतः (स्वाम्) स्वकीयाम् (त्रिः) त्रिवारम् (यत्) यः (दिवः) प्रकाशान् (परि) (मुहूर्त्तम्) घटिकाद्वयम् (आ) (अगात्) प्राप्नुयात् (स्वैः) स्वकीयैः (मन्त्रैः) विचारैः (अनृतुपाः) य ऋतून् पाति स ऋतुपा न ऋतुपा अनृतुपाः (ऋतावा) सत्यवान्॥

अन्वयः- यद्य ऋतावा मघवा सूर्य्यो दिवो मुहूर्त्तमिव स्वैर्मन्त्रैरनृतुपाः सन् स्वां तन्वं त्रिः पर्यागाद्रूपंरूपं प्रति मायाः कृण्वानः सन् परि बोभवीति तमध्यापकमुपदेष्टारञ्च कुर्य्युः।

भावार्थः- ये परमेश्वरमारभ्य पृथिवीपर्य्यन्तानां पदार्थानां स्वरूपविदः सद्योऽन्येभ्यो विज्ञानप्रदाः सूर्य्य इव सुशिक्षासभ्यताविनयप्रकाशकाः स्युस्ते विद्याधर्मराजमन्त्रवर्द्धने नियोजनीयाः।

पदार्थः- (यत्) जो (ऋतावा) सत्य से युक्त (मघवा) बहुत धन से युक्त (सूर्य्यः) सूर्य्य (दिवः) प्रकाशों को (मुहूर्त्तम्) दो घड़ी (स्वैः) अपने (मन्त्रैः) विचारों से (अनृतुपाः) नहीं ऋतुओं का पालन करने वाला होकर (स्वाम्) अपने (तन्वम्) शरीर को (त्रिः) तीन वार (परि, आ) सर्व प्रकार (अगात्) प्राप्त होवें और (रूपं रूपम्) रूप रूप के प्रति (मायाः) बुद्धियों को (कृण्वानः) करते हुए (परि, बोभवीति) अत्यन्त होता है उसको अध्यापक और उपदेश देने वाला करें।

भावार्थः- जो परमेश्वर को ले के पृथिवी पर्यन्त पदार्थों के स्वरूप जानने और शीघ्र अन्य जनों के लिये विज्ञान देने और सूर्य्य के सदृश उत्तम शिक्षा, सभ्यता और विनय के प्रकाश करने वाले होवें वे विद्या, धर्म और राजधर्म के मन्त्र बढ़ाने में नियत करने के योग्य हैं॥

द.भा.

वाग्ज्योतिर्निंतरां विभाति भुवने ज्ञानप्रदं वैदिकम्

नाना-तर्कैर्वितर्कैर्विबुध-जनमतैर्भूषयल्लेखमालाः
शास्त्राणां दर्शनानां निगमपथजुषां ब्राह्मणानां बहूनाम्।
वाक्यैः सिद्धान्तनिष्ठैः समम् उपनिषदां तत्त्वमाधातुकामम्
वाग्ज्योतिर्वैदिकं तत् प्रसरतु भुवने ज्ञानविज्ञानदं नः॥1॥ (स्रग्धरा)

विद्वद्व्यूहविचारसारसहितं यत् प्राच्यविद्याऽऽश्रितम्
अज्ञानाऽन्धतमोनिवारणपरं सद्-बुद्धिशुद्धि-प्रदम्।
शोधोद्योगपरायणा बुधजना जानन्तु तद् दीपकम्
वाग्ज्योतिर्निंतरां विभाति भुवने ज्ञानप्रदं वैदिकम्॥2॥ (शार्दूलविक्रीडितम्)

—प्रशस्यमित्रशास्त्रिणः

अनुक्रम

वैदिक वाक् *iii*

सम्पादकीय (Editorial) *ix*

आयुर्वेदीय निदानग्रन्थों की परम्परा में
आचार्य बालकृष्ण प्रणीत सौमित्रेयनिदानम्

हिन्दी संभाग

01. **सांख्य के प्रकृतिस्वातन्त्र्यवाद की समीक्षा** 1
–डॉ. स्वामी प्रज्ञानदेव (प्रीतम)

02. **मानवीय मूल्यों के परिप्रेक्ष्य में वैदिक दृष्टिकोण** 9
–डॉ. प्रशान्त सरकार

03. **योग उपनिषदों में वर्णित प्राण एवं प्राणायाम का शास्त्रीय एवं व्यावहारिक स्वरूप** 15
–केसर, चारु मेहता, प्रो. नीरू नत्थानी

04. **लिङ्गप्रमाण-स्वरूपनिरूपण** 29
–डॉ. रामचन्द्र मेघवाल

05. **स्वास्थ्य संवर्धन में अन्नमयकोश एवं प्राणमयकोश की भूमिका : एक विवेचनात्मक अध्ययन** 37
– सुरेन्द्र
– प्रो. महावीर अग्रवाल

06. **बौधायनशुल्बसूत्र में गणितीय अवधारणा : आधुनिक सन्दर्भ** 49
–आयुष नंदन
–प्रो. दया शंकर तिवारी

07. **स्वामी योगेश्वरानन्द परमहंस द्वारा वर्णित आत्मतत्त्वोत्पत्ति सिद्धान्त** 55
–डॉ. लीना झा
–अतुल त्यागी

संस्कृत-संभागः

08. भारतीयमायुर्विज्ञानम् 61
-श्वेतार्या
-डॉ. दीनदयालः

09. शिक्षाप्रातिशाख्यानुसारं वर्णोच्चारणस्थानविमर्शः 65
-डॉ. सुदीप-मण्डलः

10. आयुर्वेदशास्त्रे चिकित्सार्थं ओषधीनां महत्वम् 75
-डॉ. स्मृति सरकार

11. प्रधानोपनिषत्सु मानवीयमूल्यबोधः 84
-अलोकबेपारी

English Section

12. **Assertion of Bhartṛhari's Concept of *Śabdabrahma* in Emily Dickenson's poetry** 91
- Dr. Ashima Shrawan

13. **Devine Feminity in the Ṛgveda Exploration by Gouri Dharmapal** 100
- Mou Adhya
- Prof. Manudev Bandhu

14. **Cyber Mindfulness : A New Paradigm Through the Lens of Ancient Indian Knowledge** 108
- Priyanka Soni
- Arun Kumar
- Nikita Srivastava
- Rajat Singh

15. **Effects of Yogasanas in the treatment of cervical spondylosis** 118
- Samriti Nayak
- Dr. B.M.N. Kumar
- Prof. J.S Tripathi

16. **Diverse Perspectives and Approaches in Shaping Indian Philosophical Traditions with Debate, Dialogue and Narratives** **126**
- Dr. Nikita Singh

17. **Mantras : Ancient Vedic Keys to Modern Wellness** **134**
- Dr. Deeja C. Radhakrishnan
- Dr. Mahesh Kumar Harit
- Dr. Vinay Pawar

18. **Educational Administration and Management of Vedic Gurukulas : A Systematic Review Literature** **147**
- Surbhi Tak
- Prof. Asit K. Mantry

19. **Rectifying and Clarifying the Illusionary Thoughts on Vedas : A Logical Analysis Based on Shastras** **160**
-Dr. Narendrakumar D. Vasava

20. **The Evolution of Women's Status in Ancient India : From Vedic Times to Post-Vedic Periods** **168**
-Shiny K. Mathew

✦✦✦

सम्पादकीय

आयुर्वेदीय निदानग्रन्थों की परम्परा में आचार्य बालकृष्ण प्रणीत सौमित्रेयनिदानम्

अनादिकाल से सतत प्रवहमान 'आयुर्वेद' विश्व की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। धर्म, अर्थ आदि पुरुषार्थचतुष्टय की सिद्धि में 'आरोग्य' को मूल मानते हुए आरम्भ से ही मानव स्वास्थ्य तथा तदर्थ चिकित्सा का क्रम निरन्तर चला आ रहा है। 'श्रुतिपरम्परा' से प्राप्त आयुर्वेद ज्ञान को समय की आवश्यकतानुसार ग्रन्थों में निबद्ध किया गया। इसके परिणामस्वरूप मानवकल्याणार्थ आयुर्वेद का विपुल साहित्य विद्यमान है। नाना प्रकार की चिकित्साविधियों से समन्वित आयुर्वेद को कायचिकित्सा आदि आठ अङ्गों में बाँटा गया है। यह अष्टाङ्ग आयुर्वेद मूलतः त्रिसूत्रात्मक है। आचार्य चरक के अनुसार सर्वप्रथम ब्रह्मा को हेतु, लिङ्ग व औषध रूप त्रिसूत्रात्मक आयुर्वेद का बोध हुआ था-

हेतुलिङ्गौषधज्ञानं स्वस्थातुरायणम्।
त्रिसूत्रं शाश्वतं पुण्यं बुबुधे यं पितामहः॥ (च.सं.सू-1.24)

इस प्रकार 1. हेतु (रोग की उत्पत्ति का कारण), 2. लिङ्ग (रोग व आरोग्य का लक्षण), तथा 3. औषध (स्वस्थ व रोगी के लिए हितकारी चिकित्सा प्रक्रिया)- इन तीनों का पल्लवित रूप ही अष्टाङ्ग आयुर्वेद है। आयुर्वेदीय अष्टाङ्ग में भी 'निदान' व 'चिकित्सा' का विशिष्ट महत्त्व है।

रोगविज्ञान की महत्ता को देखते हुए कालान्तर में 'निदान' को आधार बनाकर स्वतन्त्र ग्रन्थों का भी प्रणयन किया गया। इस विषय पर सर्वप्रथम माधवकरप्रणीत प्राचीनतम ग्रन्थ 'माधवनिदानम्' उपलब्ध होता है। इसके अतिरिक्त हंसराजनिदान, अञ्जननिदान, सिद्धान्तनिदान आदि निदान पर आधारित उल्लेखनीय ग्रन्थ हैं।

इसी क्रम में निदानग्रन्थों की परम्परा को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिये चिरकाल के अनन्तर 21 वीं शताब्दी में आयुर्वेद व वनस्पतिविज्ञान के मर्मज्ञ तथा संस्कृतभाषानुरागी श्रद्धेय आचार्यबालकृष्ण जी के द्वारा **सौमित्रेयनिदानम्** नामक एक बृहद् ग्रन्थ की रचना की गई है, जिसका लोकार्पण 7 अगस्त, 2024 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति श्री श्रीनिवास बरखेड़ी, केन्द्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसन्धान परिषद् के महानिदेशक प्रोफेसर रविनारायण आचार्य, राष्ट्रीय

भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग के अध्यक्ष वैद्य श्री जयन्त देवपुजारी और राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग में आचार एवं पंजीकरण बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर (वैद्य) राकेश शर्मा सदृश आयुर्वेद एवं संस्कृत के विशेषज्ञों की उपस्थिति में वैदिक संस्कृति के उन्नायक योगऋषि स्वामी रामदेव जी के द्वारा किया गया।

सौमित्रेयनिदानम् का वैशिष्ट्य–

सौमित्रेयनिदानम् व्याधियों से सम्बन्धित शास्त्रीयशैली में विरचित एक श्लोकबद्ध बृहद् आयुर्वेदीय निदानग्रन्थ है। विश्व में मानवमात्र के स्वास्थ्य संरक्षण और विभिन्न व्याधियों से ग्रस्त रोगियों के रोगों के निवारण के संकल्प को लेकर ही ग्रन्थकार के द्वारा इसका प्रणयन किया गया है। अर्वाचीन युग में सभी व्याधियों का आयुर्वेद से उपचार करने के साथ-साथ आयुर्वेद का पठन-पाठन करने वाले पाठकों तक सम्पूर्ण व्याधियों के ज्ञान को पहुंचाना भी ग्रन्थकार को अभीष्ट है। यह ग्रन्थ आयुर्वेद सहित रोगी के स्वास्थ्य से सम्बन्धित सम्पूर्ण पद्धतियों के द्वारा चिकित्सापरायण चिकित्सकों के लिए व जन स्वास्थ्य सम्बन्धी नीति-निर्माताओं के लिए अतीव उपयोगी होगा और सम्पूर्ण स्वास्थ्य के अभिलाषी जनों के लिए रोगमुक्त जीवन की ओर बढ़ने में मित्र के समान सहायक सिद्ध होगा। आयुर्वेद के अनेक पूर्ववर्ती ऋषियों द्वारा प्रदत्त निदानविषयक सारसूत्रों से अनुस्यूत यह ग्रन्थ स्वस्थ एवं रोगमुक्त समाज के निर्माण में नींव के पत्थर के समान अतीव उपयोगी सिद्ध होगा।

प्राचीन और अर्वाचीन ग्रन्थों का समग्र दृष्टि से अवलोकन करके आयुर्वेद के प्राचीन शास्त्रों में वर्णित व्याधियों के अतिरिक्त पूर्वशास्त्रों में जो अपर्याप्त रूप से वर्णित हैं और विश्व में वर्तमान में प्राप्यमाण नवीन व्याधियां हैं, उन सबको भी इस ग्रन्थ में समाविष्ट किया गया है। ग्रन्थ में 500 व्याधियों को 471 व्याधिशीर्षकों के अन्तर्गत रखा गया है, जिसमें 234 प्राचीन व्याधियां हैं, जबकि 237 वर्तमान व्याधियों को नवीन नामों से अभिहित करके वर्णित किया गया है। ग्रन्थ को शरीरसंरचना क्रम से 14 खण्डों में वर्गीकृत किया गया है। सभी खण्डों में व्याधियों को अकारादिक्रम से वर्णित किया गया है। प्रत्येक व्याधि के तीन विभाग हैं-स्वरूपम्, निदानम् और लक्षणम्। ग्रन्थ में अनुष्टुप्, इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, उपजाति, वंशस्थ, इन्द्रवंशा, विशिष्ट उपजाति (वंशस्थ, इन्द्रवंशा), द्रुतविलम्बित, भुजङ्गप्रयात, प्रहर्षिणी, वसन्ततिलका, मालिनी, पञ्चचामर, शिखरिणी, पृथ्वी, मन्दाक्रान्ता, शार्दूलविक्रीडित और स्रग्धरा-इन 18 छन्दों का प्रयोग किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्रन्थ-परिचय में भी इन्हीं 18 छन्दों को प्रयुक्त किया गया है।

ग्रन्थ के विस्तृत कलेवर और पाठक की सुविधा की दृष्टि से इसे दो भागों में विभाजित किया गया है। इसके प्रथम भाग में प्रथम खण्ड से पञ्चम खण्ड

(व्याधिसंख्या 1-260) रोग वर्णित हैं और ग्रन्थ के द्वितीय भाग में छठे खण्ड से चतुर्दश खण्ड (व्याधिसंख्या 261-471) तक व्याधियां हैं। प्रथम भाग के परिशिष्ट भाग में, द्वितीय भाग में वर्णित की जाने वाली व्याधियों की अनुक्रमणिका जोड़ी गई है, जबकि द्वितीय भाग के परिशिष्ट भाग में प्रथम भाग की अनुक्रमणिका को भी रखा गया है। पाठक की सरलता की दृष्टि से ग्रन्थ में प्रयुक्त सभी नवीन शब्दों की संस्कृतनामावली परिशिष्ट भाग में रखी गई है, जिसमें 400 से भी अधिक नवीन शब्द हैं। ग्रन्थ के परिशिष्ट भाग में लगभग 2500 चिकित्सकीय अवस्थाएं उपनिबद्ध भी की गई हैं।

यह भी इस ग्रन्थ की विशेषता है कि सभी 500 व्याधियों को खण्डों के अनुसार श्लोकबद्ध किया गया है, जिसके कारण ग्रन्थ की सभी व्याधियों को स्मरण करने में सरलता होगी। व्याधियों के श्लोकों का लयबद्धता से गायन करके QR CODE की सहायता से समग्र ग्रन्थ के श्लोकों का श्रव्य रूप भी प्रस्तुत किया गया है। अल्पसंस्कृतज्ञ जनों के लिए श्लोक में प्रयुक्त प्रत्येक पद का अर्थ करके काठिन्यनिवारण पहले ही कर दिया गया है। सम्पूर्ण विश्व के लोगों के लिए ग्रन्थ को उपयोगी बनाने के उद्देश्य से असंस्कृतज्ञजनों के ज्ञानार्थ श्लोकों के साथ उनकी फोनेटिक्स और अंग्रेजी में स्वरूप, निदान और लक्षणों को प्रस्तुत करके ग्रन्थ का अंग्रेजी रूपान्तरण भी किया गया है।

सौमित्रेयनिदानम् की प्रमाणिकता व उपादेयता-

सौमित्रेयनिदानम् ग्रन्थ की शास्त्रीयता, प्रासंगिकता, उपादेयता, शुद्धता और प्रामाणिकता आदि के आयुर्वेददृष्ट्या अवलोकन तथा विषयगतसमीक्षा के लिए पतञ्जलिविश्वविद्यालय और केन्द्रीयसंस्कृत-विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के सौजन्य से 7 अगस्त से 8 अगस्त तक द्विदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन करवाया गया, जिसमें संपूर्ण भारतवर्ष से प्रतिष्ठाप्राप्त आयुर्वेद और संस्कृत के लगभग 50 विद्वानों ने अपने विचार व समीक्षात्मक प्रस्तुति दी। सबमें एक बात सामान्य रही कि सौमित्रेयनिदानम् प्रामाणिक और अद्वितीय एक ऐसा ग्रन्थ है, जो चिकित्सा जगत् के लिए अत्यधिक उपयोगी होगा-

1. परमपूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज ने 'सौमित्रेयनिदानम्' ग्रन्थ के विषय में कहा कि यह एक मौलिक कालजयी अनुपम रचना है, अप्रतिम प्रस्तुति है। यह कार्य बहुब बड़ा था। 18 छन्दों में 6821 श्लोकों में जो रचना हुई है, साथ ही हिंदी सहित इंग्लिश भाषा में इसका रूपान्तरण करना और उसको पूरी ऋषि परम्परा के अनुरूप प्रतिबद्धता के साथ सम्पूर्ण विषय को समेटते हुए अभिव्यक्त करना एक चुनौती पूर्ण कार्य था। श्रद्धेय आचार्यश्री और सम्पूर्ण विद्वन्मण्डली के लिए विशेष

अभिनन्दन होना चाहिए। आज यहां 'सौमित्रेयनिदानम्' का लोकार्पण अपने आप में ऐतिहासिक कार्य है।

2. केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति **प्रोफेसर श्रीनिवास बरखेड़ी** ने कहा कि "ग्रन्थ के आविर्भाव से आयुर्वेद शास्त्र के इतिहास में एक ऐतिहासिक नूतन युग का आरम्भ हुआ है। आज इस संस्कृत भूमि पर शास्त्रबीज का वपन हुआ है। इस कृषि में आचार्य बालकृष्ण जी ने अपने अनुभवजल से सेचन किया है। उनके द्वारा एक नव निदानशास्त्र का अंकुर उत्पन्न हो गया है। इसको वृक्ष बनाना, इसका फल प्राप्त करना, पुष्प प्राप्त करना- यह हमारा कार्य है। अष्टाङ्गहृदय के समान यह मौलिक ग्रन्थ भी सहस्त्रों वर्षों तक आयुर्वेद के क्षेत्र में देदीप्यमान रहेगा।" "यह चर्वितचर्वण नहीं है, अपितु नूतन नवीन है।" उनके अनुसार इसमें नूतन शब्दों, धातुओं और नवपरिभाषितों पर शोध के लिये भी पर्याप्त विषयवस्तु देखी गई है।

3. केन्द्रीय आयुर्वैदिक विज्ञान अनुसन्धान परिषद् के महानिदेशक **प्रोफेसर रविनारायण आचार्य** के अनुसार शास्त्र और विज्ञान की तब वैज्ञानिकता नहीं होती जब तक वह समय के अनुसार उन्नत तथा परिष्कृत न हो। उन्होंने आगे कहा कि सौमित्रेयनिदान की यह विशेषता ही उसे सर्वोत्कृष्ट बनाती है कि यह एक मौलिक रचना है और आधुनिक परिप्रेक्ष्य के अनुसार अनुसन्धानपूर्वक प्रायः सभी नए रोगों का भी इसमें समावेश किया गया है।

4. राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग में आचार एवं पंजीकरण बोर्ड के अध्यक्ष **प्रोफेसर (वैद्य) राकेश शर्मा** के अनुसार यह ग्रन्थ आयुर्वेद के क्षेत्र में मील का पत्थर सिद्ध होगा। यह अपने आप में एक विशेष रचना है और इस बात से भी इसका महत्त्व और बढ़ जाता है कि इसमें प्रत्येक श्लोक के प्रत्येक पद का अर्थ भी साथ में प्रस्तुत करके आयुर्वेद के पाठकों के लिए शब्दकोश तथा अर्थज्ञान की दिशा में उत्कृष्ट कार्य किया गया है। इसे कश्मीर से कन्याकुमारी तक प्रत्येक आयुर्वेद संस्थान के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाना चाहिए, जिससे सभी छात्र इसके वैशिष्ट्य से लाभान्वित हो सकें।

5. राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग के अध्यक्ष वैद्य श्री जयन्त देवपुजारी ने कहा कि "सौमित्रेयनिदानम् ग्रन्थ पर आयुर्वेद के सम्बन्ध में दीर्घकाल तक कार्य होता रहेगा। इससे इस दिशा में एक नई परंपरा का आरंभ हुआ है। अनुक्त को उक्त करने का शुभारम्भ श्रद्धेय आचार्य जी के द्वारा किया जा चुका है। पञ्चनिदान व आयुर्वेद की दृष्टि से यह एक परिपूर्ण ग्रन्थ है। उन्होंने आगे परामर्श देते हुए कहा कि पूज्य आचार्य जी को प्राचीन पुस्तक नाड़ीतत्त्वदर्शन के विकृतिविज्ञान विषय पर भी अनुसंधानात्मक कार्य करना चाहिए।"

6. दत्ता मेघे आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय एवं औषधालय नागपुर (महाराष्ट्र) से उपस्थित **प्रोफेसर वैद्य माधव आष्टिकर** ने "ग्रन्थस्य तन्त्रगुणदोष-युक्त्यात्मकम् अध्ययनम्" विषय पर प्रस्तुति देते हुए कहा कि यह शास्त्र स्वयं में एक अपूर्व महत्त्वपूर्ण कार्य है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि सौमित्रेयनिदानम् में वर्णित अपस्मार में वयोऽनुसार प्रेरक आक्षेप, संवेदी आक्षेप आदि भेद बताकर बहुत श्रेष्ठ कार्य किया गया है। आयुर्वेद विज्ञान के सिद्धान्तों का अनुपालन करते हुए अपने विचार व्यक्त करने से यह अनुमत शास्त्र की श्रेणी में आता है। स्वसंज्ञाओं का समायोजन और नवीनपदावली का प्रयोग, अन्वयपूर्वक प्रत्येक पद की अर्थप्रस्तुति आदि से यह एक अद्वितीय ग्रन्थ है, जो आने वाली अनेक पीढ़ियों का पथप्रदर्शन करता रहेगा। उन्होंने व्याधियों के वर्गीकरण सम्बन्धी परामर्श देते हुए हेतु और लक्षण के मध्य सेतुस्वरूप सम्प्राप्ति की संयोजना का भी परामर्श दिया।

7. देशभगत विश्वविद्यालय पंजाब के कुलपति **डॉ० अभिजित् एच० जोशी** ने ग्रन्थ की समीक्षा करते हुए कहा मैं इसे आयुर्वेदीय निदान ग्रन्थ की अपेक्षा अथर्ववेद आधारित व्याधिनिदान मानता हूँ। परामर्श देते हुए उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के विषय में अथर्ववेद पर भी अनुसंधानात्मक कार्य करवाया जाना चाहिए।

8. केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री सदाशिव परिसर, पुरी ओडीशा के निदेशक **डॉ० बनमाली बिस्वाल** ने कहा कि ग्रन्थ की भाषा और उसमें शार्दूलविक्रीडित जैसे विभिन्न छंदों का प्रयोग करके एक श्रेष्ठ कार्य को प्रस्तुत किया गया है। नवीन संस्कृत पदावली का प्रयोग और परिशिष्ट भाग में उसको दर्शाकर शास्त्रगत काठिन्य का स्वयं परिहार प्रस्तुत करके श्रेयस्कर कार्य किया गया है।

9. अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान नई दिल्ली के रोगनिदान विभाग के सह-प्राध्यापक **डॉ० सन्दीप सिंह तिवारी** ने कहा कि सौमित्रेयनिदानम् को मैंने जितना देखा है, इसमें ग्रन्थ के श्लोकों का गायन करके QR CODE के रूप में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का प्रशंसनीय प्रयोग किया गया है, जो आयुर्वेद के क्षेत्र में अपूर्व प्रयास है। आयुर्वेद की साधना में लगे हुए जनों के लिए यह विधा अतीव उपयोगी सिद्ध होगी।

इसके अतिरिक्त सम्पूर्ण भारतवर्ष से पतञ्जलि विश्वविद्यालय के सभागार में उपस्थित होकर आयुर्वेद और संस्कृत भाषा के मर्मज्ञ 35 अन्य विद्वानों ने भी सौमित्रेयनिदानम् ग्रन्थ के विषय में अपनी-अपनी समीक्षापरक प्रस्तुति दी, जिसमें एक बात सामान्य रही कि अर्वाचीन में इस बृहद्ग्रन्थ की सर्जना करके आयुर्वेद जगत् के साथ-साथ समग्र विश्व का उपकार किया है। सहस्त्रों वर्षों तक यह आयुर्वेद

के पाठकों और जिज्ञासुओं को अपने प्रकाश से लाभान्वित करता रहेगा। ग्रन्थकार का यह कथन-

आयुष्यवेदस्य कृतेश्च तस्याः सद्वर्तमाने च भविष्यकाले।
अध्यापनं चाध्ययनं चिकित्साक्रान्तिं प्रकुर्युर्जगतीह नूनम्।। (इन्द्र)

"सौमित्रेयनिदानम् आयुर्वेद के क्षेत्र में वर्तमान में तथा आने वाले अनेक वर्षों तक पठन-पाठन तथा इससे चिकित्सा हेतु आयुर्वेद के जगत् में एक नई क्रान्ति को लाने वाला रहेगा"।

वस्तुतः ग्रन्थकार का यह कथन सटीक एवं यथार्थता से परिपूर्ण एवं नितान्त चरितार्थ है। निःसन्देह यह एक परिपूर्ण और अनुपम आयुर्वेदीय निदान शास्त्र है। 'वैदिक वाग् ज्योति' की ओर से आचार्य बालकृष्ण जी को इस महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ की रचना करने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाऐं। आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि यह कृति लोक हित में अपना महत्त्वपूर्ण स्थान बनायेगी और भारतीय ज्ञान परम्परा को आगे बढ़ाने में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देगी।

-सम्पादक

✦✦✦

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 12, No. 23 (1-8) July-December 2024 ISSN 2277-4351
UGC CARE listed (Arts & Humanities) RNI : UTTMUL 2012/53882

सांख्य के प्रकृतिस्वातन्त्र्यवाद की समीक्षा

-डॉ. स्वामी प्रज्ञानदेव (प्रीतम)*

सारांश- परम कारुणिक आदि विद्वान् महर्षि कपिल प्रणीत सांख्यदर्शन जिसका तत्त्व निर्धारण में कोई सानी नहीं है, जिसके अनुसार इस जगत् के मूल में दो तत्त्व हैं (1) जड़ एवं (2) चेतन। समस्त जगत् का मूल उपादानकारण त्रिगुणात्मिका प्रकृति है जो अचेतन एवं परिणामिनी है। चेतन (जीव) ज्ञानस्वरूप है, समस्त कर्मों का साक्षी होता हुआ अपरिणामी है। जगत् निर्माण में चेतन उपादान कारण के रूप में अस्वीकृत है, कारण यह है कि परिणामी व त्रिगुणात्मक जगत् का कारण अपरिणामी निर्गुण पुरुष नहीं हो सकता। इसलिए प्रकृति को ही उपादान कारण के रूप में सांख्य की स्वीकृति है। स्वार्थ से रहित प्रकृति जीवों के भोगापवर्ग के लिए जगत् के निर्माण में प्रवृत्त होती है।

अब यहां पर प्रश्न यह उठता है कि अचेतन प्रकृति जीवों के लिए जगद्रूप में परिणित कैसे हो सकती है? उसमें न ही ज्ञानशक्ति है और न ही क्रिया-शक्ति। फिर अचेतन प्रकृति जगद्रूप में प्रवृत्त (क्रियाशील) कैसे हो सकती है?

इस संदर्भ में अधिकांश विद्वानों का कहना है कि सांख्य के अनुसार प्रकृति स्वतः ही होती है, चेतन (जीवों) के निमित्त ही होती है परन्तु चेतन प्रेरक नहीं होता है। ईश्वर रूपी चेतन के अधिष्ठातृत्व को भी सांख्यकार ने सीधे तौर पर निषेध कर दिया है। अतएव सांख्य के अनुसार चेतननिरपेक्ष प्रकृति की स्वतः प्रवृत्ति होती है। जगत् के प्रति प्रकृति का ही अधिष्ठातृत्व है।

प्रस्तुत शोध-पत्र में उपरोक्त मत का निराकरण करके इस तथ्य की पुष्टि की गई है कि सांख्यकार ईश्वर रूपी परमचेतन के सहयोग से ही प्रकृति की प्रवृत्ति को स्वीकार करते हैं न कि स्वतः। और साथ ही प्रकृति की स्वतः प्रवृत्ति एवं ईश्वर के अधिष्ठातृत्व के निषेध का भी प्रमाणपूर्वक सामञ्जस्य स्थापित किया गया है।

विषय प्रवेश- सांख्य सृष्टि-रचना विषयक वर्णन में प्रकृतिस्वातंत्र्य का प्रतिपादन किया है। तात्पर्य यह है कि अचेतन प्रकृति स्वतन्त्र रूप से पुरुष (जीवों)

---

* सहायक-प्राध्यापक (दर्शन विभाग), पतञ्जलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार।

के भोगापवर्ग के लिए जगत् रूप में परिणित होती है, उसे जगद् निर्माण में किसी अन्य के सहयोग की अपेक्षा नहीं होती है। प्रस्तुत तथ्य की पुष्टि में सांख्यकारिका का वचन प्रमाण है–

वत्सविवृद्धिनिमित्तं क्षीरस्य यथा प्रवृत्तिरज्ञस्य।
पुरुषविमोक्षनिमित्तं तथा प्रवृत्तिः प्रधानस्य॥[1]

अर्थात् जैसे जड़ होने पर भी दूध की प्रवृत्ति बछड़े के शरीर को पुष्ट करने के निमित्त होती है। ऐसे ही यद्यपि प्रधान (प्रकृति) भी जड़ है किन्तु उसकी प्रवृत्ति भी पुरुष के मोक्ष के निमित्त से होती है।

प्रस्तुत कारिका में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जड़ प्रकृति की जगत् रूप में प्रवृत्ति सम्भव है। उपरोक्त कारिकाकार के वचन का मूल स्वयं महर्षि कपिल का वचन ही है यथा–

अचेतनत्वेपि क्षीरवच्चेष्टितं प्रधानस्य।[2]

अर्थात् अचेतन होते हुए भी प्रधान की जगत् के रूप में प्रवृति हो जाती है जैसे दूध की दधि के रूप में प्रवृत्ति स्वतः हो जाता है। ऐसे ही प्रकृति (प्रधान) की प्रवृत्ति भी स्वतः जगत् के रूप में सम्भव है। इस तथ्य को पुष्ट करते हुए महर्षि आगे कहते हैं –

कर्मवद् दृष्टेर्वा कालादेः।[3]

अर्थात् काल आदि के अनुसार जिस प्रकार ऋतु परिवर्तन रूप कर्म स्वतः होता रहता है, ठीक प्रकार की प्रकृति की प्रवृत्ति भी स्वतः होती है आगे एक और दृष्टान्त के द्वारा महर्षि कपिल सिद्ध करते हैं–

स्वभावाच्चेष्टितमनभिसन्धानाद् भृत्यवत्।[4]

अर्थात् जैसे बुद्धिमान उत्तम सेवक स्वभाव से ही अपने स्वामी की सेवा में सदा तत्पर रहता है, उसे किसी की प्रेरणा की आवश्यकता नही होती है। ठीक इसी प्रकार अपने स्वार्थ से रहित प्रधान की प्रवृत्ति भी जीवों के लिए स्वाभाविक रूप से बिना किसी के प्रेरणा के होती है।

अब यहां प्रश्न उठता है कि यदि प्रकृति की प्रवृत्ति जीवों के भोगापर्वग के लिए ही होती है तो सभी जीवों को समान रूप से भोग व अपवर्ग की सिद्धि होनी

1. सां. का. 57
2. सां.द. 3.59
3. सां.द. 3.60
4. सां.द. 3.61

चाहिए परन्तु ऐसा तो नहीं होता है। तब महर्षि कहते हैं-

कर्माकृष्टेर्वानादितः।[5]

अर्थात् अनादिकाल से जीवों के विचित्र कर्मों के प्रभाव से प्रकृति जगद् रूप में प्रवृत्त होती है। इस कारण से एक ही प्रकृति से उत्पन्न जगत् में सबके सुख-दुःख रूप भोग एक समान नहीं होता है। तथा सारे जीव एक साथ मुक्त भी नहीं हो पाते हैं। इसी को महर्षि ने -**कर्मवैचित्र्यात् प्रधानचेष्टा गर्भदासवत्।**[6] इस सूत्र में भी स्पष्ट किया है। तथा **कर्मवैचित्र्यात् सृष्टिवैचित्र्यम्।**[7] इस सूत्र में भी वही भाव प्रकट किया है।

कहने का तात्पर्य है कि प्रकृति की प्रवृत्ति में 'कर्म' को भले ही निमित्त कारण के रूप में स्वीकार किया गया हो परन्तु किसी भिन्न ईश्वररूपी चेतन को प्रेरक या अधिष्ठाता के रूप में स्वीकर नहीं किया है-ऐसा प्रतीत होता है।

करणों (इन्द्रियों) के प्रवृत्ति के प्रसंग में भी ऐसा प्रतीत होता है कि सांख्यकार स्वतन्त्र रूप से बिना किसी अन्य प्रेरक के स्वतः प्रवृत्ति मानते हैं। जैसा कि महर्षि ने कहा है-

पुरुषार्थं करणोद्भवोऽप्यदृष्टोल्लासात्।[8]

अर्थात् अदृष्ट-कर्माशय के प्रभाव से करणों की प्रवृत्ति पुरुष के भोगापवर्ग रूप पुरुषार्थ के लिए होती है। इस सूत्र के भाष्य में भाष्यकार विज्ञानाभिक्षु लिखते हैं-

प्रधानप्रवृत्तिवत् पुरुषार्थं करणोद्भवः, करणानां प्रवृत्तिरपि पुरुषस्यादृष्टाभिव्यक्तेरेव भवतीत्यर्थः।[9]

आगे प्रधान या करणों की स्वतः प्रवृत्ति में दृष्टान्त देते हुए सांख्यकार कहते हैं -

धेनुवद्वत्साय (2.37)।[10]

अर्थात् जैसे बछड़े के लिए धेनु बिना किसी दूसरे की अपेक्षा से स्वतन्त्र रूप से दूध को स्रावित करती है, इसी प्रकार पुरुष के लिए करणों की प्रवृत्ति भी स्वतः

---

5. सां.द. 3.62
6. सां.द. 3.51
7. सां.द. 6.41
8. सां.द. 2.36
9. सां.द. विज्ञानभिक्षुभाष्य 2.36
10. सां.द. 2.37

हुआ करती है। सांख्यकारिका में भी इसी भाव को प्रकट किया है-

स्वां स्वां प्रतिपद्यन्ते परस्पराकूत हेतुकां वृत्तिम्।
पुरुषार्थ एव हेतुर्न केनचित् कार्यते करणम्॥[11]

उपरोक्त प्रसंगों से भी प्रकृति की स्वतः प्रवृत्ति होती है ऐसा स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है। केवल सांख्य की बात नहीं है अपितु सांख्य के समानतन्त्र योग से भी यही प्रतीत होता है। यथा-

निमित्तमप्रयोजकं प्रकृतीनां वरणभेदस्तु ततः क्षेत्रिकवद्।[12]

अर्थात् जीवों के अपने धर्मादि रूपी निमित्त प्रकृतियों (देहेन्द्रियों के उपादान कारणों) के प्रेरक नहीं होते हैं अपितु केवल निमित्तमात्र होते हैं। जैसे किसान खेत की सिंचाई के लिए जल को धक्का मार-मारकर पौधों के जड़ों में नहीं ले जाता बल्कि वह आवरण स्वरूप मेंढ़ को तोड़ देता है। उस मेंढ़ के टूटने पर जल अपने आप स्वतः ही क्यारियों में फैल जाता है। इसी प्रकार धर्मरूपी निमित्त से प्रकृति स्वतः ही महदादि के रूप में परिणत हो जाती है; अन्य ईश्वर इसके प्रेरक या अधिष्ठाता नहीं है। जैसा कि पांचवे अध्याय के प्रारम्भ में सांख्यकार ने स्पष्टरूप से निषेध किया है-

नेश्वराधिष्ठिते फलनिष्पत्तिः कर्मणा तत्सिद्धेः।[13]

अर्थात् जीवों के सुख-दुःखादि की उत्पत्ति ईश्वराधीन न होकर उनके कर्मों से फल की सिद्धि होती है। यहां पर भी ईश्वर से प्रेरित (नियंत्रित) न होना प्रतीत होता है।

समीक्षा- उपरोक्त प्रकृतिस्वातंत्र्यवाद का यह बिल्कुल तात्पर्य नहीं लेना चाहिए कि ब्रह्म या ईश्वर रूपी किसी चेतननिरपेक्ष प्रकृति जगद्रूप में परिणत होती है। अन्यथा सांख्य वेदविरुद्ध नास्तिक सिद्ध हो जायेगा। परन्तु ऐसा नहीं है सांख्य एक वैदिक आस्तिकदर्शन है। ऐसे में हमें सांख्य द्वारा दिये गए दृष्टांतों पर विचार करना पड़ेगा। सांख्योक्त दृष्टांत को परिभाषित करना अत्यावश्यक हैं। दृष्टांत के विषय में न्यायकार लिखते हैं -

लौकिक परीक्षकाणां यस्मिन्नर्थे बुद्धिसाम्यं स दृष्टान्तः।[14]

---

11. सां. का. 31
12. यो.द. 4.3
13. सां.द.-5.2
14. न्याय.द. 1.1.25

अर्थात् सामान्य लौकिक व्यक्ति एवं परीक्षक विद्वान् जिस वस्तु को एक ही रूप में देखते एवं जानते हो एक वस्तु का दृष्टान्त के रूप में स्वीकार किया जाता है। न्यायकार के इस लक्षण को दृष्टिगत रखते हुए सांख्योक्त 'धेनु' रूपी दृष्टांत पर दृष्टि डालते हैं तो हम देखते हैं कि आखिरकार 'धेनु' रूपी दृष्टान्त का वास्तविक अर्थ चेतनाधिष्ट (जीवित) पिण्ड विशेष ही है न कि मरी हुई गाय। चेतन से अनधिष्ठित मरी हुई गाय से कभी भी बछड़े के लिए दुग्ध का स्राव सम्भव नहीं है। अतएव जिस प्रकार से चेतन से युक्त गोपिण्ड स्वतन्त्र रूप से दुग्ध का स्राव करती है ऐसे ही चेतन से युक्त प्रकृति ही स्वतन्त्र रूप से जगत् का निर्माण करती है ऐसा आशय है।

अब यहां प्रश्न यह उठ सकता है कि जब चेतन से युक्त ही है यानि चेतन सापेक्ष ही प्रकृति की प्रवृत्ति है तब स्वतंत्र या स्वत: कहना सूत्रकार का व्यर्थ हो जाएगा।

इस पर हमारा यह कहना है कि ब्रह्म या ईश्वर रूपी परमचेतन के अतिरिक्त अन्य किसी अपेक्षा किए ही प्रकृति की प्रवृत्ति होती है ऐसा भाव है यदि ऐसा नहीं कहेंगे तो सांख्य के ही प्रकृति को परतंत्र कहने वाले अनेक वचनों से विरोध होगा। यथा- **प्रकृतिनिबन्धनाच्चेन्न तस्या अपि पारतन्त्र्यम्।**[15]

बन्धन के कारणों के विचार के प्रसंग में इस सूत्र के माध्यम से महर्षि कपिल ने प्रकृति को परतन्त्र कहा है न कि स्वतन्त्र।

उपरोक्त सूत्रार्थ पर कोई यह कहें कि प्रस्तुत सूत्र में प्रकृति को संयोगपारतन्त्र्य कहा है न कि चेतनपारतन्त्र्य[16]।

तब हमारा यह कहना है कि संयोग बिना किसी चेतन के प्रेरणा से सम्भव नहीं हो सकता। प्रकृति अचेतन होने से चेतनरिपेक्ष स्वत: पुरुष के साथ संयुक्त नहीं हो सकती है। चेतन के सहयोग से ही अचेतन प्रकृति में प्रवृत्ति होती है यह तथ्य हमने पूर्व में सांख्यकार के 'धेनुवद्वत्साय' सूत्र के दृष्टान्त में स्पष्ट कर दिया है।

इसके अतिरिक्त **अकार्यत्वेऽपि तद्योग: पारवश्यात्।**[17] (3.55) सूत्र में भी सांख्यकार ने प्रकृति को परवशा कहा है। इसके आगे तो महर्षि ने स्पष्ट रूप से चेतन ईश्वर को समस्त जगत् का कर्त्ता स्वीकार किया है। **स हि सर्ववित्**

---

15. सां.द. 1.18
16. यतस्तस्या अपि बन्धकत्वे 'संयोगपारतन्त्रयमुत्तरत्र' वक्ष्यमाणमस्ति। (विज्ञानभिक्षुभाष्य 1. 18)
17. सां.द. 2.55

सर्वकर्त्ता।[18] (3.56), **ईदृशेश्वर सिद्धिः सिद्धा।**[19] (3.57) इन दो सूत्रों में सांख्यकार ने स्पष्ट रूप से ईश्वर को जगत् का कर्त्ता स्वीकार किया है। इसका तात्पर्य है कि चेतन ईश्वर के सहयोग से प्रकृति जगद्रूप में परिणत होती है।

शंका-उपरोक्त दो सूत्रों में प्रकृतिलीनों को ईश्वर कहा गया है-ऐसा भाष्यकार विज्ञानभिक्षु ने भी कहा है। अतएव परमचेतन ब्रह्म सदृश ईश्वर की स्वीकार्यता यहां पर नहीं है। इसलिए ईश्वर सापेक्ष प्रकृति की प्रवृत्ति होती है- यह तथ्य सिद्ध नहीं होता है।

समाधान-यही बात नहीं है, भाष्यकार ने उपरोक्त दो सूत्रों की दूसरी प्रकार की भी व्याख्या की अनुमति स्वयं दी है। यथा- **सूत्रद्वयमिदं व्याख्याय पारवश्यमपि प्रतिपादयति 'स हीति' सूत्रेण। स हि परः पुरुषसामान्यं सर्वज्ञानशक्तिमत् सर्वकर्तृताशक्तिमच्च।**[20] (भा.3.57) इस प्रकार से सूत्रकार एवं भाष्यकार दोनों के कथनों से प्रकृति का पारतन्त्र्य सिद्ध होता, अर्थात् सर्वज्ञानशक्ति एवं सर्वक्रियाशक्ति से युक्त परमचेतन ईश्वर के ही प्रेरणा से प्रकृति जगद्रूप में प्रवृत्त होती है। यह तथ्य प्रमाणित होता है।

निष्कर्ष- सांख्यकार के अनुसार ईश्वर प्रकृति का प्रेरक सन्निधिमात्र से होता है। न कि सदैव प्रकृति को धक्का मार-मारकर प्रेरित करता है। कहने का तात्पर्य यह कि ईश्वर की सन्निधि (जगदुत्पत्ति विषयक संकल्प) मात्र से प्रकृति अपने आप महदादि रूप में परिणत होती है। ईश्वर को बार-बार उसे प्रेरणा-धक्का नहीं देना पड़ता है। जैसा कि सांख्यकार ने कहा है -

स्वाभावाच्चेष्टितमनभिसन्धानाद् भृत्यवत्।[21]

जैसे एक उत्तम सेवक स्वभाव से ही अपने स्वामी की सेवा में तत्पर रहता है। स्वामी को बार-बार कहना नहीं पड़ता है वह उसके भावों को बिना कहे ही जानकर सारे कार्यों को सम्पादित करता है ऐसे ही प्रकृति भी करती है। अन्यत्र भी कहा है-

तत्सन्निधानादधिष्ठातृत्वं मणिवत्।[22]

जैसे अयस्कांतमणि (चुंबक) के उपस्थितमात्र से लोहा प्रवृत्त होता है वैसे ही चेतन के सन्निधिमात्र से प्रकृति स्वतः ही प्रवृत्त होती है। चेतन जो निष्क्रिय एवं

---

18. सां.द. 2.56
19. सां.द. 2.57
20. सां.द. विज्ञानभिक्षुभाष्य 3.57
21. सां.द. 3.61
22. सां.द. 1.96

अकर्त्ता होता है। उसका तो उपस्थितिमात्र ही प्रकृति की प्रवृत्ति में पर्याप्त कारण है। जैसे राजा के अपने राज्य में भ्रमण के संकल्पमात्र से सारे कार्य उसके बिना कहे ही स्वत: होने लगते हैं। इसी प्रकार ईश्वर के सन्निधिमात्र से प्रकृति के विषय में भी समझना चाहिए।

शंका-यदि ऐसा है तो यहां पर प्रश्न यह उठ सकता है कि सांख्यकार ने स्पष्टरूप से ईश्वर के अधिष्ठातृत्व का निषेध क्यों किया है?

समाधान-इसका समाधान यह है कि सांख्यकार को जगत् के निर्माण में ईश्वर का सीधा (साक्षात्) कारणत्व स्वीकार्य नहीं है अपितु जीवों के अपने कर्मों के निमित्त से प्रकृति का ही साक्षात् अधिष्ठातृत्व स्वीकार्य है। उनके ऐसा कहने के पीछे एक गहरा रहस्य है जिसको ब्रह्मसूत्रकार ने प्रकट किया है।[23]

यदि ईश्वर का सीधा-सीधा जगत् के निर्माण में अधिष्ठातृत्व स्वीकार करेंगे तो जगत् में दिखाई देने वाले दु:खी प्राणियों के दु:खों का उत्तरदायी भी उन्हीं को मानना पड़ेगा। जिसके कारण ईश्वर में दो दोष उपस्थित होंगे। (1) ईश्वर विषम दृष्टि वाला है तथा (2) ईश्वर निर्दयी है। इसलिए महर्षि सांख्यकार ने साक्षात् ईश्वर को अधिष्ठातृत्व न मानकर प्रकृति का ही अधिष्ठातृत्व स्वीकार किया है।

ऐसा भी प्रश्न उठाया जा सकता है कि जीवों के कर्मों को निमित्त बनाकर प्रकृति एवं परमेश्वर दोनों का अधिष्ठातृत्व मानना चाहिए। तब महर्षि ने केवल प्रकृति को ही क्यों स्वीकार किया है?

इसका समाधान यह है कि दर्शन शास्त्रों में गौरव एवं लाघव पर बहुत ध्यान रखा जाता है। दो का अधिष्ठातृत्व स्वीकार करने में गौरव (दोष) होगा जबकि एक को स्वीकार करने में लाघव होगा। तात्पर्य यह है कि जब एक कारण को ही स्वीकार करके काम चलाया जा सकता है तब दो को स्वीकार करके गौरव रूपी दोष क्यों करना और साथ ही साथ ईश्वर में भी दोषारोपण का निमित्त बनने से अच्छा यही है कि केवल प्रकृति को ही स्वीकार किया जाए। सांख्यकार ने इस प्रकार स्वीकार करके जगद् के विचित्रता का समाधान भी कर दिया तथा ईश्वर को भी दोषी होने से बचा लिया। यह उनके व्यापक दृष्टिकोण का ही परिणाम है। उपरोक्त प्रकार के वर्णनों से प्रकृति के स्वातन्त्र्य एवं ईश्वर के प्रेरकत्व दोनों का सामञ्जस्य बन जाता है। इस प्रकार ईश्वर के सन्निधिमात्र-उपस्थितिमात्र से प्रकृति की प्रवृत्ति होती है न की ईश्वरनिरपेक्ष-यह तथ्य सिद्ध होता है।

---

23. वैषम्यनैर्घृण्ये न सापेक्षत्वात्तथा हि दर्शयति। (वे.द.2.1.34)

संदर्भ-ग्रन्थ सूची

1. योगदर्शन, स्वामीसत्यपति परिव्राजक, वानप्रस्थ साधक आश्रम, चतुर्थ संस्करण 2012
2. पातञ्जल योग प्रदीप, स्वामी ओमानन्द तीर्थ, गीता प्रेस गोरखपुर, आठवां संस्करण वि.सं., 2045
3. सांख्य दर्शनम्, विद्योदयभाष्य आचार्य उदयवीर शास्त्री, विजय कुमार गोविन्दराम हासानन्द, 2014
4. सांख्यकारिका, ईश्वरकृष्ण-संपादक आचार्य जगन्नाथ शास्त्री, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली-110007
5. सांख्यतत्त्वकौमुदी, वाचस्पति मिश्र, चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन।
6. सांख्यदर्शनम्-सांख्यप्रवचनभाष्य, विज्ञानभिक्षु, चौखम्भा संस्कृत संस्थान।
7. न्यायदर्शन वात्स्यायन भाष्य, महर्षि गौतम, आचार्य वात्स्यायन, चौखम्भा संस्कृत भवन, वाराणसी, वि.सं.-2071
8. वेदान्तदर्शनम् स्वामी ब्रह्ममुनि परिव्राजक, माता तुलसादेवी हुकुमचन्द्र धर्मार्थ आर्ष साहित्य प्रकाशन, हिसार (हरियाणा)।
9. वेदान्तदर्शन, सं.पं. केदार नाथ त्रिपाठी, चौखम्भा संस्कृत संस्थान ऑफिस, वाराणसी, 2017
10. पातंजल योग प्रदीप श्रीस्वामी ओमानन्द तीर्थ गीताप्रेस, गोरखपुर, संवत् 2045 आठवाँ संस्करण।
11. पतंजलि योगदर्शन उदयवीर शास्त्री, विजयकुमार गोविन्दराम हासानन्द प्रकाशन, संस्करण- 2015

✦✦✦

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 12, No. 23 (9-14) July-December 2024 ISSN 2277-4351
UGC CARE listed (Arts & Humanities) RNI : UTTMUL 2012/53882

मानवीय मूल्यों के परिप्रेक्ष्य में वैदिक दृष्टिकोण

-डॉ. प्रशान्त सरकार*

'मूल्य' शब्द वस्तुतः नीति शास्त्र के 'वैल्यू' का पर्यायवाची शब्द माना जाता है। अंग्रेजी में इसे value कहा गया है, जो लैटिन के 'वलेरी' (Valarie) शब्द से बना है और जिसका अर्थ है अच्छा। यहाँ पर 'मूल्य' शब्द संस्कृत के मूल धातु में 'यत्' प्रत्यय जोड़ने से बनता है, जिसका साधारण अर्थ है कीमत। मूल्य का निर्धारण विषय के अनुरूप निश्चित होता है, चाहे वह अर्थशास्त्र का हो, मानवीय का हो या फिर साहित्य का हो। अर्थशास्त्र के आधार पर मूल्य का निर्धारण price से किया जाता है, जबकि साहित्य-मूल्य मानवीय-मूल्यों के अर्थ में प्रयोग होता है। सार्वभौम मानवीय मूल्यों से तात्पर्य उन विशिष्ट मानवीय नैतिक कर्तव्यों व दायित्व से हैं जिनका महत्व प्रायः सभी देशों, संस्कृतियों एवं कालों में होता हैं। वेद का ज्ञान ईश्वरीय कृत ज्ञान होने के कारण सब सत्य विद्याओं का ज्ञान है। महर्षि दयानन्द सरस्वती ने वेद को सब सत्य विद्याओं का पुस्तक स्वीकार करते हुए आर्य समाज के तीसरे नियम में लिखा है **"वेद सब सत्य विद्याओं का पुस्तक है, वेद का पढ़ना-पढ़ाना और सुनना-सुनाना सब आर्यों का परम धर्म है।"**[1] यह आवश्यक भी है कि आज संसार को सदा जिसकी आवश्यकता है, आवश्यकता थी और आवश्यकता होगी वह वेद विद्या (ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद) मानव मात्र के लिए कल्याणकारी हैं। परम पिता परमात्मा का वेद में यह उपदेश हैं-

यथेमांवाचं॑ कल्या॒णीमा॒वदा॑नि॒ जने॑भ्यः।
ब्रह्म॒राज॒न्या॒भ्यां शूद्रा॑य॒ चार्य्या॑य च॒ स्वाय॒ चार॑णाय च।
प्रि॒योदे॒वाना॑ं दक्षिणायै॒दा॒तु॒रि॒हभू॑यासम॒यं॑
मे॒ काम॒ः समृ॑ध्यता॒मुप॑ मा॒दो न॑मतु।।[2]

अर्थात् ईश्वर का उपदेश हैं कि हे मनुष्य! जैसे मैं इस कल्याणकारी वेद ज्ञान का समस्त मनुष्यमात्र के लिए, ब्राह्मण और क्षत्रिय के लिए, वैश्य के लिए, शूद्र के

---

* सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग, कॉर्सियांग महाविद्यालय, दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल।

1. आर्य समाज के दस नियमों में तीसरा नियम
2. यजुर्वेद- 26/ 2

लिए, स्वजन के लिए और परजन के लिए, प्रियजनों के लिए और अप्रियजनों के लिए एवं सब लोगों के कल्याण के लिए सब प्रकार से उपदेश करता हूँ, वैसे आप लोग भी सबके कल्याण के लिए अच्छी प्रकार से उपदेश किया करो। ऐसे न जाने कितने ही मानवीय मूल्यों पर आधारित उपदेश परमपिता परमात्मा ने मनुष्य को मनुष्य बनने का उपदेश दिया है। परमात्मा का यह भी उपदेश हैं

इन्द्रं॑ वर्धन्तोअ॒प्तुरः॑ कृ॒ण्वन्तो॒ विश्व॒मार्य॑म॒पघ्न॑न्तो॒ अरा॑व्णः।[3]

अर्थात् ज्ञानी, तपस्वी महापुरुष सदा सर्वदा इन्द्र-परमेश्वर की आज्ञा पालन करते हुए स्वयं तो श्रेष्ठ बने साथ-साथ संसार के लोगों को भी श्रेष्ठ बनावें अर्थात् विश्व को आर्य (भद्र) बनाते हुए कृपण, कंजूस को दूर भगाते हुए आगे बढ़ते जाए और सदा ही उन्नति की ओर अग्रसर होते रहें। इस तरह 'मनुर्भव' अर्थात् मनुष्य बनने का उपदेश परम पिता परमात्मा ने मनुष्य मात्र के लिए मनुष्य बनने के लिए दिया है और यह परंपरा सत्य सनातन संस्कृति की कल्याणकारी भावना है। इससे आगे परमात्मा का उपदेश है-

अयं निजः परोवेति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरितानान्तु वसुधैवकुटुम्बकम्॥[4]

अर्थात वसुधा को कुटुम्ब मानो, समस्त संसार को कुटुम्ब की नजर से देखो। वसुधा में कुटुम्ब का भाव होने पर, सारे कुटुम्ब पर प्यार का भाव होगा। कुटुम्ब में समता का साम्राज्य स्थापित होता है, विषमता का नहीं। समता स्थिर रखने के लिए स्नेही का व्यवहार होना अति आवश्यक है, तभी तो वेद में यह भी उपदेश मिलता है-

दृ॒ते दृ॒ꣳह मा मित्रस्य॒ मा॒ चक्षु॑षा॒ सर्वा॑णिभू॒तानि॒ समीक्षन्ताम्।
मि॒त्रस्याहंचक्षु॑षा॒ सर्वा॑णिभू॒तानि॒ समीक्षे। मित्रस्य॒ चक्षु॑षा॒ समीक्षामहे॥[5]

अर्थात् परमात्मा जिस प्रकार समस्त प्राणियों के प्रति यथोचित स्नेह और मित्र की दृष्टि से निहारते हैं वैसे ही हम सभी मानव उसी भाव का व्यवहार करें, सब प्राणियों को मित्र की, स्नेह और विश्वास की आँख से, सहृदय दृष्टि से देखें। यहाँ पर वेद का उपदेश सिर्फ मनुष्य सीमा तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि उससे भी आगे निकलकर यह उपदेश देता है कि प्यार का अधिकारी सिर्फ मनुष्य मात्र ही नहीं है, परन्तु सब प्राणी इसके समान अधिकारी है। यह उचित भी है, क्योंकि

---

3. ऋग्वेद- 9/63/5
4. हितोपदेश- 1/69
5. यजुर्वेद- 36/ 18

'मनुष्य' शब्द का अर्थ है-**"मत्वाकर्माणि सीव्यति"**[6] अर्थात् जो विचार कर कर्म करे, अंधाधुंध कर्म न करे। कर्म करने से पूर्व जो भली प्रकार विचार करे, कि मेरे इस कर्म का क्या फल होगा? किस-किस पर इसका क्या-क्या प्रभाव होगा? यह कर्म भूतों के दु:ख या प्राणियों की पीड़ा का कारण तो नहीं बनेगा? इसीलिए मनुष्य में मानवता की गुणों का विकास होना आवश्यक है और मानव में इन गुणों की वृद्धि सिर्फ संस्कार से ही सम्भव हो सकता है। इसीलिए कहा भी जाता है कि- **"जन्मना जायतेशूद्रः संस्कारात् द्विज उच्यते।"**[7] अर्थात् जन्म से सब शूद्र होते हैं और संस्कार द्वारा द्विज बनते हैं। यह सही भी है कि जो जैसा कर्म करेगा उसका वैसा ही परिचय अर्थात् वर्ण होगा और सनातन संस्कृति का वर्ण विषय का नियम भी यह कि जो जैसा कर्म करेगा वैसा ही उसका वर्ण अर्थात् परिचय होगा। जन्म से सब समान हैं। इसीलिए सनातन संस्कृति में सोलह संस्कार की बातें मानव जीवन में आवश्यक स्वीकार की गयी है। हमें संस्कारित कराते हुए यज्ञ आदि प्रार्थना में सिखाया जाता हैं कि-

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परा सुव। यद्भद्रं तन्न आ सुव।।[8]

हे देव! आप हमारे सब प्रकार के दुर्गुण, दुर्व्यसन दुराचार, दुष्कर्म, अपकर्म और उनके आधार पर होनेवाले कष्ट-क्लेशों को दूर कर दीजिए और जो कल्याणकारी भद्र भाव हैं, जो सुखकारी और कल्याणकारी गुण-कर्म-स्वभाव हैं वह सब हमें प्राप्त होवें। इस प्रकार वेद में मनुष्य के अंदर किस प्रकार दिव्य भव्य गुणों से भरने की भावना मिलती हैं, जो मानवता की, उसकी मूल्यों की रक्षा करने में सहायक सिद्ध होगी। वेद में यह भी कहा गया हैं कि सूर्य और चंद्रमा जैसे कल्याणकारी उत्तम मार्ग पर चलते हुए, अपने गति पथ पर चलते रहते हैं और सब को समान रूप से, बिना भेद भाव के प्रकाश प्रदान करते है। परम पिता परमात्मा का यह उपदेश है कि हम भी सूर्य और चन्द्रमा की तरह निरंतर कर्म करते हुए कल्याणकारी मार्ग पर चले। इसके लिए पुनः पुनः दानी, अहिंसक और ज्ञानी पुरुषों की सदा संगति किया करें-

स्वस्तिपन्थामनु चरेमसूर्याचन्द्रमसाविव।
पुनर्ददताघ्नताजानतासंगमेमहि।।[9]

---

6. निरुक्त- 3/7
7. स्कंद पुराण, नगर कांड, अध्याय-239/31
8. ऋग्वेद- 5/82/5
9. ऋग्वेद- 5/51/15

वेद भारतीय संस्कृति के आधार ग्रंथ हैं। इसके साथ स्मृतियाँ भी भारतीय संस्कृति के आधार व प्रामाणिक ग्रंथ हैं महर्षि मनु के अनुसार श्रुति वेद हैं और स्मृतियाँ धर्मशास्त्र हैं। दोनों से ही धर्म का संदेश मिलता है- **"श्रुतिस्तुवेदोविज्ञेयोधर्मशास्त्रंतु वै स्मृतिः।"**[10] इसके साथ **"वेदोऽखिलोधर्ममूलम्"**[11] अर्थात् वेद ही धर्म का मूल है। और धर्म के प्रति जिज्ञासा रखने वाले लोगों के लिए वेद अर्थात् श्रुति ही सर्वोत्तम एवं सर्वोत्कृष्ट प्रमाण है अर्थात् **"प्रमाणं परमं श्रुतिः।"**[12] कहने का तात्पर्य यह है कि जो मनुष्य धर्म का पालन करता है, उसे इस संसार में शांति, यश, उन्नति और परलोक में अनुपम सुख मिलता है। महाकवि तुलसीदास ने 'श्रीरामचरितमानस' में इस संदर्भ में स्पष्ट रूप से कहा हैं-**"सत्य मूल सब सुकृत सुहाए"**[13] अर्थात् सभी प्रकार के सुंदर कृत्यों का मूलाधार सत्य ही है।

वेद में जिन तत्त्वों का संक्षेप में वर्णन है, उनका ही स्मृतियों में विस्तृत वर्णन हैं। स्मृति-ग्रंथ मूलतः भारतीय संस्कृति की आचार-संहिताएं हैं। ये हमें अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञानता से ज्ञान की ओर, अवनति से उन्नति की ओर, पतन से उत्थान की ओर, संकोच से विकास की ओर ले जाती हैं। इनमें मनुष्यों के कर्तव्य-अकर्तव्य, आचार-अनाचार, शिक्षा-अशिक्षा, व्यवहार-नीति, कर्म-विज्ञान, सांस्कृतिक जीवन, ग्राह्य-अग्राह्य, धर्म-अधर्म, पाप-पुण्य एवं दण्ड व्यवस्था का विशद् वर्णन मिलता है। इसीलिए महाकवि कालिदास ने कहा है- **"श्रुतेरिवार्थंस्मृतिरन्वगच्छत्।"**[14]

दूसरे प्राणियों के प्रति स्नेह-प्रेम, आत्मीयता एवं समानता का बोध रखना भी एक सार्वभौम मानवीय मूल्य है। प्रेम की महत्ता सभी संस्कृतियों एवं सभ्यताओं में प्रतिष्ठित है। प्रेम के कई रूप हैं- (1) ईश्वर के प्रति प्रेम को भक्ति कहते हैं,(2) श्रेष्ठ व गुरु जनों के प्रति प्रेम को श्रद्धा, (3) समान लोगों के प्रति प्रेम को मैत्री, (4) छोटों के प्रति प्रेम को वात्सल्य कहते हैं एवं (5) प्रकृति के प्रति प्रेम को प्रकृति-प्रेम कहते हैं। प्रेम के इन पांचों रूपों की सम्यक् प्रतिष्ठा एवं संदेश वेद में है और इसके अनेकों उदाहरण हैं।

वेद सत्य (ऋत) की भावना, आशावाद की भावना, स्नेह और सद्भावना, पवित्रता की भावना, सभी के कल्याण की भावना, परस्पर प्रेम और सौहार्द की

---

10. मनु. - 2/10
11. मनु. -2/6
12. मनु. - 2/13
13. श्री रामचरितमानस, गीतप्रेस, गोरखपुर, अयोध्याकाण्ड, चौपाई-3, पृष्ठ-329
14. रघुवंश - 2/2

भावना, सर्व जन हिताय और सर्व जन सुखाय की भावना तथा आत्मविश्वास की भावना से परिपूर्ण प्रेरक तत्त्व तथा सूर्य प्रभा समान प्रेरक एवं जीवनदायी संदेश से ओतप्रोत हैं।

"यत्र विश्वं भवत्येकनीडम्"[15] यह वसुमती एक नीड़ यानी कुटुम्ब, एक परिवार के समान हो जाये अर्थात् यह सम्पूर्ण संसार विश्वबंधुत्व की भावना से परिपूर्ण हो जाये। और हमारा तन-मन तथा संकल्प कल्याणयुक्त शुभ हों **"तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।"**[16] वेद मनुष्य मात्र के लिए,मानव जाति के कल्याण हेतु एवं सार्वभौम मानवीय मूल्यों की रक्षा करते हैं। समस्त संसार चाहे वह पृथ्वी लोक हो, द्युलोक हो, चाहे अंतरिक्ष लोक हो वेद में सभी स्थानों पर शांति का संदेश विद्यमान है।

पृथिवीशान्तिरन्तरिक्षंशान्तिद्यौः शान्तिरापः
शान्तिरोषधयः शान्तिवनस्पतयः
शान्तिर्विश्वेमेदेवाःशान्ति सर्वे मेदेवाः
शान्तिः शान्तिः शान्तिः शान्तिभिः।
ताभिः शान्तिभिः सर्वं शान्तिभिः
शर्मयामोऽहंयदिहघोरंयदिहपापंतच्छांतं
तच्छिदंसर्वमेवशर्मस्तु नः।।[17]

अर्थात् हमारे लिए भूमि शान्तिदायक हों, मध्यलोकशान्तिदायक हों, प्रकाशमान सूर्य शान्तिदायक हों, जल शान्तिदायक हों, अन्न व सोमलता आदि शान्तिदायक हों, वनस्पतियाँ शान्तिदायक हों, सब विद्वान लोग मेरे लिए शान्तिदायक हों, सब उत्तम पदार्थ मेरे लिए शान्तिदायक हों शांतियों के साथ शांति हों, उन शांतियों से सब शांतियों से हम शांति पावें, जो कुछ यहाँ पर घोर हो, जो कुछ यहाँ पर क्रूर हो, जो कुछ यहाँ पर पाप हो, वह शान्ति युक्त, वह कल्याणकारक हों, सब कुछ हमारे लिए शान्तिदायक हों। इस प्रकार वेद का जो संदेश मनुष्य मात्र के लिए हैं। इसका मूल उद्देश्य है मनुष्य को सचमुच मनुष्य बनाना। मनुष्य में मनुष्यत्व या मानवीय मूल्यों की स्थापना करना। जब तक मनुष्य में मानवता तथा विश्व-मानवता की भावना नहीं जागेगी तब तक मनुष्य में हिंसा-द्वेष-कलह लगा ही रहेगा। मनुष्य यदि सचमुच मनुष्य बन जाये, तो संसार से सारा उपद्रव दूर हो जाएगा। वेद के सार्वभौम सत्य

---

15. यजुर्वेद- 32/8
16. यजुर्वेद- 36/ -1-6
17. अथर्ववेद -19/9/14

को यदि हम जानें, उसे जीवन में अपनायें, उन संदेशों पर थोड़ा विचार करें, थोड़ा-सा मनुष्यत्व काम में लाएँ और वेद के उपदेश को हम हृदयङ्गम करें, तो जीवन में सुख और शान्ति मिलेगी, यश मिलेगा। ईश्वर को हम पिता के साथ-साथ माता भी मानते हैं-

त्वं हिनः पिता वसो त्वंमाताशतक्रतोबभूविथ।
अधातेसुम्नमीमहे।।[18]

अर्थात् सबको ठिकाना देनेवाले! सचमुच तू हमारा पिता है। जीवों के उत्पत्ति आदि नानाविध कर्म करने वाले परमात्मा! तू हमारी माता है, अतः हम तुझे उत्तम हृदय से चाहते हैं। ऐसी भव्य-भावना और दिव्य-गुणों से ही समाज का कल्याण होगा और इससे सार्वभौम मानवीय मूल्यों और मानवता की रक्षा करने में सहायता होगी।

उपरोक्त वैदिक मंत्र और अन्य प्रमाणों से यह सिद्ध होता है कि मनुष्य जितनी ज्यादा वैदिक साहित्य के साथ जुड़े रहेंगे, वैदिक साहित्य को जीवन का आधार बनायेंगे उतना ही अधिक समाज एवं संसार का कल्याण होगा। संसार के सभी मानव चैन से, सुख से, शांति से जी सकेंगे और उतना ही मानव जाति का कल्याण होगा एवं विश्व में शांति स्थापित होगी।

✦✦✦

18. ऋग्वेद- 8/98/11

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 12, No. 23 (15-28) July-December 2024 ISSN 2277-4351
UGC CARE listed (Arts & Humanities) RNI : UTTMUL 2012/53882

योग उपनिषदों में वर्णित प्राण एवं प्राणायाम का शास्त्रीय एवं व्यावहारिक स्वरूप

केसर*
चारु मेहता*
प्रो. नीरू नत्थानी*

सारांश

योग उपनिषदों का यौगिक ज्ञान परंपरा में एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। इनमें अष्टांग योग, षडंग योग, हठयोग का समग्रता से वर्णन प्राप्त होता है। योग उपनिषदों में प्राणायाम, योग के प्रमुख अंग के रूप में सारगर्भित रूप से वर्णित है। इनमें प्राणायाम के विभिन्न अभ्यासों की विधि, लाभ एवं सावधानियों का वर्णन किया गया है। शरीर में संचरण करने वाली वायु को प्राणायाम के माध्यम से स्थिर किया जाता है। शरीरस्थ वायुतत्व के कार्य व विषय भिन्न-भिन्न हैं। इस वायुतत्व के असंयमित होने से शरीर के साथ मन भी प्रभावित होता है, जिससे विभिन्न प्रकार के शारीरिक व मानसिक रोगों के साथ-साथ भावनात्मक विकार भी उत्पन्न होते हैं। अतः प्राणायाम का विधिपूर्वक अभ्यास अत्यंत आवश्यक है। प्राणायाम के सम्यक् अभ्यास से प्राण सूक्ष्म होता है, 72000 स्थूल व सूक्ष्म नाड़ियों का परिशोधन होता है, कुंडलिनी जागरण के फलस्वरूप प्राण सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश करता है, तथा प्राण-अपान के संयोग से योग की उच्च अवस्था प्राप्त होती है। प्राणायाम के अभ्यास से, चित्त की चंचलता समाप्त होती है तथा समस्त पापों का नाश होता है। प्राणायाम आत्मशक्ति जागरण की प्रक्रिया के साथ-साथ सर्वांगीण स्वास्थ्य की प्राप्ति का साधन है। वर्तमान समय में प्राणायाम के विभिन्न अभ्यास यौगिक साधना के साथ-साथ चिकित्सकीय रूप में भी अत्यधिक प्रचलित व प्रयुक्त हैं। अतः वर्तमान समय में प्राणायाम की उपयोगिता को दृष्टिगत रखते हुए इसके शास्त्रीय व व्यावहारिक स्वरूप का समेकित

---

* शोधच्छात्रा

** शोधच्छात्रा

*** प्रोफेसर, स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग, आयुर्वेद संकाय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी (उ.प्र.), भारत।

अध्ययन तथा तदनुसार उचित अभ्यास भी अत्यंत आवश्यक है।प्राणायाम के अनुचित अभ्यास के दुष्प्रभाव भी प्रत्यक्षतः दृष्टिगोचर होते हैं। अतः प्रस्तुत शोध में प्राण तथा प्राणायाम के शास्त्रीय एवं व्यावहारिक स्वरूप को भलीभांति समझने हेतु कतिपय योग उपनिषदों-श्वेताश्वतरोपनिषद्, योगकुण्डल्युपनिषद्, योगचूड़ामण्युपनिषद्, त्रिशिखी-ब्राह्मणोपनिषद्, योगतत्वोपनिषद्, ध्यानबिन्दूपनिषद्, नादबिन्दूपनिषद् तथा योगराजोपनिषद् का समेकित अध्ययन किया गया है।

कुंचिका शब्दः अष्टांग योग, कुम्भक, प्राण, प्राणायाम, स्वास्थ्य, षडंग योग, हठयोग

1. प्रस्तावनाः

योग उपनिषदों के अंतर्गत योग से संबन्धित लघु उपनिषद् आते हैं। मुक्तिकोपनिषद् में वर्णित 108 उपनिषदों में से 20 उपनिषदों को विशेषतः योग उपनिषदों की श्रेणी में शामिल किया गया है। इन योग उपनिषदों में विभिन्न यौगिक अभ्यासों व तकनीकों के सैद्धांतिक व प्रायोगिक पक्षों का वर्णन प्राप्त होता है। विभिन्न योगाभ्यासों का सम्पूर्ण उपक्रम मानवीय जीवन के विविध आयामों- शरीर, मन, आत्मा तथा चेतना की सर्वोत्कृष्ट अवस्था को प्राप्त करने का सुलभ व सशक्तसाधन है। इन यौगिक उपक्रमों में प्राणायाम का विशेष स्थान है। योग मानव को जीवनी शक्ति अर्थात प्राण को संयमित करने की कला सिखाता है। यह प्राणजय की विभिन्न विधियों के द्वारा प्राणायाम विज्ञान को आध्यात्मिक उन्नति के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ हेतु भी एक सशक्त तकनीक के रूप में उल्लेखित करता है। प्राणायाम की इस वैज्ञानिक तकनीक को भलीभाँति न जानते हुए अभ्यास करना शास्त्रोक्त दृष्टि से ही नहीं अपितु व्यावहारिक दृष्टि से भी लाभप्रद सिद्ध नहीं होता है। अतः योग के प्रामाणिक ग्रन्थों में वर्णित विधियों का अध्ययन, तथा तदनुसार उनका अभ्यास आवश्यक है। प्राणायाम की प्रामाणिक विधियों के अभ्यास के साथ-साथ अन्य व्यावहारिक नियमावलियों का पालन भी आवश्यक है जैसे आहार, निद्रा, ब्रह्मचर्य इत्यादि। यह नियमावलियाँ भी प्राण को अत्यंत सूक्ष्म स्तर से प्रभावित करती हैं।

योग उपनिषदों में प्राण के मार्ग, स्थान, कार्य आदि का वर्णन प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त इन उपनिषदों में अष्टांग योग[1,2], षडंग योग[3,4], हठयोग[5,6,7] के अंतर्गतप्राणायाम का एक प्रमुख अंग के रूप में उल्लेख है। अष्टांग योग के अंतर्गत प्राणायाम चतुर्थ अंग के रूप में वर्णित है। प्राणायाम के पूर्व यम-नियम रूपी सामाजिक व व्यक्तिगत अनुशासनों का पालन, आसन का भलीभाँति अभ्यास तथा नाड़ीशोधन आवश्यक है। इस प्रकार विधिवत् प्राणायाम का निर्देश योग उपनिषदों में

प्राप्त होता है। अतः इन सभी प्राण तथा प्राणायाम विषयक तथ्यों को भली-भाँति समझने हेतु तथा इसके शास्त्रीय व व्यावहारिक स्वरूप के स्पष्टतया प्रतिपादन हेतु, योग उपनिषदों के विशेष परिप्रेक्ष्य में विवेचनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

2. प्राण का स्वरूपः

शरीर में संचारित वायु को 'प्राण' कहते है।[8] यह शरीर में पंचप्राण तथा पंच उपप्राण के रूप में प्रतिष्ठित होकर विभिन्न कार्यों का निष्पादन करता है तथा जीव को धारण करके रखता है। प्राण, समस्त शारीरिक व मानसिक गतिविधियों के नियमन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक स्वास्थ्य के साथ जीवन के अन्य पहलुओं को भी प्रभावित करता है। इस प्रकार प्राण का एक बृहद् और व्यावहारिक स्वरूप हमारे समक्ष प्रकट होता है। योग का मुख्य लक्ष्य जो "चित्त की समस्त वृत्तियों का निरोध"[9] होना है उस अवस्था को प्राप्त करने में भी प्राण महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः। (पातंजलयोगसूत्र-1/2)

वासना (पूर्वजनित संस्कार) तथा वायु (प्राण) रूपी कारणद्वय से चित्त चंचल होता है अर्थात् इसमें वृत्तियाँ उत्पन्न होती हैं। इन कारणद्वय में से किसी एक के निरुद्ध हो जाने पर दोनों निरुद्ध हो जाते हैं। इन दोनों में से सर्वप्रथम वायु (प्राण) पर विजय प्राप्त करनी चाहिए।[10] इस हेतु प्राणायाम की विभिन्न विधियों का उल्लेख योगउपनिषदों में प्राप्त होता है।

हेतुद्वयं हि चित्तस्य वासना च समीरणः।
तयोर्विनष्ट एकस्मिंस्तछ्वावपि विनश्यतः॥
तयोरादौ समीरस्य जयं कुर्यान्नरः सदा।

(योगकुण्डल्युपनिषद्-1-2)

2.1 पंचप्राण तथा पंच उपप्राण[11,12]

मनुष्य शरीर में पंचप्राण व पंच उपप्राण स्थित हैं। पंचप्राण के अंतर्गत-1. प्राण, 2. अपान, 3. उदान, 4. समान, व 5. व्यान आते हैं। इन पंचप्राणों में 'प्राण' मुख्य है, इसका स्थान- हृदय, मुख, नासिका का मध्य भाग, पैर का अंगूठा व नाभि मण्डल है। यह अलग स्थित होकर, आमाशय में स्थित अन्न, जल, रस इत्यादि का सर्वप्रथम एकत्रीकरण कर पश्चात् पृथक्-पृथक् स्थापित करने का कार्य करता है। 'अपान' का स्थान-गुदा, जंघा व घुटना है। यह मल-मूत्र इत्यादि के विसर्जन का कार्य करता है। 'उदान' का स्थान-गला, हाथ-पैर व समस्त संधिस्थान है। यह उदान

वायु के द्वारा ऊर्ध्वगामी होता है। 'समान' नाभिस्थान व शरीर के समस्त अंगों में संव्याप्त है। यह शरीर के पालन-पोषण का कार्य करता है।

पंच उपप्राण के अंतर्गत-1. नाग, 2. कूर्म, 3. कृकल, 4. देवदत्त, व 5. धनंजय आते हैं। जिनके क्रमशः डकार, पलक झपकना, छींकना व भूख लगना, जंभाई व निद्रा, मृत्यूपरांत भी कुछ समय तक अविकृत रहना आदि कार्य हैं।

2.2 प्राणमार्गः त्रिविध नाड़ियाँ

मूलाधार और स्वाधिष्ठान चक्र के मध्य कुंडलिनी स्थित है। इसी कंदमूल से 72000 स्थूल और सूक्ष्म नाड़ियों का जाल सम्पूर्ण शरीर में फैला हुआ है।[13] उनमें से 10नाड़ियाँ मुख्य हैं। उनमें से भी 3 प्रमुख हैं।[14,15]

इडा च पिङ्गला चैव सुषुम्ना च तृतीयगा।

(योगचूड़ामण्युपनिषद्- 16)

इड़ा-बायीं नासिका में, पिंगला-दायीं नासिका में, सुषुम्णा- इडा-पिंगला के मध्य, कन्द के बीच में स्थित है। ये तीनों नाड़ियाँ प्राणमार्ग में स्थित है। इन समस्त नाड़ियों में प्राण जीवरूप में वास करते हैं। सूर्य, चंद्र, अग्नि देवता प्राणों के वाहक हैं। प्राणायाम की विशेष विधियों द्वारा शरीरस्थ समस्त नाड़ियों विशेषतः इन त्रिविध नाड़ियों में प्राण के प्रवाह को नियंत्रित व संयमित किया जाता है। जिसका प्रभाव समस्त शरीर, मन तथा मस्तिष्कीय कार्यप्रणालियों पर पड़ता है।

3. प्राणायाम का स्वरूपः

योग उपनिषदों में प्राणायाम का सुस्पष्ट उल्लेख प्राप्त होता है, यह प्राणरोध की विधियों तथा कुम्भक के रूप में वर्णित है। इन उपनिषदों में प्राणायाम के शास्त्रीय स्वरूप के साथ-साथ प्राणायाम के दार्शनिक और व्यावहारिक स्वरूप भी स्पष्टतया वर्णित हैं। जो वर्तमान समय में भी प्राणायाम की व्यवहार्यता को प्रतिपादित करते हैं। औपनिषदिक संदर्भ में 'जगत के मिथ्या स्वरूप को भलीभाँति समझ लेना हि प्राणायाम कहा गया है।'[16]

जगत्सर्वमिदं मिथ्याप्रतीतिः प्राणसंयमः।

(त्रिशिखीब्राह्मणोपनिषद्- 30)

प्राणायाम की प्रक्रिया द्वारा प्राण को स्थिर किया जाता है।[17] प्रयोगात्मक रूप से रेचक, पूरक, कुम्भक के माध्यम से वायु का शोधन करते हुए पुनः रेचक की क्रिया करना तथा इन चार विधियों द्वारा वायु को गतिशील करने की क्रिया को प्राणायाम कहते हैं।[18]

रेचनं पूरणं वायोः शोधनं रेचनं तथा।
चतुर्भिः क्लेशनं वायोः प्राणायाम उदीर्यते॥

(त्रिशिखीब्राह्मणोपनिषद्- 94-95)

प्रयोगात्मक रूप से प्राणायाम में मुख्यतः 3-प्रक्रियाएं सम्मिलित होती हैं- 1. पूरक, 2. कुम्भक, 3. रेचक। पूरक श्वास को अंदर खींचने की प्रक्रिया है। इसमें नाभिस्थान में प्रतिष्ठित चतुर्भुज महाविष्णु का ध्यान करना चाहिए। कुम्भक श्वास को भीतर रोकने की प्रक्रिया है। इसमें हृदयस्थान में प्रतिष्ठित चतुर्मुख पितामह ब्रह्मा का ध्यान करना चाहिए। रेचक श्वास को बाहर छोड़ने की प्रक्रिया है। इसमें ललाट में प्रतिष्ठित भगवान शिव का ध्यान करना चाहिए।[19] व्यावहारिक रूप से वस्तुतः पूरक के समय नाभिस्थान में, कुम्भक के समय हृदय स्थान में, तथा रेचक के समय ललाट प्रदेश में सजगता का अभ्यास करना चाहिए।

4. प्राणायाम सिद्धि के शास्त्रोक्त साधन एवं व्यावहारिक अनुप्रयोगः

प्राणायाम की सिद्धि में मिताहार, आसन, नाड़ीशोधन एवं कुम्भक का महत्वपूर्ण योगदान है। योगकुण्डल्युपनिषद् में प्राणों पर विजय प्राप्ति हेतु- मिताहार, आसन, एवं शक्तिचालिनी आदि 3-साधन उल्लिखित हैं।[35]

मिताहारश्चासनं च शक्तिचालस्तृतीयकः॥

(योगकुण्डल्युपनिषद्-2)

4.1 मिताहारः

मिताहार, प्राणों पर विजय प्राप्त करने का प्रमुख साधन है। यौगिक परंपरा में मिताहार से तात्पर्य- संतुलित व नियंत्रित आहार से है। योग अभ्यासी को पेट का आधाभाग सुस्निग्ध व मधुर भोजन से, एक चौथाई भाग पानी से तथा एक चौथाई भाग वायुसञ्चरण के लिए रिक्त रखना चाहिए। इस प्रकार शिव के निमित्त अर्थात् स्वयं के कल्याण के लिए आहार ग्रहण करना चाहिए।[36,37] संतुलित, नियंत्रित, सात्विक व सुपाच्य आहार ही कल्याणकारी हो सकता है। भोजन की अत्यधिक मात्रा तथा भोजन की अत्यल्प मात्रा ग्रहण करना दोनों ही योगमार्ग में बाधक है।[38] अत्यधिक नमक, तेल, खटाई, गर्म, रूखा, तीक्ष्ण, हींग इत्यादि मसाले योगाभ्यास काल में अपथ्य कहे गये हैं तथा गेहूँ, मूंग, चावल इत्यादि पथ्य कहे गए हैं।[39,40] अनुचित आहार का सेवन शरीरस्थ प्राण, अपान इत्यादि पंचप्राण को प्रकुपित कर देता है, जिससे उनसे संबंधित कार्य भलीभांति नहीं हो पाते हैं। मिताहार से पंचप्राण पोषित तथा संयमित होते हैं। अतः प्राणों पर विजय प्राप्ति हेतु मिताहार एक प्रमुख साधन है।

आहार से तात्पर्य न केवल मुख द्वारा ग्रहण किए गए भोज्य पदार्थों से है, अपितु 'जो सभी दिशाओं से ग्रहण किया जाए' वह भी आहार है। (आ-समन्तात् ह्रीयते इति आहारः) अर्थात् पंच ज्ञानेन्द्रियों के माध्यम से ग्रहण किए गए विभिन्न विषय भी आत्मा का भोजन है। अतः विवेकपूर्ण ढंग से ज्ञानेन्द्रियों को निर्देशित करना आवश्यक है। बाह्यइंद्रियविषय, प्राणवायु की सामान्य गति को असंयमित करते हैं। यौगिक ग्रंथों में प्राणवायु और चित्त का घनिष्ठ संबंध बताया गया है। वायु के चलायमान होने पर चित्त चंचल तथा वायु के स्थिर होने पर चित्त स्थिर हो जाता है।[41]

योगशास्त्रों के अनुसार जो योगसाधक मिताहार के साथ ब्रह्मचर्य का पालन करता है, उसका 1-वर्ष में ही योग सिद्ध हो जाता है।[42] अतः शारीरिक व मानसिक रूप से ब्रह्मचर्य का पालन करना भी प्राणायाम सिद्धि व योगसाधना में प्रगति के लिए आवश्यक है।

4.2 आसन[43]

योगकुण्डल्युपनिषद् में दो-आसनों का उल्लेख है- 1. पद्मासन, 2. वज्रासन (विधिअनुसार सिद्धासन)

आसनं द्विविधं प्रोक्तं पद्मं वज्रासनं तथा। (योगकुण्डल्युपनिषद्- 4)

1. पद्मासन- दोनों पैरों की जंघाओं पर एक दूसरे के ऊपर तलवों को सीधा, ऊपर की ओर करके रखना पद्मासन है। यह समस्त पापों का नाश करता है।

2. वज्रासन (विधिअनुसार सिद्धासन)- गर्दन, सिर एवं शरीर को एक सीध में रखकर बाएं पैर की एड़ी को सिवनी स्थान (योनिस्थान) में तथा दायें पैर की एड़ी को उसके ऊपर लगाकर बैठना वज्रासन है।

ये दोनों आसन ध्यानात्मक आसन की श्रेणी में आते हैं तथा प्राणायाम के अभ्यास हेतु उपयुक्त माने जाते हैं। यदि प्राणायाम का अभ्यास इन आसन की अवस्था में किया जाए तो वह व्यवहारिक रूप से ज्यादा प्रभावी होगा।

4.3 नाड़ीशोधनः प्राणायाम के पूर्व निर्दिष्ट अभ्यास

योग उपनिषदों में यम-नियम तथा आसन आदि के सुसंयत अभ्यास के पश्चात् तथा प्राणायाम से पूर्व नाड़ीशोधन करने का विधान प्राप्त होता है।[20] नाड़ीशोधन प्राणायाम में सर्वप्रथम इड़ा नाड़ी (बाएं स्वर) से पूरक करना है, यथाशक्ति कुम्भक के पश्चात् पिंगला नाड़ी (दायें स्वर) से रेचक करना है। पुनः पिंगला नाड़ी से पूरक तथा इड़ा नाड़ी से रेचन करना है। इस प्रकार उपर्युक्त प्रक्रिया की पुनरावृत्ति करनी है।[21,22] पूरक, कुम्भक, रेचक की मात्रा 16:64:32 होना

चाहिए।[23,24] नाड़ीशोधन प्राणायाम के शास्त्रोक्त विधिपूर्वक अभ्यास से शरीरस्थ समस्त नाड़ियाँ वायु से परिपूर्ण हो जाती हैं तथा उनमें दसों वायुओं का संचार सम्यक् रूप से होने लगता है।[25] इस कुम्भक का अभ्यास प्रतिदिन चार बार (प्रातःकाल, मध्यान्ह काल, सायं काल, अर्धरात्रि) करना चाहिए। तथा क्रमशः अभ्यास को बढ़ाते हुए कुम्भक की मात्रा को 80-तक करना चाहिए।[26,27] इस विधि से एक दिन के अभ्यास करने मात्र से पापों का शमन हो जाता है।[28] इससे मात्र 2-3 माह में नाड़ीशोधन हो जाता है।[29,30] नाड़ियों का शोधन होने से वायुधारण क्षमता तथा आरोग्यता में वृद्धि होती है, जठराग्नि प्रबल होती है व दिव्यनाद सुनाई देता है।[31] योगसाधक, वायु को जीतने वाला, जितेंद्रिय, अल्पाहारी, स्वल्प नींद वाला, तेजस्वी व बलवान तथा दीर्घायु होता है।[32] नाड़ीशोधन प्राणायाम के अभ्यास से शरीर में हल्कापन तथा कृशता आ जाती है, जठराग्नि तीव्र हो जाती है। योगाभ्यास में प्रगति हेतु इस समय योग में बाधक अनुपयुक्त आहार का त्याग कर देना चाहिए।[33] इस प्रकार निरंतर 3-वर्ष के अभ्यास से योगसिद्ध हो जाता है।[34]

4.4 शक्तिचालिनीः

कुंडलिनी शक्ति को चालन क्रिया द्वारा नीचे से ऊपर (भृकुटी मध्य) ले जाने की क्रिया 'शक्तिचालिनी' है। मुख्यतः कुंडलिनी चलाने के दो साधन हैं[44]- 1. सरस्वती चालन, 2. प्राणरोध (प्राणायाम)

1. सरस्वती चालन[45]- जिस समय इड़ा नाड़ी चलायमान हो उस समय पद्मासन में स्थित होकर सरस्वती का भलीभाँति संचालन करने से कुंडलिनी स्वयं चलने लगती है। कुंडलिनी नाड़ी (कंदस्थान) को 12-अंगुल लम्बे और 4-अंगुल चौड़े वस्त्र के टुकड़े से लपेटे तथा अंगुष्ठ व तर्जनी से दोनों नासाछिद्रों को पकड़कर, प्रथमतः बाएं फिर दायें नासाछिद्र से बारम्बार रेचक और पूरक करने का विधान है। दायें नासाछिद्र से रेचक करते हुए कण्ठसंकोचन करने से अधोगत वायु वक्षस्थल से ऊपर गमन कर जाता है। इस प्रकार दो-मुहूर्त (96-मिनट) तक अभ्यास करने से प्राण सुषुम्णा में प्रवाहित होने लगता है। इसके शास्त्रोक्त विधि के अभ्यास से सभी प्रकार के रोगों से मुक्ति मिलती है, जलोदर, गुल्म, प्लीहा तथा पेट के समस्त रोग समाप्त होते हैं।

2. प्राणरोध (प्राणायाम)- कुम्भक की विशिष्ट विधियां

योग उपनिषदों में प्राण तथा कुम्भक के विशेष संदर्भ प्राप्त होते हैं। योगकुण्डल्युपनिषद् के संदर्भ में शरीर में संचारित वायु को 'प्राण' कहते हैं। जब प्राणायाम की प्रक्रिया द्वारा प्राण को स्थिर किया जाता है तब उसे 'कुम्भक' कहते

हैं।[46] यह कुम्भक द्विविध प्रकार से वर्णित है- 1. सहित कुम्भक, 2. केवल कुम्भक[47], जिसमें सहित कुम्भक चतुर्विध प्रकार से वर्णित है।[48]

प्राणरोधमथेदानीं प्रवक्ष्यामि समासतः।
प्राणश्च देहगो वायुरायामः कुम्भकः स्मृतः॥
स एव द्विविधः प्रोक्तः सहितः केवलस्तथा।
यावत्केवलसिद्धिः स्यात्तावत्सहितमभ्यसेत्॥
सूर्योज्जायी शीतली च भस्त्री चैव चतुर्थिका।
भेदैरेव समं कुम्भो यः स्यात्सहितकुम्भकः॥

(योगकुण्डल्युपनिषद्- 19-21)

1. सूर्यभेदन कुम्भक[49]- दाहिनी नासिका (पिंगला नाड़ी) से पूरक की प्रक्रिया द्वारा वायु को पर्याप्त मात्रा में उदर में भरना है। तत्पश्चात् बायीं नासिका (इड़ा नाड़ी) से रेचन करना है। यह सूर्यभेदन कुम्भक की शास्त्रीय विधि है। कपालशोधन, वातदोष तथा कृमिदोष का नाश इसके शास्त्रोक्त लाभ के रूप में वर्णित हैं।

कपालशोधने वापि रेचयेत्पवनं शनैः।
चतुष्कं वातदोषं तु कृमिदोषं निहन्ति च॥

(योगकुण्डल्युपनिषद्- 25)

2. उज्जायी कुम्भक[50]- मुख को बंद रखकर, दोनों नासाछिद्रों से वायु को शनैः-शनैः इस प्रकार खींचना है कि श्वास से हल्की ध्वनि होती रहे। इस प्रकार वायु को हृदय व कंठ पर्यंत भरना है तथा कुम्भक पश्चात् बाएं नासाछिद्र से रेचन की प्रक्रिया सम्पन्न करनी है। यह उज्जायी कुम्भक की शास्त्रीय विधि है। इसका अभ्यास चलते-फिरते भी किया जा सकता है। इसके शास्त्रोक्त लाभों में सिर की गर्मी व गले का कफ दूर होना, जठराग्नि में वृद्धि, जलोदर तथा धातुरोग का समाप्त होना वर्णित है।

शीर्षोदितानलहरं गलश्लेष्महरं परम्।
सर्वरोगहरं पुण्यं देहानलविवर्धनम्॥
नाडीजलोदरं धातुगतदोषविनाशनम्।
गच्छतस्तिष्ठतः कार्यमुज्जाय्याख्यं तु कुम्भकम्॥

(योगकुण्डल्युपनिषद्- 28-29)

3. शीतली कुम्भक[51]- जिह्वा के द्वारा वायु को आकृष्ट कर कुम्भक का अभ्यास करने के पश्चात् नासिका से वायु को धीरे-धीरे निकालना है। यह शीतली

कुम्भक की शास्त्रीय विधि है। प्लीहा, गुल्म, पित्त, ज्वर, तृषा इत्यादि रोगों का शमन इसके शास्त्रोक्त लाभ के रूप में वर्णित हैं।

गुल्मप्लीहादिकान्दोषान्क्षयं पित्तं ज्वरं तृषाम्।
विषाणि शीतली नाम कुम्भको ऽयं निहन्ति च॥

(योगकुण्डल्युपनिषद्- 31)

4. भस्त्रिका कुम्भक[52]- पद्मासन में स्थित होकर, शरीर को सीधा रखकर, मुख को बंद करके नासिका के द्वारा रेचक (वायु को बाहर निकालना) करना है, पुनः वायु को तीव्रता के साथ खींचते हुए पूरक (वायु को अंदर लेना) की क्रिया सम्पन्न करना है। पूरक करते समय वायु का स्पर्श कंठ, तालु, सिर, हृदय को मालूम पड़ना चाहिए। पुनः वायु का रेचक तथा पूरक करना है। इस प्रकार लोहार की धौंकनी के समान वेगपूर्वक वायु को खींचना व निकालना है। थकान अनुभव होने पर दाहिनी नासिका से पूरक कर, कुम्भक पश्चात् बायीं नासिका से रेचक करना है। यह भस्त्रिका कुम्भक की शास्त्रीय विधि है। इसके अभ्यास से कण्ठ की जलन मिटती है, जठराग्नि बढ़ती है, यह सुखकारी, पुण्यकारी, पापनाशक है। यह सुषुम्णा नाड़ी के मुख पर स्थित कफ को नष्ट कर कुंडलिनी जागरण में सहायता प्रदान करता है तथा त्रिगुणों से उत्पन्न ग्रंथियों का भेदन करता है। ये सभी भस्त्रिका कुम्भक के शास्त्रीय लाभ के रूप में वर्णित हैं।

कण्ठोत्थितानलहरं शरीराग्निविवर्धनम्।

कुण्डलीबोधकं पुण्यं पापघ्नं शुभदं सुखम्।
ब्रह्मनाडीमुखान्तस्थकफाद्यर्गलनाशनम्॥

गुणत्रयसमुद्भूतग्रन्थित्रयविभेदकम्।
विशेषेणैव कर्तव्यं भस्त्राख्यं कुम्भकं त्विदम्॥

(योगकुण्डल्युपनिषद्- 37-39)

उपर्युक्त चतुर्विध प्राणायामों के कुम्भक के समय योगसाधक को बंधत्रय (मूलबन्ध, जालन्धर बंध, उड्डीयान बंध) का अभ्यास भी करना चाहिए। इन प्राणायामों का प्रथम दिन 10-बार, द्वितीय दिन 15-बार अभ्यास करते हुए प्रतिदिन क्रमशः पाँच-पाँच की संख्या बढ़ानी चाहिए।[53]

4.5 ओंकार प्राणायामः

योगचूड़ामण्युपनिषद् के अनुसार- ओंकार प्राणायाम वह प्राणायाम है जिसमें पूरक- द्वादश मात्रा, कुम्भक- षोडश मात्रा, और रेचक- दस मात्रा का होता है। इस

प्राणायाम की पूरक, कुम्भक, रेचक प्रक्रिया को साक्षात् प्रणव का रूप मानकर इस द्वादश मात्रायुक्त प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। इस प्राणायाम से योगसाधक के समस्त दोष समाप्त हो जाते हैं।[54] अतः ब्रह्मा को लक्ष्य मानकर, प्रणवरूपी धनुष तथा आत्मारूपी बाण से, बिना प्रमाद के तन्मयतापूर्वक लक्ष्य का वेधन करना चाहिए। इससे योगसाधक ब्रह्मा की सायुज्यता प्राप्त कर अंततः मोक्ष को प्राप्त करता है।[55]

4.6 अजपा गायत्रीः

मनुष्य 'हंस मंत्र' का सदैव जाप करता रहता है। श्वास 'सकार' ध्वनि करते हुए शरीर के भीतर तथा 'हकार' ध्वनि करते हुए बाहर जाती है। मनुष्य इस मंत्र का जाप 21600 बार प्रतिदिन करता है। यही अजपा गायत्री है, जो प्राण को धारण करने वाली प्राणविद्या-महाविद्या है। यह योगियों को मुक्ति प्रदान करने वाली है।[56,57] अतःव्यावहारिक रूप से जो श्वास-प्रश्वास की स्वाभाविक प्रक्रिया चल रही है, उसके प्रति सजग होना चाहिए।

5. प्राणायाम के स्तर[58,59,60]

प्राणायाम के तीन स्तर हैं- 1. अधम प्राणायाम, 2. मध्यम प्राणायाम, 3. उत्तम प्राणायाम।

प्रस्वेदजननं यस्य प्राणायामस्तु सोऽधमः।
कम्पनं वपुषो यस्य प्राणायामेषु मध्यमः।
उत्थानं वपुषो यस्य स उत्तम उदाहृतः॥

(त्रिशिखीब्राह्मणोपनिषद्- 104-105)

अधम प्राणायाम वह प्राणायाम है जिसमें शरीर में पसीना आता है। इस पसीने को शरीर में ही मल देना चाहिए, इससे पसीने के माध्यम से होने वाले धातुक्षय से बचा जा सकता है। इस प्राणायाम से आधि (शारीरिक रोग), व्याधि (मानसिक रोग) तथा समस्त पापों का विनाश हो जाता है।

मध्यम प्राणायाम वह प्राणायाम है जिसमें शरीर में कंपन होने लगता है। इस प्राणायाम से पाप, रोग, तथा समस्त महाव्याधियों का नाश होता है।

उत्तम प्राणायाम वह प्राणायाम है जिसमें शरीर भूमि से ऊपर की ओर उठता है। इस प्राणायाम से योगसाधक अल्प निद्रा वाला, अल्प मल-मूत्र वाला हो जाता है, वह लघुदेहि तथा अल्पाहार ग्रहण करने वाला हो जाता है, उसकी समस्त इंद्रियाँ और बुद्धि तीव्र हो जाती है तथा वह त्रिकालविद् अर्थात् भूत, वर्तमान और भविष्य को जानने में समर्थ हो जाता है।

6. योगाभ्यास/प्राणायाम के विघ्नः

योग में बाधक 10-विघ्नों का उल्लेख प्राप्त होता है, ये विघ्न प्राणायाम अभ्यासी के समक्ष भी प्रकट होते हैं। मुझे योगाभ्यास से रोग हो गया है, ऐसा कहकर योगसाधक द्वारा योगाभ्यास बंद कर देना, योगसाधना पर संशय करना, प्रमत्तता, आलस्य, युक्त निद्रा न लेना, योगसाधना से प्रेम न होना, भ्रान्ति होना, विषय वासना में अनुरक्ति, अप्रसिद्धि, योगतत्व का प्राप्त न होना ये सभी योगाभ्यास में बाधक विघ्न हैं। इन दस विघ्नों का योगसाधक को भलीभाँति विचार करना चाहिए तथा इसका त्याग कर देना चाहिए।[61]

इसके अलावा दिवासुप्ति, रात्रिजागरण, अतिमैथुन, मल-मूत्र के वेग को रोकना, अत्यधिक चलना, आसनों का भलीभाँति अभ्यास न करना, चिंतित रहना, अग्नि सेवन, अत्यधिक नियमाग्रही होना यथा- प्रातः काल का स्नान, उपवास तथा शरीर को पीड़ा पहुचाने वाले अन्य कार्य का त्याग कर देना चाहिए। प्राणायाम के अभ्यास में अत्यधिक शक्ति नहीं लगाना चाहिए, इससे रोग उत्पन्न होने की संभावना रहती है। मल शोधन होने के पश्चात् ही अपान को ऊर्ध्वगति में ले जाने का प्रयास करना चाहिए तथा नित्य सत्वमयी बुद्धि से विचार कर प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए।[62,63]

7. योग/प्राणायाम सिद्धि के लक्षण[64]

शारीरिक स्थूलता का कम होना, नीरोग होना, विषयों के प्रति आसक्ति न होना, कान्तियुक्त व तेजस्वी शरीर होना, स्वरमाधुर्य होना, देह में शुभ गंध होना व मल-मूत्र का अल्प होना ये सभी योगसिद्धि के लक्षण हैं। योगसिद्ध होने पर साधक को योगाग्निमय शरीर की प्राप्ति होती है तथा रोग, बुढ़ापा, मृत्यु का भय नहीं रहता है।

न तस्य रोगो न जरा न मृत्युः प्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरम्॥

(श्वेताश्वतरोपनिषद्- 2/12)

8. सम्यक् प्राणायाम के लाभः

वायु के विकृत होने से विविध प्रकार के रोग यथा- खांसी, श्वास, हिचकी, सिर, कान, आँख में पीड़ा इत्यादि उत्पन्न होते हैं। प्राणायाम के अभ्यास द्वारा प्राणवायु को नियंत्रित करना चाहिए अर्थात् पूरक, कुम्भक व रेचक का अभ्यास करना चाहिए।[65] इस प्रकार प्राणायाम रोगों से मुक्ति प्रदान करता है। शरीर के पीड़ित अंगों में जहां वायु के जकड़न आदि से दोष उत्पन्न हो गए हैं, उन दोषों का विनाश करने

के लिए उन अंगों में प्राण को धारण करने सेरोग दूर हो जाते हैं।[66,67] प्राणायाम इंद्रियों को अंतर्मुखी करने केलिए, मन को स्थिर करने के लिए भी अत्यंत अनिवार्य है।[68] उपनिषद् के अनुसार 12-बार प्राणायाम करने से प्रत्याहार की स्थिति बनती है।[69] प्राणायाम से पापों का विनाश होता है। यह संसार सागर से मुक्ति हेतु महासेतु के समान है।[70] योग की उच्च अवस्था में बिना किसी आलम्बन के चित्त और प्राण स्वतः अपनी अवस्था में स्थिर हो जाते हैं। यही उपनिषदात्मक रहस्य है।[71]

9. निष्कर्षः

योग, प्राण अर्थात् जीवनी शक्ति को संयमित करने की कला है। योग के प्रमुख उपक्रमों में प्राणायाम एक विशेष वैज्ञानिक तकनीक के रूप में उल्लिखित है। योगउपनिषदों में प्राणायाम की शास्त्रीय विधियों व व्यावहारिक अनुप्रयोगों का सुस्पष्ट उल्लेख प्राप्त होता है। प्राणायाम की यह तकनीक व्यावहारिक रूप से तभी प्रभावी होगी जब इसका अभ्यास शास्त्रोक्त विधि से किया जायेगा। विधिवत् अभ्यास के साथ-साथ अन्य व्यावहारिक नियमावलियों यथा आहार इत्यादि का पालन आवश्यक है। प्राणायाम के सम्यक् अभ्यास से शरीर, मन, तथा चेतना की सर्वोत्कृष्ट अवस्था को प्राप्त किया जा सकता है तथा स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर हुआ जा सकता है।

पाद-टिप्पणीः

1. त्रिशिखीब्राह्मणोपनिषद्- 23, 29-35
2. योगतत्वोपनिषद्- 24
3. योगचूड़ामण्युपनिषद्- 2
4. ध्यानबिन्दूपनिषद्- 41
5. योगतत्वोपनिषद्- 24
6. ध्यानबिन्दूपनिषद्- 1
7. योगराजोपनिषद्- 1
8. योगकुण्डल्युपनिषद्- 19
9. पातंजलयोगदर्शन- 1/2
10. योगकुण्डल्युपनिषद्- 1-2
11. त्रिशिखीब्राह्मणोपनिषद्- 6, 77-87
12. योगचूड़ामण्युपनिषद्- 22-30, 117-119
13. योगचूड़ामण्युपनिषद्- 6-8
14. योगचूड़ामण्युपनिषद्- 13-20
15. योगचूड़ामण्युपनिषद्- 50-55
16. त्रिशिखीब्राह्मणोपनिषद्- 30
17. योगकुण्डल्युपनिषद्- 19
18. त्रिशिखीब्राह्मणोपनिषद्- 94-95
19. ध्यानबिन्दूपनिषद्- 30-32
20. त्रिशिखीब्राह्मणोपनिषद्- 53
21. योगचूड़ामण्युपनिषद्- 98
22. योगतत्वोपनिषद्- 38-39
23. त्रिशिखीब्राह्मणोपनिषद्- 96-97
24. योगतत्वोपनिषद्- 41-42
25. त्रिशिखीब्राह्मणोपनिषद्- 99
26. त्रिशिखीब्राह्मणोपनिषद्- 101
27. योगतत्वोपनिषद्- 43
28. त्रिशिखीब्राह्मणोपनिषद्- 102

29. योगचूड़ामण्युपनिषद्- 98
30. योगतत्वोपनिषद्- 44
31. योगचूड़ामण्युपनिषद्- 100
32. त्रिशिखीब्राह्मणोपनिषद्- 103-104
33. योगतत्वोपनिषद्- 45-46
34. त्रिशिखीब्राह्मणोपनिषद्- 103
35. योगकुण्डल्युपनिषद्- 2
36. योगकुण्डल्युपनिषद्- 3-4
37. योगचूड़ामण्युपनिषद्- 43
38. श्रीमद्भगवद्गीता- 6/16
39. योगचूड़ामण्युपनिषद्- 41
40. योगतत्वोपनिषद्- 47-49
41. हठप्रदीपिका- 2/2
42. योगचूड़ामण्युपनिषद्- 42
43. योगकुण्डल्युपनिषद्- 4-6
44. योगकुण्डल्युपनिषद्- 7-8
45. योगकुण्डल्युपनिषद्- 10-18
46. योगकुण्डल्युपनिषद्- 19
47. योगकुण्डल्युपनिषद्- 20
48. योगकुण्डल्युपनिषद्- 21
49. योगकुण्डल्युपनिषद्- 24-25
50. योगकुण्डल्युपनिषद्- 26-29
51. योगकुण्डल्युपनिषद्- 30-31
52. योगकुण्डल्युपनिषद्- 32-39
53. योगकुण्डल्युपनिषद्- 40, 54-55
54. योगचूड़ामण्युपनिषद्- 101-103
55. ध्यानबिन्दुपनिषद्- 14-15
56. योगचूड़ामण्युपनिषद्- 31-35
57. ध्यानबिन्दूपनिषद्- 61-63
58. त्रिशिखीब्राह्मणोपनिषद्- 104-107
59. योगतत्वोपनिषद्- 51-55
60. योगचूड़ामण्युपनिषद्- 105
61. योगकुण्डल्युपनिषद्- 58-61
62. योगतत्वोपनिषद्- 47-48
63. योगकुण्डल्युपनिषद्- 56-57, 62-63
64. श्वेताश्वतरोपनिषद्- 2/12-13
65. योगचूड़ामण्युपनिषद्- 117-119
66. त्रिशिखीब्राह्मणोपनिषद्- 113
67. योगचूड़ामण्युपनिषद्- 116
68. त्रिशिखीब्राह्मणोपनिषद्- 114-117
69. योगचूड़ामण्युपनिषद्- 111-112
70. योगचूड़ामण्युपनिषद्- 108
71. नादबिन्दूपनिषद्- 55-56

संदर्भ ग्रन्थ सूची:

- शर्मा, आचार्य श्रीराम शर्मा, भगवती देवी, संपादक, *108 उपनिषद् : साधनाखंड*, पुनर्मुद्रित संस्करण, गायत्री तपोभूमि, मथुरा, भारत, युग निर्माण योजना विस्तार ट्रस्ट, 2022. पृ. 67-224।
- शर्मा, आचार्य श्रीराम शर्मा, भगवती देवी, संपादक, *108 उपनिषद् : ज्ञानखंड*, पुनर्मुद्रित संस्करण, गायत्री तपोभूमि, मथुरा, भारत, युग निर्माण योजना विस्तार ट्रस्ट, 2022. पृ. 214-221, 407-424।
- शर्मा, आचार्य श्रीराम शर्मा, भगवती देवी, संपादक, *108 उपनिषद् : ब्रह्मविद्याखंड*, पुनर्मुद्रित संस्करण, गायत्री तपोभूमि, मथुरा, भारत, युग निर्माण योजना विस्तार ट्रस्ट, 2022. पृ. 259-270।

- स्वामी दिगम्बरजी झा, पीताम्बर, संस्करणकर्ता, *हठप्रदीपिका : स्वात्माराम कृत*, षष्ठम संस्करण, स्वामी कुवल्यानंद मार्ग, लोनावाला, पुणे, महाराष्ट्र, कैवल्यधाम, 2017, पृ. 35।
- गोयंदका, हरीकृष्णदास, टीकाकार, *पातंजलयोगदर्शन : महर्षि पतंजलिकृत*, पुनर्मुद्रित संस्करण, गीताप्रेस गोरखपुर, संवत् 2075. पृ. 11।
- *श्रीमद्भगवद्गीता*, पुनर्मुद्रित संस्करण, गीताप्रेस गोरखपुर, संवत् 2070. पृ. 15–16।

✦✦✦

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 12, No. 23 (29-36) July-December 2024 ISSN 2277-4351
UGC CARE listed (Arts & Humanities) RNI : UTTMUL 2012/53882

लिङ्गप्रमाण-स्वरूपनिरूपण

-डॉ० रामचन्द्रमेघवाल*

प्रत्येक शब्द से सामान्यत: दो प्रकार के अर्थ प्रकाशित होते हैं। एक अर्थ वह है जो शब्द के उच्चारण मात्र होने पर प्रकट हो जाता है। इस अर्थबोध के लिये उसका व्युत्पत्तिगत अर्थ नहीं लिया जाता। और यह अर्थ जो शब्द के उच्चारण होने मात्र से प्रकट हो जाता है वह मुख्यत: अनादि परम्परा से लोकस्वीकृत होता है। इसी को मुख्य अर्थ माना जाता है। उदाहरणस्वरूप **'पङ्कज'** शब्द ले सकते हैं। पङ्कज शब्द का सर्वस्वीकृत अर्थ है 'कमल' नामक पुष्पविशेष। इसी को पंकज का मुख्यार्थ माना जाता है। 'कीचड़ में उत्पन्न होने वाला' यह पंकज का व्युत्पत्तिगत अर्थ है। और इसी अर्थ को यौगिक अर्थ कहा जाता है जो कि गौण माना जाता है। तथा इसी को समाख्या भी कहते हैं। मुख्यार्थ का बोध कराने वाली शब्दशक्ति को अभिधा नामक शक्ति कहते हैं। और इसी अभिधा शक्ति का मीमांसाशास्त्र में पारिभाषिक नाम लिङ्ग माना जाता है। मीमांसक प्रधानरूप से अभिधावादी होते हैं। अत: उनकी दृष्टि में अभिधा का ही प्रधान्य होता है। अभिधा शक्ति से प्रतीयमान अर्थ रूढ होता है, अत: अभिधाशक्तिरूढ़ि भी कहलाती है। अभिधा शक्ति के द्वारा शब्द का श्रवण होते ही अर्थबोध हो जाता है। शब्द-श्रवण व अर्थबोध में व्यवधान का अभाव रहता है, जबकि यौगिक अर्थबोध में अभिधा की अपेक्षा अधिक काल की आवश्यकता होती है। व्यवधानराहित्य होने से अर्थ का बोध रुढ़-अर्थ की मुख्यता का कारण है। अत: निश्चितरूप से यह कहा जा सकता है कि लिङ्ग समाख्या (यौगिक शब्द) से भिन्न है।

लिङ्गप्रमाण का स्वरूप:- लिङ्ग नाम है सामर्थ्य का और वह सामर्थ्यरूपलिङ्ग दो प्रकार का होता है- अर्थगत और शब्दगत। **लिङ्गं नाम सामर्थ्यम्। तच्चद्विविधम्- अर्थगतंशब्दगतञ्चेति।**[1]

अर्थगतसामर्थ्य का स्वरूप- मीमांसादर्शन के प्रथमाध्याय के चतुर्थ पाद के अन्तिम अधिकरण (1/4/19) को **'सामर्थ्याधिकरण'** माना जाता है इस अधिकरण

---

* असिस्टेंटप्रोफेसर, वेद विभाग, गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय हरिद्वार।

1. मीमांसापरिभाषा

में यह निर्णय किया गया है कि जिस-जिस पदार्थ में जो जो कार्य करने का सामर्थ्य हो वह वह पदार्थ उस उस कार्य के लिए ही उपयुक्त होगा, ऐसा सामर्थ्यवश जानना चाहिये।

'स्रुवेणावद्येत् यथा शक्नुयात्। तथा यस्यशक्नुयात्तस्यचेति। आख्यात-शब्दानामर्थब्रुवतांशक्तिः सहकारिणी। एवञ्चेद् यथाशक्ति व्यवस्था भवितुमर्हति'।[3]

अर्थगतसामर्थ्य का उदाहरण- स्रुवेणावद्यति। यहां पर अवद्यति से केवल अवदान का कारण ज्ञात हो रहा है और अवदान का कारणीभूत अङ्गःस्रुव है। अतः **स्रुवेण अवद्यति** इस विधि से अवदान सामान्य का शेषत्व (अङ्गत्व) का स्रुव में निश्चय होने पर भी स्रुव को सामर्थ्य रूप लिङ्ग से आज्य = घृत व सान्नाय्य = दूध-दधि आदि कोमल द्रव्यों के अवदान विशेष का ही अङ्गत्व प्राप्त है, क्योंकि स्रुव से पुरोडाश आदि कठिन द्रव्यों का अवदान = खण्ड करना अशक्य होने के कारण सामर्थ्य का अभाव है।

शब्दगतसामर्थ्य का स्वरूप- शब्दगत सामर्थ्य अर्थप्रकाशनरूप सामर्थ्य होता है।, अर्थात् अर्थ के प्रकाशन का सामर्थ्य शब्द में ही है। **शब्दगतन्तु लिङ्गमर्थ-प्रकाशनसामर्थ्यम् यथा- अग्नये त्वा जुष्टं निर्वपामि**[4] यह मन्त्र निर्वाप रूप अर्थ के प्रकाशन में सामर्थ्य रखता है। इसलिये उस सामर्थ्य रूप लिङ्ग से निर्वाप का अङ्ग हो जाता है वह मन्त्र उस निर्वापरूप अर्थ का अङ्ग माना जाता है। अब समस्या यह कि विनियोग विधि के विनियोजक व बलाबल अधिकरण में विवेचित लिङ्गप्रमाण को अर्थगत सामर्थ्य लिङ्ग माना जाये या शब्दगत सामर्थ्य लिङ्ग। इसका निर्णय समस्त मीमांसा परम्परा के आधारभूत शाबरभाष्य पर ही निर्भर है।

मीमांसादर्शन के भाष्यकारशबरस्वामी ने मीमांसा के बलाबल- अधिकरण की व्याख्या करते हुए लिङ्ग की परिभाषा दी- जो शब्द के अर्थ को कहने का सामर्थ्य है, वह लिङ्ग कहलाता है। **यत् तावच्छब्दस्यार्थमभिधातुं सामर्थ्यं तल्लिङ्गम्।**[5]

अतः शाबरभाष्य के अनुसार शब्दगत-सामर्थ्य ही लिङ्गप्रमाण है अर्थात् अर्थगतसामर्थ्य को बलाबलविचार प्रसंग में लिङ्गप्रमाण नहीं माना जायेगा यथा- **लिङ्गं पुनः- कदाचन स्तरीरसि नेन्द्र सश्चसि दाशुषे 'इतीन्द्रशब्दस्य विशिष्टदेवताभिधान-सामर्थ्यम्'**[6] प्रकृत उदाहरण वाक्य में इन्द्र शब्द का विशिष्टदेवता को कहने का जो सामर्थ्य है वही लिङ्ग है।

---

3. मीमांसाशाबरभाष्य 1/4/30
4. मीमांसापरिभाषा
5. मीमांसाशाबरभाष्य 3/3/14
6. मीमांसाशाबरभाष्य 3/3/14

शाबरभाष्य की इस परिभाषा पर भट्ट कुमारिल ने अपनी तन्त्रवार्तिक टीका में लिङ्ग प्रमाण की परिभाषा (लक्षण) इस प्रकार लिखी- **यच्छब्दस्योक्तिसामर्थ्यं तल्लिङ्गम्**।[7]

और मीमांसादर्शन के तृतीयाध्याय के द्वितीय पाद के लिङ्गाधिकरण की व्याख्या में कुमारिल भट्ट ने लिङ्ग की परिभाषा इस प्रकार दी- **लिङ्गं नाम मन्त्राणा-मर्थप्रत्यायनसामर्थ्यम्**।[8]

स्कन्द स्वामी ने निरुक्त 1/17 के **'लिङ्गज्ञा अत्र स्मः'**[9] की व्याख्या करते हुए लिङ्ग का लक्षण इस प्रकार किया- 'देवता को कहने में समर्थ शब्द' लिङ्ग कहलाता है- **लिङ्गं देवताभिधानसमर्थः शब्दः**।[10]

शब्द की अभिधान शक्ति लिङ्ग है जैसा कहा भी गया है- सभी शब्दों की शक्ति लिङ्ग कही जाती है। शक्ति रूढ़ि ही होती है। इसलिये यह शक्ति रूपीलिङ्ग समाख्या से भिन्न है, क्योंकि यौगिक शब्दरूपी समाख्या से रूढ़िरूपी लिङ्ग शब्द की भिन्नता होने से- **शब्दसामर्थ्यं लिङ्गम्। यथाहुः- 'सामर्थ्यं सर्वशब्दानां लिङ्गमित्य-भिधियते' इति। सामर्थ्यं रुढिरेव। तेन समाख्यातोऽस्याभेदः। यौगिकशब्द समाख्यातो रूढ्यात्मक लिङ्गशब्दस्य भिन्नत्वात्**।[11]

अर्थसंग्रह की संस्कृतव्याख्या 'मीमांसार्थसंग्रहकौमुदी' में भी शब्दगत सामर्थ्य ही विवक्षित है- **शब्दसामर्थ्यमिति। लिङ्गमिति लक्ष्यनिर्देशः। सामर्थ्यं लिङ्ग-मित्युक्तेऽङ्कुरादिजननानुकूलबीजादि सामर्थ्ये तत्प्रसङ्गः स्यात्तद्वारणायशब्देति विशेषणम्**।[12]

मीमांसान्यायप्रकाशकार ने जो **'सामर्थ्यं लिङ्गम्'** तथा **'सामर्थ्यं सर्वभावानां लिङ्गमित्यभिधीयते'** ये लिङ्गद्वयसाधारण लक्षण है अर्थात् इन लक्षणों से शब्दगत एवं अर्थगत दोनों सामर्थ्य विवक्षित है। **सर्वभावानां = सर्वपदार्थानाम्** अर्थात् शब्दगत व अर्थगत दोनों का साधारण लक्षण बताकर के शब्दगत लिङ्ग का ही विशेषविचार सम्भव होने से उस लिङ्ग का ही विनियोजकत्व तर्क द्वारा स्थापित किया जाता है। **लिङ्गद्वय साधारण्येन लक्षणमुक्त्वा शब्दगतस्य लिङ्गस्यैव विशेषविचारसम्भवात् तदर्थं तस्यैव विनियोजकत्वमुपपादयतितेनेति। लिङ्ग द्वयान्तर्गतेन शब्दगतेन**

---

7. तन्त्रवार्तिक 3/3/14
8. तन्त्रवार्तिक 3/2/1
9. निरुक्तस्कन्दस्वामी 1/17
10. निरुक्त स्कन्दस्वामी1/17
11. अर्थसंग्रहलिङ्गनिर्वचनम्
12. अर्थसंग्रह की व्याख्या मीमांसार्थसंग्रहकौमुदी

लिङ्गेनेत्यर्थः।[13] इसी प्रकार न्यायरत्नमालाकार ने भी साधारण लक्षण दिया है- **'सर्वभावगता शक्तिर्लिङ्गमित्यभिधीयते'**[14] कुछ मीमांसकों की मान्यता है कि इन साधारण लक्षणों परिभाषाओं का स्रोत भट्ट कुमारिलकृततन्त्रवार्तिक ही है। **'सामर्थ्यं सर्वभावानामर्थापत्यावगम्यते'**[15]

कुतूहलवृत्तिकार ने मन्त्रगत व अर्थगत सामर्थ्य को लिङ्ग कहा है और मन्त्रों का सम्बन्ध मुख्यार्थलिङ्ग के साथ होता है, गौणार्थ के साथ नहीं क्योंकि गौणार्थ तो यौगिकार्थ शब्द होने से समाख्या के साथ सम्बन्ध होगा। और मुख्यार्थ के साथ ही नित्य संयोग होता है। गौणार्थ के साथ नहीं। **लिङ्गं नाम सामर्थ्यं मन्त्रगतमर्थगतञ्च। तत्र मन्त्रगतमर्थप्रकाशनसामर्थ्यम्। मन्त्राणां ह्यनुष्ठेयार्थप्रकाशनसामर्थ्यं मन्त्राधिकरणे स्थितम्। अर्थगतन्तु द्रवद्रव्यावदानादि सामर्थ्यं स्रुवादिनिष्ठम् 'अर्थाद्वा कल्पनैकदेशत्वात्' इत्यधिकरणे निरुपितम्। तत्र 'बर्हिर्... मुख्यार्थेन मन्त्राणां सम्बन्धः स्यात् कुतः? अर्थेन मुख्यार्थेनैव नित्यसंयोगात्। -तस्मात्सति संभवे मुख्यार्थ एव मन्त्र लिङ्गं विनियोजकमिति।**[16]

लिङ्ग के द्वारा अङ्गत्व का उदाहरण- **'बर्हिर्देवसदनंदामि'** (देवताओं के आसन कुश को मैं काटता हूँ) यह मन्त्र कुश के काटने का अङ्ग है। क्योंकि बर्हि के अनेक अर्थों में कुश ही रूढ़ है, न कि उलप आदि कुश के सदृश दूसरे तृण। कुश ही देवसदन है। इसी का काटना अभीष्ट है न कि उलप आदि का काटना, क्योंकि **'बर्हिः दामीति लिङ्गात्तल्लवनं प्रकाशयितुं समर्थत्वात्।'** इस लिङ्ग से यह मन्त्र कुश की कटाई को व्यक्त करने में समर्थ है। क्योंकि शब्दसामर्थ्य को लिङ्ग माना जाता है और प्रकृत मन्त्र में सामर्थ्य है कि वह लवन को प्रकाशित करें। अतः यहां लवन प्रकाशन सामर्थ्य ही लिङ्ग है। वह सामर्थ्य दामि शब्द में है और इस लिङ्ग (बर्हिलवनप्रकाशनरूप सामर्थ्य) से श्रुति की कल्पना की जाती है। कल्पित श्रुति का स्वरूप होगा- **अनेन मन्त्रेण बर्हिर्लवनं सम्पादयेत्**[17] इस श्रुति से अङ्गत्व का बोध होगा। और अङ्गत्व का रूप- **मन्त्रोऽयंबर्हिर्लवनाङ्गम्।**

मन्त्रगत शब्दों के मुख्य एवं गौण दो प्रकार के अर्थ होते हैं। लिङ्ग मुख्य अर्थ का ही विनियोजक होता है, गौण अर्थ का नहीं होता। उन दो प्रकार के लिङ्गों में से **मन्त्रविनियोजकलिङ्गसामान्यसम्बन्धबोधकप्रमाणान्तरापेक्षलिङ्ग** होता है मन्त्र

---

13. मीमांसान्यायप्रकाशसारविवेचिनीटीका
14. न्यायरत्नमाला
15. तन्त्रवार्तिक-1/3/36
16. कुतूहलवृतिलिङ्गाधिकण 3/3/1-2
17. मीमांसान्यायप्रकाशसारविवेचिनी टीका पृ. 37

का विनियोग करने वाला लिङ्गमन्त्र को मुख्यार्थ में ही विनियुक्त करता है गौणार्थ में नहीं। क्योंकि मुख्यार्थ ही सर्वप्रथम बुद्धि में उपस्थित होता है और उसी प्रथम उपस्थित मुख्यार्थ में मन्त्र के विनियोग की आकाङ्क्षा शान्त हो जाने के बाद फिर से गौणार्थ में मन्त्र के विनियोग की कल्पना करने में गौरव नामक दोष की प्राप्ति होती है। इस कारण **बर्हिर्देवसदनं दामि** यह मन्त्रलिङ्गप्रमाण से कुशलवन का अङ्ग होगा क्योंकि कुश बर्हि शब्द का मुख्यार्थ है, उलप नामक तृणसमूह के लवन का अङ्ग नहीं होता क्योंकि ये उलप नामक तृणसमूह 'बर्हिश्शब्द का गौणार्थ है।

तत्र मन्त्रविनियोजकं लिङ्गं मुख्य एवार्थेविनियोजकं, न गौणे। मुख्यार्थस्य प्रथममुपस्थितत्वेन तत्रैव विनियोगबुद्धौ पर्यवसन्नायां पुनर्गौणेऽर्थे विनियोगकल्पनायां गौरवप्रसंगात्। अत एव 'बर्हिर्देवसदनं दामीति' मन्त्रः सामर्थ्यात्कुशलवनाङ्गम्, तेषाम् मुख्यत्वात्, नोलपराजिलवनाङ्गमित्युक्तम्।[18]

लिङ्ग के स्वरूपवर्णन के पश्चात् अब भेदों का वर्णन किया जा रहा है।

लिङ्ग के प्रभेद-

तच्चलिङ्गंद्विविधम्। वह लिङ्ग दो प्रकार का है-

(I) सामान्यसम्बन्धबोधकप्रमाणान्तरानपेक्षलिङ्ग।

(II) सामान्यसम्बन्धबोधकप्रमाणान्तरसापेक्षलिङ्ग।[19]

लिङ्ग के इन दोनों भेदों में भिन्नता का कारण केवल दो शब्द अनपेक्ष व सापेक्ष है। शेष दोनों का लक्षण एकसमान है। अतः लक्षण के समानभाग को पहले समझते हैं। जो प्रमाण सामान्यरूप से यागादिसम्बन्धमात्र का बोध कराता है विशेष अङ्गाङ्गिभाव का बोध नहीं कराता, वह सामान्यसम्बन्धबोधकप्रमाण कहा जाता है। जैसा कि सारविवेचिनीकार ने कहा- **'यत् प्रमाणं सामान्यतो यागादिसम्बन्धमात्रं बोधयति न विशेषं, तत् सामान्यसम्बन्धबोधकं प्रमाणमित्युच्यते'**[20] अतः जो लिङ्गसामान्यसम्बन्धबोधकप्रमाणान्तर की अपेक्षा नहीं करता, वह लिङ्गप्रमाणसामान्य-सम्बन्धबोधकप्रमाणान्तरानपेक्ष लिङ्ग कहलाता है। और जो लिङ्गसामान्यसम्बन्ध-बोधकप्रमाणान्तर की अपेक्षा करता है वह लिङ्गप्रमाण-

सामान्यसम्बन्धबोधकप्रमाणान्तरसापेक्ष लिङ्ग कहलाता है।

---

18. मीमांसान्यायप्रकाशलिङ्गनिरूपणम्
19. मीमांसान्यायप्रकाशलिङ्गनिरूपणम्
20. मीमांसान्यायप्रकाशसारविवेचिनी टीका

(i) सामान्यसम्बन्धबोधकप्रमाणान्तरानपेक्ष लिङ्ग-

तत्र यदन्तरेण यन्न सम्भवत्येव तस्य तदङ्गत्वं तदनपेक्षम्। तत्र तयोर्द्वयोर्लिङ्गयोर्मध्ये यदन्तरेण अर्थज्ञानमन्तेरण यन्न सम्भवत्येव कर्मानुष्ठानं न सम्भवत्येव तस्य अर्थज्ञानस्य तदङ्गत्वं कर्मानुष्ठानाङ्गत्वं तदनपेक्षं सामान्यसम्बन्ध-बोधकप्रमाणान्तरानपेक्षम्। केवललिङ्गादेव तस्य तदङ्गत्वं केवललिङ्गादेव बोध्यते न तु सामान्यसम्बन्धबोधकप्रमाणान्तरमपेक्षते तल्लिङ्गमङ्गत्व बोधने। यथा- अर्थज्ञानस्यकर्मानुष्ठानाङ्गत्वम्। न ह्यर्थज्ञानमन्तरेणानुष्ठानं सम्भवति।[21]

जिस लिङ्ग प्रमाण स्थल में अङ्गत्व बोध के लिए लिङ्ग को किसी अन्य प्रमाण प्रकरणादि की अपेक्षा नहीं होती। केवल लिङ्ग प्रमाण से ही अङ्गत्व बोध कराया जाता है। यथा- **'यजेत स्वर्गकामः'** इस उदाहरण वाक्य में **'यजेत'** पदगतलिङ्गसामर्थ्य अर्थात् अभिधाशक्ति के द्वारा यह बोध होता है। कि यागानुष्ठान के लिए वेदार्थबोध होना अत्यावश्यक है क्योंकि अर्थज्ञान के बिना कर्मानुष्ठान सम्भव नहीं है। अतः शब्द सामर्थ्यरूपलिङ्गप्रमाण से 'वैदिकवाक्यार्थज्ञानेन कर्मानुष्ठानं भावयेत्' इस प्रकार श्रुति कल्पना की जायेगी फिर विनियोग- 'अर्थज्ञानं कर्मानुष्ठानाङ्गम्'।अतः 'अर्थज्ञानकर्मानुष्ठान का अङ्ग है' यह लिङ्गप्रमाण से सिद्ध होता है। [जिस पदार्थ के विना जो कोई दूसरा पदार्थ संभव नहीं होता ऐसी स्थिति में वह पदार्थ उस दूसरे पदार्थ का अङ्ग बिना उस (सामान्यसम्बन्धबोधकप्रमाणान्तर) की अपेक्षा किये केवल लिङ्ग (सामान्यसम्बन्धबोधकप्रमाणान्तरानपेक्षलिङ्ग) से ही होता है। जैसे वैदिक वाक्यों के अर्थ का ज्ञान कर्मानुष्ठान का अङ्ग होता है। (यह अङ्गाङ्गिभाव नित्य होता है) क्योंकि अर्थ ज्ञान के विना कर्मानुष्ठान सम्भव नहीं होता। -**तत्र यदन्तरेण यन्न सम्भवत्येव तस्य तदङ्गत्वं तदनपेक्षं केवललिङ्गादेव। यथा- अर्थज्ञानस्य-कर्मानुष्ठानाङ्गत्वम्। न ह्यर्थज्ञानमन्तरेणानुष्ठानं सम्भवति।**[22]

अन्यत्र इस प्रकार कहा गया है- **तत्र यद्विना यन्न संभवति तस्य तदङ्गत्वम्।**[23]

लिङ्ग का द्वितीय प्रकार-

(ii) सामान्यसम्बन्धबोधकप्रमाणान्तरसापेक्ष लिङ्ग-

जिस पदार्थ के बिना जो दूसरा पदार्थ हो सकता है (अनुष्ठित सम्पन्न हो सकता है) वह पदार्थ उस दूसरे पदार्थ का अङ्ग उस सामान्यसम्बन्धबोधकप्रमाणान्तर की अपेक्षा करके होता है। जैसे उक्त **('बर्हिर्देवसदनंदामि')** मन्त्र लवन का

---

21. मीमांसान्यायप्रकाशलिङ्गनिरूपणम्
22. मीमांसान्यायप्रकाशलिङ्गनिरूपणम्
23. मीमांसान्यायप्रकाशलिङ्गनिरूपणम्

अङ्गसामान्यसम्बन्ध-बोधकप्रमाणान्तर के द्वारा होता है, मन्त्र के बिना अन्य उपाय से भी लवन का स्मरण करके लवन अनुष्ठित किया जा सकता है, अतः मन्त्रमुख्यतः लवन के स्वरूपनिष्पादन के लिए नहीं होता परन्तु अपूर्व के साधन लवन के प्रकाशन के लिये है।

यदन्तरेण यत्सम्भवति तस्य तदर्थत्वं तदपेक्षम्, यथा- उक्तस्य मन्त्रस्य लवनाङ्गत्वम्। लवनं हि मन्त्रं विनाप्युपायान्तरेण स्मृत्वा कर्तुं शक्यम्, अतो न मन्त्रोलवनस्वरूपार्थस्सम्भवति, किन्त्वपूर्वसाधनीभूतलवनप्रकाशनार्थः।[24]

समाख्यारूपसामान्यसम्बन्धबोधकप्रमाणसापेक्ष लिङ्ग- **पूषानुमन्त्रण** मन्त्रों को **'यागानुमन्त्रण'** मन्त्र भी कहा जाता है अथवा **'पूषानुमन्त्रण'** मन्त्रों की समाख्या **'यागानुमन्त्रण'** भी है इस समाख्या के द्वारा यह समझा जाता है कि **'पूषानुमन्त्रण'** मन्त्रों का यागसामान्य से सम्बद्ध हैं **'पुष्णोऽहं देवयज्यया पुष्टिमान् पशुमान् भूयासम्'** मन्त्रगत सामर्थ्य पूष्णः शब्द की शक्ति लिङ्ग से यह सिद्ध हो जाता है कि पूषानुमन्त्रणमन्त्रपुषयाग से सम्बद्ध है- पुषयाग का अङ्ग है।

पूषानुमन्त्रणमन्त्राणां तु यागानुमन्त्रणसमाख्यया यागसामान्यसम्बन्धेऽवगते सामर्थ्यात्पूषयाग सम्बन्धोऽवगम्यते।[25]

लिङ्गप्रमाण का वाक्यादि से प्राबल्य- और यह लिङ्ग वाक्य, प्रकरण, स्थान व समाख्या से बलवान् है। -**तदिदं लिङ्गं वाक्यादिभ्यो बलवत्।**[26]

वे वाक्यादि साक्षात् विनियोजक अर्थात् अङ्गाङ्गिभावबोधक नहीं होते किन्तु लिङ्ग एवं श्रुति की कल्पना करके विनियोजक होते हैं। -**तेषां हि न साक्षाद्वि-नियोजकत्वम्, किंतु लिङ्गं श्रुतिश्च कल्पयित्वा।**[27]

न चासमर्थस्य श्रुतिं कल्पयित्वा विनियोगकल्पना।
सम्भवतीति समर्थस्यापि कल्प्यत्वेनोपजीव्यत्वात्॥

अतः तैर्यावत्सामर्थ्यं कल्पयित्वा श्रुतिः कल्प्यते तावदेव क्लृप्तेन सामर्थ्येन श्रुतिं कल्पयित्वा विनियोगः क्रियत इति तस्य प्राबल्यम् (लिङ्गस्य प्राबल्यम्)।[28]

'वाक्य से विनियोग पक्ष' का क्रम-

1. वाक्य से लिङ्ग की कल्पना (सामर्थ्यकल्पना)

---

24. मीमांसान्यायप्रकाशलिङ्गनिरूपणम्
25. मीमांसान्यायप्रकाशलिङ्गनिरूपणम्
26. अर्थसंग्रहलिङ्गनिर्वचनम्
27. मीमांसान्यायप्रकाशलिङ्गनिरूपणम्
28. मीमांसान्यायप्रकाशलिङ्गनिरूपणम्

2. लिङ्ग से श्रुति की कल्पना (श्रुतिकल्पना)

3. श्रुति से विनियोग

जबकि लिङ्ग से विनियोग पक्ष का क्रम

1. लिङ्ग से श्रुति की कल्पना (सामर्थ्येन श्रुतिकल्पना)

2. श्रुति से विनियोग (विनियोग)

लिङ्ग का प्राबल्य दिखाते हुए शास्त्रदीपिकाकार लिखते हैं-

वाक्येन प्रथमं लिङ्गं कल्पयित्वा ततः श्रुति।
कल्पनीयेत्यतो वाक्याच्छ्रुत्यर्थो विप्रकृष्यते।
सन्निकृष्टस्तु लिङ्गस्य तेनैतत् प्रबलं ततः।।[29]

लिङ्ग द्वारा विनियोग मानने में लिङ्ग, श्रुति एवं विनियोग इन तीन व्यापारों की आवश्यकता होती है। जबकि वाक्यद्वारा विनियोग मानने पर वाक्य, लिङ्ग, श्रुति एवं विनियोग इन चार व्यापारों की आवश्यकता होती है। अतः स्पष्ट है कि लिङ्ग एवं विनियोग के बीच लिङ्ग एवं श्रुति इन दो व्यापारों का व्यवधान है। इस प्रकार वाक्य विनियोग बोध में अपेक्षाकृत विप्रकृष्ट है एवं लिङ्ग सन्निकृष्ट। अतएव लिङ्ग द्वारा विनियोग होगा वाक्य द्वारा नहीं इसलिये **'स्योनं ते सदनं कृणोमि घृतस्य धारया सुशेवं कल्पयामि'** यह पूर्वार्द्धमन्त्र 'पुरोडाश के सदनकरण' का अङ्ग लिङ्ग से होता है।

इस विषयक जैमिनीयन्यायमालाविस्तर प्रकरण भी द्रष्टव्य है।

स्योनं त इति पूर्वार्द्धं तस्मिन् सीदेति चोत्तरम्।
सदने सादने चायं सर्वोऽथार्थे व्यवस्थिते।।

तच्छब्दादेकवाक्यत्वे भवेदाद्यः श्रुतिं प्रति।
लिङ्गस्य सन्निकृष्टत्वाद्वाक्यबाधे व्यवस्थितिः।।[30]

29. शास्त्रदीपिका 3/3/7

30. जैमिनीयन्यायमालाविस्तर,3/3/8

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 12, No. 23 (37-48) July-December 2024 ISSN 2277-4351
UGC CARE listed (Arts & Humanities) RNI : UTTMUL 2012/53882

स्वास्थ्य संवर्धन में अन्नमयकोश एवं प्राणमयकोश की भूमिका : एक विवेचनात्मक अध्ययन

सुरेन्द्र*

प्रो. महावीर अग्रवाल**

शोध सारांश-

प्रस्तुत शोधकार्य सैद्धांतिक रूप से अन्नमयकोश एवं प्राणमयकोश की स्वास्थ्य संवर्धन में भूमिका के आकलन हेतु किया गया एक विवेचनात्मक अध्ययन है। योगदर्शन की मान्यतानुसार मानव शरीर स्थूल, सूक्ष्म और कारण रूपी तीन शरीरों का संगठन है। पंचकोश का तीन शरीरों (स्थूल, सूक्ष्म व कारण शरीर) से विशिष्ट सम्बन्ध होता है। योगग्रंथ के अनुसार, जब भी अन्नमय कोश मनोमय कोश में किसी भी प्रकार की असंतुलन शुरू होती है तो शरीर और मन की गतिविधियाँ बाधित होती है। इनका असंतुलन जब बहुत अधिक हो जाती है तो प्राणमयकोश में भी असन्तुलन प्रारम्भ हो जाता है। प्राणमयकोश में प्राण का प्रवाह सुचारू रूप से होता है। यह प्राणमयकोश भी अन्नमयकोश पर निर्भर करता है। जब प्राणमय कोश में असन्तुलन होता है तब अन्नमयकोश में असंतुलन स्थिति उत्पन्न होती है। और जिसके परिणामस्वरूप रोग उत्पन्न होने लगते हैं।

अतएव, प्रस्तुत शोध के निष्कर्ष अनुसार 'अन्नमय कोश' के समुचित विकास व पोषण हेतु सदैव सात्विक और पथ्य आहार का सेवन करना चाहिए। सात्विक भोजन शरीर को रोगों से दूर रखता है। यह सात्विक व पथ्य आहार अत्यन्त पौष्टिक होते हैं एवं आवश्यक मात्रा में शरीर व मन को पोषण देते है।

स्वास्थ्य को सदैव अच्छा बनाए रखते हैं। अतः स्वस्थ रहने के लिए हम औषधि उचित मात्रा में व संतुलित रूप से आहार का सेवन करें। अन्नमय कोश को स्वस्थ बनाए रखने हेतु अभ्यंग, तत्व शुद्धि, उपवास, तप, औषधि, आहार, आसन, शुद्धि क्रियाएं व पंचकर्म जैसे उपायों को अपनी दिनचर्या में स्थान देना चाहिए।

---

* पी-एच.डी. शोध छात्र, पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार, उत्तराखण्ड।

** प्रतिकुलपति, पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार, उत्तराखण्ड।

जीवनशक्ति व ऊर्जा के स्रोत स्वरूप पंचकोश की आवश्यक दूसरी परत 'प्राणमय कोश' को प्राणायाम, मुद्रा एवं बंध के माध्यम से परिष्कृत किया जाता है। प्राण ही जीवन को संचालित करता है। अतः अन्नमय कोश के समान ही प्राणमय कोश को स्वस्थ बनाए रखने हेतु संतुलित आहार के साथ-साथ प्राणायाम, मंत्रजप, एवं मौन के अभ्यास को अपनी दिनचर्या में प्रमुख स्थान देना चाहिए। अन्नमय एवं प्राणमय कोश के सामंजस्यपूर्ण कार्य करने से व्यक्ति मनोशारीरिक रूप से स्वस्थ, तेजस्वी, ओजवान, व प्राणवान बनता है।

कूट शब्द-योग, पंचकोश, अन्नमय कोश, प्राणमय कोश, स्वास्थ्य।

1. प्रस्तावना-यजुर्वेद के तैत्तिरीयोपनिषद् के अर्न्तगत पंचकोश का उल्लेख मिलता है। तैत्तिरीयोपनिषद् में पंचकोश का उल्लेख गुरु वरुण और उनके पुत्र भृगु के मध्य का संवाद है।[1] पंचकोश का विभाजन तीन भागों में किया गया है जिनसे तीन शरीरों (स्थूल, सूक्ष्म, कारण शरीर) का निर्माण होता है जैसे-स्थूल शरीर अन्नमयकोश व प्राणमयकोश से निर्मित होता है, सूक्ष्म शरीर मनोमयकोश व विज्ञानमयकोश से निर्मित होता है, कारण शरीर आनन्दमयकोश से निर्मित होता है।[2] जीवन को संचालित करने हेतु प्राण सर्वाधिक महत्व रखता है। जो कि मन व शरीर को एक साथ बांधता भी है तथा चेतना का सशक्तिकरण भी करता है। यह मानव को तीनों गुणों-रज (कर्म), तम (जड़ता) व सत्व 'संतुलन' से भर देता है। प्राण को शरीर का ऊर्जा भी कहा जाता है। जिस प्रकार गर्भ में पल रहे बच्चे को गर्भनाल जीवन देती है उसी प्रकार श्वास भी मनुष्य के अंदर पांच कोश के आवरण से ढकीं आत्मा को पोषण देने का कार्य करती है।[3] योग शरीर के पाँच स्तरों को मानता है। इन पाँच स्तरों को पंचकोश कहा जाता है। ये पंच कोश मिलकर सम्पूर्ण मानव अथवा 'स्व' का प्रतिनिधित्व करते हैं।[4]

यद्यपि, सदाचारी जीवन जीने से शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक स्तर पर समग्र स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। अतः नियमपूर्वक जीवनशैली से जिसमें शुद्ध व

---

1. गम्भीरानन्द, एस., (1986), *तैत्तिरीय उपनिषद्*, कलकत्ता: अद्वैत आश्रम।
2. शास्त्री, ऐ. के. वी., (2015), *उपनिषत्सञ्चयनम् तैत्तिरीयोपनिषद्*, चौखम्बा संस्कृत प्रतिश्ठान, जवाहर नगर, दिल्ली, सूत्र संख्या 474, पृष्ठ संख्या 474।
3. रविराज, पी., और रयाली, ए., (2023), प्राणमय कोश के संदर्भ में प्राणवायु और प्राणवाह स्रोत की फिजियोलॉजी की खोज, *आयुषः इंटर्नेशनल रिसर्च जर्नल ऑफ आयुर्वेद टीचर्स एसोसिएशन*, 2(2)।
4. पार्चर, ई., (2016), *कोशः प्रामाणिक स्व तक पहुँचने के लिए एक मार्गदर्शिका*, योग एण्ड इटिंग डिसॉर्डर, रूटलेज, पृष्ठ संख्या-33-42।

संतुलित आहार खाने से व प्राणायाम, मुद्रा एवं बंध से अन्नमय व प्राणमय को मजबूत बनते हैं। इसी प्रकार शुद्ध चिंतन व मनन से मनोमय कोश और विज्ञानमयकोश मजबूत होते हैं। सदृशत: ध्यान व अन्य उच्च यौगिक अभ्यासों से आनन्दमय कोश परिष्कृत होते हैं। सभी पंचकोशों के सामंजस्यपूर्ण कार्य करने से व्यक्ति पूर्णत: स्वस्थ, तेजस्वी, व ओजवान बनता है।[5], तैत्तरीय उपनिषद् अनुसार इन पंचकोश में प्रथम-अन्नमय कोश, यह भौतिक शरीर से सम्बन्धित होता है। द्वितीय-प्राणमय कोश, यह प्राणिक शरीर (ऊर्जा का आयाम) से सम्बन्धित होता है। तृतीय-मनोमय कोश, यह मानसिक शरीर से सम्बन्धित होता है। चतुर्थ-विज्ञानमय कोश, इसे विज्ञान या अर्न्तज्ञान है। पंचम-आनंदमय कोश, यह आनंद की अनुभूति है (चित्र-1)।[6-7]

चित्र-1: मानव शरीर स्थित पंचकोश

योग ग्रंथ के अनुसार, जब भी अन्नमय कोश या प्राणमय कोश में असंतुलन शुरु होता है तो शरीर और मन की गतिविधियाँ बाधित होती हैं। इनका असंतुलन जब बहुत अधिक हो जाता है तो मनोमय कोश में भी असन्तुलन प्रारम्भ हो जाता है। प्राणमय कोश के अन्तर्गत संपूर्ण शरीर में प्राण का प्रवाह सुचारु रूप से होता है। यह प्राणमय कोश अन्नमय कोश पर निर्भर करता है। जब प्राणमय कोश में असन्तुलन होता है तब अन्नमय कोश में कम पाचन की स्थिति उत्पन्न होती है।

---

5. बंसल, बी., और पात्रा, एस., (2017), अन्नमय कोश-प्राचीन और आधुनिक विज्ञान के दृष्टिकोण से। *इन्टर्नेशनल जर्नल ऑफ योग एंड अलाइड साइंसेज*, (6, 263-265।
6. चिन्मयानन्द, एस., (2014), *तैत्तिरीय उपनिषद्*, सेन्ट्रल चिन्मय मिशन ट्रस्ट।
7. सत्पथी, बी., (2018), व्यक्तित्व का पंचकोश सिद्धांत, द *इन्टर्नेशनल जर्नल ऑफ इंडियन साइकोलॉजी*, 6 (2), 33-38।

जिसके परिणामस्वरूप रोग उत्पन्न होते हैं। अन्नमय कोश और प्राणमय कोश में असन्तुलन की शृंखला प्रतिक्रिया का एक और परिणाम मनोमय कोश में असन्तुलन होता है, जो कि अंत में विज्ञानमय और आनंदमय कोश को बाधित करता है। यह व्यक्ति की निर्णय क्षमता पर प्रभाव डालता है तथा व्यक्ति को तनाव, चिंता, अवसाद जैसी मानसिक विकारों की समस्या से ग्रस्त कर देता है। इसके अतिरिक्त शरीर में कई प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते हैं।[8-9]

आधुनिक स्वास्थ्य अध्ययनों ने प्रमाणित किया है कि मधुमेह, कैंसर, पेप्टिक अल्सर, गठिया, पाचन विकार जैसी 80 प्रतिशत से अधिक बीमारियाँ आधिजा व्याधि के अर्न्तगत आती है। यह शरीर और मन के द्वारा उत्पन्न होती हैं तथा पंचकोश से सम्बन्धित होती हैं।[10-11] अतः इन बीमारियों को शरीर व मन संतुलित कर दूर किया जा सकता है। जब इस संसारिक मोह-माया से व्यक्ति गुजरता है और इन सब के कारण मन या मनोमयकोश में भ्रम, क्रोध, ईर्ष्या, घृणा व असंतोष जैसे गुण उत्पन्न होते हैं और लम्बे समय तक मन के इन गुणों से ग्रस्त होने के कारण बीमारी उत्पन्न होती है। जो कि बीमारी के रूप में भौतिक शरीर तक भी पहुच जाती है। मन और शरीर का अर्थात् अन्नमय कोश एवं मनोमय को एक सिक्के के दो पहलू मानते हैं। अतः मन के अशांत होने से शरीर और शरीर में कोई व्याधि होने पर मन प्रभावित होता है। इसी प्रकार प्राणमय कोश को शरीर व मन के भीतर पुल की भांति देखा जाता है इसमें ज्ञान या बुद्धि का संचालन होता है। यह विचार प्रक्रिया के माध्यम से मन को नियंत्रित करता है। विज्ञानमयकोश शरीर में रोगों हेतु जिम्मेदार माना जाता है तथा आनन्दमय कोश में आनन्द की मूल अवस्था के कारण यह भी समग्र स्वास्थ्य का हिस्सा माना जाता है।[12]

---

8. महेशानन्द, एस., (1999), *शिवसंहिताः एक आलोचनात्मक संस्करण*, तृतीय पटल-ईश्वर उवाच, कैवल्यधाम श्रीमन्माधव योग मन्दिर समिति, लोनावला, पुणे, महाराष्ट्र।
9. सरस्वती, एस.एस., (2006), *आसन प्राणायाम मुद्रा बन्ध*, प्रारम्भिक आसन समूह-पवनमुक्तासन समूह भाग-1, योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट, मुंगेर, बिहार, भारत।
10. पालन, बी.एम., (2018), मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन में "पंच-कोश" शुद्धिः उम्रदराज महिलाओं के संदर्भ में, मानसिक स्वास्थ्य और उम्रदराज महिलाएँ : महतपूर्ण सहसंबंध, 449।
11. शर्मा, डी., (2023), पाँचकोश की दृष्टि से स्वास्थ्य, *इन्टर्नेशनल जर्नल ऑफ योग एंड अलाइड साइंसेज*, 12(2), 225-230।
12. चिन्मयानन्द, एस., (2014), *तैत्तिरीय उपनिषद्*, सेन्ट्रल चिन्मय मिशन ट्रस्ट।

2. अन्नमयकोश की अवधारणा, विकास एवं पोषण, तथा स्वास्थ्य सिद्धान्त।

2.1 अन्नमय कोश की अवधारणा

अन्नाद्वै प्रजाः प्रजायन्ते। याः काश्च पृथ्वींश्रिताः।
अथो अन्नेनैव जीवन्ति। अथैनदपि यन्त्यन्ततः॥

(तैत्तिरीय उपनिषद् 2/1)

अर्थात् 'अन्न' से तात्पर्य है 'भोजन'। तैत्तरीय उपनिषद् में अन्न को औषधि के समान बताया गया है। आहार अन्नमय कोश से सम्बन्धित होता है जो कि स्थूल शरीर का प्रतिनिधित्व करता है। आहार की अवधारणा के अनुसार, संसार के सभी प्राणियों की उत्पत्ति अन्न से हुई है तथा वे जीवनपर्यन्त अन्न ही ग्रहण करते हैं इसके बाद जीवन समाप्त होने पर उस मृत शरीर को कीड़े व अन्य जीव जन्तु अन्न के रूप में उपभोग करते हैं। आहार यदि उचित मात्रा में व संतुलित रूप से लिया जाए तो वह शरीर में औषधि के रूप में कार्य करता है जिससे व्यक्ति को समग्र स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है।[13]

पुरातन साहित्य में अन्न की विभिन्न प्रकार की व्युपत्तियां पाई जाती हैं, जैसे-शब्दस्तोम महानिधि के अनुसार "आहार वह पदार्थ है जो शरीर का निर्माण करता है।" इसी तरह वैद्यक शब्दसिंधु के अनुसार "कोई भी पदार्थ जो गले से होकर गुजरता है आहार कहलाता है।" वहीं यजुर्वेद 11.83 मंत्र के अनुसार- **"अन्नप॒तेऽन्नस्य नो देह्यनमी॒वस्य॑ शु॒ष्मिण॑ः।"** अर्थात्, यजुर्वेद के एक सूत्र द्वारा आहार के बारे में कहा गया है कि "अन्न ऐसा होना चाहिए जिससे शरीर में कोई रोग न पनप सके और ताकत भी मिले।"[14] सदृशतः मनुस्मृति 4/62 श्लोक के अनुसार, **"न भुजीतोद्धुतस्नेहं नातिसौहित्यमाचरेत्। नातिप्रगे नतिसायं न सायं प्रातराशितः।"** अर्थात् मनु के अनुसार घी और तेल के बिना भोजन नहीं करना चाहिए। अधिक भोजन नहीं करना चाहिए इसी प्रकार सूर्य अस्त होने के बाद और सूर्य उदय से पहले भोजन नहीं करना चाहिए। दोपहर में भारी भोजन करने के बाद सायं को भोजन नही करना चाहिए।[15] विष्णु पुराण में **"जठरं पूरयेदर्धं तदर्धं तु जलेन च। वायोः संचरणार्थाय चतुर्थभवशेशयेत्॥"** अर्थात् जब भोजन का सेवन करें तो आधे पेट ही भोजन ग्रहण करें, शेष बचे आधे पेट में एक चौथाई जगह पानी हेतु तथा अन्य एक चौथाई स्थान को पाचन क्रिया के लिए रिक्त छोड़ दें।[16] इसी प्रकार

---

13. चिन्मयानन्द, एस., (2014), *तैत्तिरीय उपनिषद्*, सेन्ट्रल चिन्मय मिशन ट्रस्ट।
14. पिपरैया, आर.के., (2003), *चार वेदों के दस उपनिषद्*, मोतीलाल बनारसीदास।
15. मनु, ए., (2020), *मनुस्मृति*, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली।
16. विनय, (1999), *विष्णु पुराण*, डायमंड पॉकेट बुक्स, नई दिल्ली।

श्रीमद्भगवद् गीता के सत्रहवें अध्याय के आठवें श्लोक में आहार के बारे मे चर्चा की गई है जिसमें खाद्य पदार्थों को पाचन के आधार पर तीन श्रेणियों तामसिक, राजसिक व सात्विक में बांटा गया है। सात्विक आहार के सम्बन्ध में श्लोक है कि **"आयुःसत्वबलारोग्य सुखप्रीतिविवर्धनाः। रस्याः स्निग्धाः स्थिराः हृद्या आहारा सात्विकप्रियाः॥"** (श्रीमद्भगवद्गीता-17/8) श्लोकानुसार, सात्विक आहार का स्वभाव या प्रकृति रसयुक्त, वसायुक्त, पौष्टिक, चिकने, स्थिर रहने वाले व स्वादिष्ट होती है। यह आहार आयुवर्धक, बुद्धिवर्धक, अरोग्यदायक, सुख व प्रीति वर्धक होता है।[17] राजसिक आहार के सम्बन्ध में वर्णन मिलता हैं कि **"कट्वम्ललवणात्युष्ण-तीक्ष्णरुक्षविदाहिनः। आहारा राजसस्येष्टा दुःखशोकामयप्रदाः॥"** (श्रीमद्भगवद्गीता-17/9) अर्थात्, राजसिक आहार की स्वभाव या प्रकृति कड़वे, खट्टे, तीखे, रूखे, लवण युक्त, बहुत गर्म और जलनयुक्त प्रकार के होते हैं। जो व्यक्ति आवेशी प्रकृति के होते हैं यह उनको प्रिय होते हैं। यह आहार व्यक्ति के लिए दुःख उत्पादक, चिन्ता उत्पादक व रोग उत्पादक साबित होते हैं तथा आलस्य को बढ़ावा देते हैं।[18] अन्ततः तामसिक आहार के सम्बन्ध में यह कहा गया है कि **"यातयामं गतरसं पूति पर्युशितं च यत्। उच्छिष्टमपि चामेध्यं भोजनं तामसप्रियम॥** (श्रीमद्भगवद्-गीता-17/10), अर्थात् तामसिक आहार का स्वभाव या प्रकृति नीरस, दुर्गन्धित, बासी, जूठा, बेस्वाद या अपवित्र प्रकार का होता है। यह भोजन तामसिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों का प्रिय होता है।[19]

आहार स्वयं में औषधि है क्योंकि उचित आहार के द्वारा शरीरगत त्रिदोषों के असंतुलन से बचा जा सकता है। वेदों के अनुसार आहार को जीवन कहा गया है। आहार जीवन जीने हेतु महत्त्वपूर्ण कारक है। इसी प्रकार तैत्तिरीय उपनिषद् में कहा गया है कि "यथा अन्नम् तथा मनः" अर्थात् जो साधक जैसा अन्न खाता है वैसा ही उसका मन हो जाता है। अतः योगी को वही भोजन ग्रहण करना चाहिए जो उसके शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक विकास में सहायक हो। चरक संहिता के अनुसार "आहार द्रव्य पंचभौतिक हैं। पृथ्वी तल पर सूर्य के ताप तथा जलवायु की सहायता से प्रकृति के उत्पन्न किये हुए शरीरोपयोगी द्रव्य ही आहार हैं।" आचार्य गंगाधर द्वारा चरक संहिता पर की गयी टीका के सूत्रस्थान के 11/15 श्लोकानुसार- "जिह्वा

17. स्वरूपानन्द, एस., (2016), *श्रीमद्भगवद् गीता*, अद्वैत आश्रम (ए पब्लिकेशन ब्रांच ऑफ रामकृष्ण मठ, बैलुर मठ)।
18. सरस्वती, पी.एस.एस.बी., महाराजा, जी., और देवा, एस.बी.आर.एस., (2012), *श्रीमद्भगवद्-गीता*, चेन्नई आर्शा विद्या रिसर्च एंड पब्लिकेशन ट्रस्ट।
19. स्वरूपानन्द, एस., (2016), *श्रीमद्भगवद्गीता*, अद्वैत आश्रम (ए पब्लिकेशन ब्रांच ऑफ रामकृष्ण मठ, बैलुर मठ)।

ह्यहरणं आहार:" अर्थात्, वह सामग्री जो जिव्हा के द्वारा गले के नीचे तक उतारा जाए वह भाग ही आहार है। भगवान धन्वन्तरी के अनुसार- "प्राणियों के बल, वीर्य और ओज का मूल आहार है" -दोष वृद्धि, दोष क्षरण, दोष समता, आहार के रस-गुण-विपाक और वीर्य के कारण हुआ करती है। आहार से शारीरिक वृद्धि, आरोग्य, बल, वीर्य और इन्द्रियों की प्रसन्नता उत्पन्न होती है एवं आहार की विषमता से रोग उत्पन्न होते हैं। जिसमें पेय, भोज्य, भक्ष्य और लेह्य ये चार प्रकार हैं। जो विभिन्न द्रव्यों से बने हुए हैं, जिनके सेवन से शरीर में बहुविध शक्ति उत्पन्न होती है। महर्षि सुश्रुत के अनुसार- "समस्त जीव मात्र का मूल आहार है।" भगवान आत्रेय के अनुसार- "अन्नं वै प्राणिनां प्राणा:।" इष्ट वर्ण गन्धरसस्पर्शयुक्त विधि विहित अन्न पान को प्राणधारियों का 'प्राण' कहा है। क्योंकि यह प्रत्यक्ष है कि उक्त गुणों की सम्पन्नता वाले भोजन से ही अन्तराग्नि-कायाग्नि की स्थिति है। उक्त गुण सम्पन्न भोजन से ही हमारी इन्द्रियाँ प्रसन्न रहती हैं। शरीर धातु पुष्ट होता है, बल बढ़ता है और सत्व का वर्धन होता है। अन्नमयकोश भोजन के जड़ पदार्थ से बना होता है और बाद में पुन: मिट्टी में मिल जाता है।[20]

2.2 अन्नमय कोश का विकास एवं पोषण

अन्नमय कोश के समुचित विकास व पोषण हेतु सदैव सात्विक व पथ्य आहार का सेवन करना चाहिए। सात्विक भोजन शरीर को रोगों से दूर रखता है। यह खाद्य पदार्थ अत्यन्त पौष्टिक होते हैं एवं आवश्यक मात्रा में शरीर व मन को पोषण देते हैं और स्वास्थ्य को सदैव अच्छा बनाए रखते हैं। जिन व्यक्तियों के द्वारा तामसिक भोजन ग्रहण किया जाता है उनमें नकारात्मक ऊर्जा आती है और उनका आंतरिक शरीर कमजोर होता है। अत: आहार में सदैव पथ्य आहार ही लेना चाहिए जो कि अन्नमय कोश का विकास एवं पोषण हेतु आवश्यक है। आयुर्वेद में खाने से सम्बन्धित कुछ शिष्टाचार भी बताए गए हैं जो इस प्रकार हैं-

"तत्रेदमाहारवित्रिविधानम् रोगाणामातुराणां चापि केशांश्चित् काले प्रकृत्यैव हिततमं भुजानानां भवति-उष्णं, स्निग्धं मात्रावत्, जीर्णे, वीर्याविरुद्धम, इष्टे देशे इष्टसर्वोपकरणं, नातिद्रुतं, नातिविलम्बितम्, अजल्पन्, अहसन्, तन्मना भुञ्जित, आत्मानमभिसमीक्ष्यसम्यक्॥" (चरक संहिता, विमान स्थान, 1/24)

अर्थात् चरक संहिता ग्रन्थ के विमान स्थान में मनुष्य हेतु आहार के बारे में बताते हुए आचार्य चरक ने 24 वें सूत्र के द्वारा बताया है कि आहार निम्न प्रकार

---

20. शास्त्री, ऐ.के.वी., (2015), *उपनिषत्सञ्चयनम्: तैत्तिरीयोपनिषद्:*, चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, जवाहर नगर, दिल्ली, सूत्र संख्या 474, पृष्ठ संख्या 474।

के गुण वाला होना चाहिए-जैसे-भोजन ऊष्ण गुण वाला होना चाहिए। भोजन स्निग्ध गुण वाला होना चाहिए। भोजन उचित मात्रा में करना चाहिए। पिछले किए गए भोजन के पचने के उपरांत ही दोबारा भोजन करना चाहिए। शक्ति में विरोधाभासी नहीं होना चाहिए अर्थात् विरुद्ध आहार। 'भोजन अधिक तेज नहीं खाना चाहिए। भोजन अधिक धीमी गति से नहीं खाना चाहिए। भोजन बिना बात किए करना चाहिए। भोजन करते समय हंसना नही चाहिए। भोजन एकाग्र मन से करना चाहिए। स्वयं का उचित सम्मान करते हुए भोजन करना चाहिए।[21-22]

इसी प्रकार प्रमुख आयुर्वेदीय ग्रंथ अष्टांग हृदयम् के सूत्र स्थान के 35 से 38वें सूत्र में अन्नमय कोष के पोषण एवं संतुलन हेतु आहार नियम व्यवस्था अग्रानुरूप बताई गई हैं-

"काले सात्म्यं शुचि हितं स्निग्धोष्णं लघु तन्मनाः॥ षड् रसं मधुरप्रायं नाति द्रुतम् विलम्बितम्। स्नातः क्षुद्वान् विविक्तस्थो धौतपादकराननः। तर्पयित्वा पितृन् देवानतिथीन् बालकान् गुरून्। प्रत्यवेक्ष्य तिरश्चोऽअपि प्रतिपन्नपरिग्रहान॥ समीक्ष्य सम्यगात्मानम निन्दन्नब्रुवन् द्रवम्। इष्ट मिष्टैः सहाश्नीयाच्छुचि-भक्तजनाहृतम्" (अष्टांग हृदयम्, सूत्र स्थान, 8/35-38)। अर्थात् आहार सेवन के समय मन एकदम शांत व प्रसन्न होना चाहिए। आहार उचित समय पर होना चाहिए। आहार स्वच्छता पूर्ण बना होना चाहिए। आहार में सभी प्रकार के स्वाद का मिश्रण हो और मीठा अवश्य शामिल हो। भोजन ताजा हो परन्तु यह न अधिक गर्म हो और न ही अधिक ठंडा। भोजन में सभी पौष्टिक तत्व मौजूद होने चाहिए। भोजन स्नानादि उपरांत ही करना चाहिए। भोजन करने की गति बहुत अधिक तेज या धीमी न हो। स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर खान-पान की आदतों को सुधारना। संतुलित व स्वस्थ आहार का सेवन करना। शारीरिक व्यायाम जैसे चलना, दौड़ना, यौगिक आसन आदि करना[23]।

2.3 अन्नमय कोश के स्वास्थ्य सिद्धान्त

अन्नमय कोश से स्थूल शरीर बनता है जिसे भौतिक शरीर कहते हैं। इसमें पांच ज्ञानेन्द्रियां व पांच कर्मेन्द्रियां शामिल होती हैं। अन्नमय कोश को नीचे बताए जा

---

21. शास्त्री, के., (2012), *चरकसंहिता*, चौखम्भा संस्कृत संस्थान, विमान स्थान, 1/24।
22. पात्रा, एस., (2017), सूक्ष्म शरीर हमारी समझ से परे है, *इन्टर्नेशनल जर्नल ऑफ योग-फिलॉसफी*, साइकोलॉजी, एंड पैरासाइकोलॉजी, 5(2), 29-34।
23. त्रिपाठी, बी., (2020), *अष्टांग हृदयम्*, चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी, सूत्र स्थान, 8/35-38।

रहे अभ्यंग, तत्व शुद्धि, उपवास, तप, औषधि, आहार, आसन, शुद्धि क्रियाएं व पंचकर्म जैसे तरीकों के माध्यम से स्वस्थ बनाए रखा जा सकता है।[24-25]

औषधि : औषधि के रूप में जड़ी बूटियों का प्रयोग मानव शरीर प्रणाली को स्वस्थ रख ऊर्जा प्रदान करता है। जड़ी-बूटियां शरीर की आन्तरिक सफाई के साथ-साथ पोषण प्रदान करने का भी कार्य करती है।

आहार : आहार मनुष्य शरीर में शरीर को ऊर्जा देने का कार्य करता है, वह शरीर की टूट-फूट की मरम्मत करता है तथा शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि करता है। यौगिक शास्त्रों में आहार के बारे में बताया गया है कि भोजन का जो स्थूल भाग होता है वह पंचकोशों के सबसे बाहरी आवरण अन्नमय कोश का पोषण करता है एवं भोजन का जो सूक्ष्म भाग होता है वह प्राणमय और मनोमय कोश को पोषित करता है।

आसन : शारीरिक मुद्राओं या आसन के अभ्यास से शरीर व मन में एक विश्राम व शांति की स्थिति उत्पन्न होती है जो कि शरीर को पुनर्जीवित करती है।

शुद्धि क्रियाएँ : योग अभ्यास के रूप में बताई गई छः शुद्धि क्रियाओं के द्वारा शरीर के सभी अंगों की शुद्धि होती है जिससे अंग सक्रिय होकर सुचारू रूप से कार्य करते हैं।

पंचकर्म : आयुर्वेद में बताई गई पांच शुद्धि क्रियाओं वमन, विरेचन, बस्ति, नस्य और रक्त मोक्षण के द्वारा नाड़ी संस्थान की सफाई की जाती है जो कि अन्नमय कोश को स्वस्थ रखने में उपयोगी साबित होती हैं।

3. प्राणमयकोश की अवधारणा, विकास एवं पोषण, तथा स्वास्थ्य सिद्धान्त

3.1 प्राणमय कोश की अवधारणा

"तस्माद्वा एतस्मादन्नरससमयादन्योऽन्तर आत्मा प्राणमयः।" (तैत्तिरीय उपनिषद् 2/2), अर्थात् प्राणमय कोश पंचकोश की दूसरी परत है जिसमें प्राण शब्द से तात्पर्य है ऊर्जा का स्त्रोत। ऊर्जा की आवश्यकता शरीर में सभी कार्यों के लिए आवश्यक ही होती है। जिसमें प्राण का मुख्य कार्य श्वसन क्रिया, दिल की धड़कन, पाचन व

24. साथियासीलन, बी. और साथियासीलन, ए., (2016), उपनिषदों के पंचकोश सिद्धांत के साथ मास्लो के आवश्यकताओं के पदानुक्रम के सिद्धांत की तुलना। अर्थ जर्नल ऑफ सोशल साइंजेस, 15(1), 59-68।
25. वल्सल कुमार, सी., श्रीधर, एम. के., और नागेन्द्र, एच. आर., (2024), व्यक्तिगत खुशी, मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ाने में योग और तैत्तिरीयोपनिषद की भूमिका और प्रभाव, *एटोमिक स्पेक्ट्रोस्कोपी,-पार्ट सी*, 45(1), 150-164।

परिसंचरण का नियंत्रण है। तैत्तिरीय उपनिषद् में प्राणमय कोश के बारे में बताया गया है कि यह अन्नमय कोश के समान ही कोश की आत्मा के समान है। यदि किसी भी क्षण शरीर में प्राण ऊर्जा का संचालन न हो तो शरीर की सभी गतिविधियां समाप्त हो जाती हैं। आयुर्वेद में एक शारीरिक प्रणाली के रूप में वर्णित पांच प्राण मौलिक प्राणमयकोश का प्रतिनिधित्व करते हैं।[26-27]

इस प्राणमय कोश से युक्त पांच प्राणों का वर्णन इस प्रकार है-धारणा की भावना (प्राण)-प्राण मानव शरीर में पांच इन्द्रियों के माध्यम से बाह्य वातावरण से प्राप्त पांच प्रकार की उत्तेजनाओं का नियंत्रण करता है। उत्सर्जन की भावना (अपान)-अपान मानव शरीर में मल, मूत्र व पसीने जैसे अपशिष्ट पदार्थों से सम्बन्धित होता है। पाचन की भावना (समान)-समान मानव शरीर में पाचन संस्थान अर्थात् पाचन तंत्र का नियंत्रण करता है। परिसंचरण की भावना (व्यान)-व्यान वह प्राकृतिक तरीका है जिसमें हमारे द्वारा खाया गया सारा पोषक तत्व (भोजन का पोषण) रक्तवाह स्रोत (रक्तप्रवाह) के माध्यम से हमारे शरीर के विभिन्न भागों में चला जाता है। मूल्यांकन की भावना (उदान)-उदान व्यक्ति के द्वारा किसी विचार के नए विकास या निर्माण की संभावना की कल्पना करने के लिए अपने विचारों को उच्च अंश तक बढ़ाने की भावना है।

3.2 प्राणमय कोश की स्वास्थ्य धारणाएँ

प्राणमय कोश महत्वपूर्ण जीवन शक्ति है जो शरीर के आंतरिक और बाहरी जीवन के लिए मूल ऊर्जा है। प्राणमय कोश के माध्यम से कोशिकाओं में प्राण का एकसमान प्रवाह शरीर को स्वस्थ रखता है। प्राणमय कोश ऊर्जा का कोश है। किसी भी भाग में निरन्तर प्रवाह की कमी के कारण वह शिथिल होने लगता है। प्राणमय कोश के असंतुलन को प्राणायाम, शोधन क्रिया एवं उचित श्वास अभ्यासों के माध्यम से संतुलित किया जा सकता है। प्राणायाम कंपकंपी, उच्च रक्तचाप, अव्यवस्थित श्वास, धड़कन, अतिसंवेदनशील प्रतिक्रिया और अति सक्रियता जैसे कार्यात्मक असंतुलन को ठीक करता है। प्राणमय कोश हेतु प्राणायाम, मुद्रा, बंध एवं एक्यूपंक्चर

---

26. पात्रा, एस., (2017), सूक्ष्म शरीर हमारी समझ से परे है, इन्टर्नेशनल जर्नल ऑफ योग-फिलॉसफी, साइकोलॉजी, एंड पैरासाइकोलॉजी, 5(2), 29-34।
27. मान, ए., और सिंह. जे., (2018), मानसिक स्वास्थ्य पर कुंडलिनी योग अभ्यास की प्रभावशीलता, *इन्टर्नेश्नल जर्नल ऑफ फिजियोलॉजी*, न्यूट्रिशन, एंड फिजिकल एजुकेशन, 3(2), 784-788।

बहुत अच्छी चिकित्सा मानी जाती है। एक्यूपंक्चर तकनीकि में ऊर्जा प्रवाह चैनलों में दबाव दे करके ऊर्जा परिवर्तित की जाती है।[28]

3.3 प्राणमय कोश-विकास एवं पोषण

प्राणमयकोश को प्राणायाम, मुद्रा एवं बंध के माध्यम से परिष्कृत किया जाता है। प्राणायाम, मुद्रा एवं बंध का अभ्यास प्राणमयकोश को उर्जा देते है और विस्तार करते हैं। आंत के द्वारा प्राणकोश में भोजन के माध्यम से पोषण पहुँचाया जाता है तो वहीं वायु से फेफड़े प्राणकोश में प्राण को पहुँचाते हैं इस प्रकार प्राण शरीर व मन को परिष्कृत करता है। प्राणमय कोश के कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए उसका विकास एवं पोषण अत्यन्त आवश्यक है। अतएव प्राणमय कोश का विकास एवं पोषण निम्न प्रकार किया जा सकता है[29] जैसे-प्राणायाम जैसे विभिन्न श्वास प्राणायामों का अभ्यास करना चाहिए। प्राणमय कोश की उत्कृष्टता के लिए प्राणायाम, मुद्रा एवं बंध का अभ्यास करना चाहिए। श्वास के प्रति जागरूक रहकर आसनों का अभ्यास करना चाहिए। मौन का अभ्यास करना और सुखदायक मंत्रों का जाप करना चाहिए।

4. निष्कर्ष-

प्रस्तुत शोधकार्य सैद्धांतिक रूप से सम्पन्न अन्नमयकोश एवं प्राणमयकोश की स्वास्थ्य संवर्धन में भूमिका के आकलन हेतु किया गया एक विवेचनात्मक अध्ययन है। जिसके तहत यह देखा गया कि योगदर्शन की मान्यतानुसार मानव शरीर स्थूल, सूक्ष्म और कारण रूपी तीन शरीरों का संगठन है। पंचकोश का तीन शरीरों (स्थूल, सूक्ष्म, व कारण शरीर) से विशिष्ट सम्बन्ध होता है। ये पंचकोश मिलकर सम्पूर्ण मानव अथवा 'स्व' का प्रतिनिधित्व करते हैं। तैत्तरीय उपनिषद् अनुसार इन पंचकोशों में प्रथम-अन्नमय कोश, यह भौतिक शरीर से संबंधित होता है, व इसे अन्न या भोजन से सम्बन्ध रखता है। द्वितीय-प्राणमय कोश, यह प्राणिक शरीर (ऊर्जा का आयाम) से संबंधित होता है, व इसे प्राण या ऊर्जा के लिए उत्तरदायी माना जाता है। योगग्रंथानुसार, जब भी अन्नमय कोश या मनोमय कोश में किसी भी प्रकार की असंतुलन शुरू होती है, तो शरीर, प्राण और मन की गतिविधियाँ बाधित होती है। इनका असंतुलन जब अधिक हो जाता है तो प्राणमयकोश में भी असन्तुलन प्रारम्भ

---

28. वल्सल कुमार, सी., श्रीधर, एम.के., और नागेन्द्र, एच.आर., (2024), व्यक्तिगत खुशी, मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ाने में योग और तैत्तिरीयोपनिषद की भूमिका और प्रभाव, *एटोमिक स्पेक्ट्रोस्कोपी,-पार्ट सी*, 45(1), 150-164।
29. चिन्मयानन्द, एस., (2014), *तैत्तिरीय उपनिषद्*, सेन्ट्रल चिन्मय मिशन ट्रस्ट।

हो जाता है। प्राणमयकोश के अर्न्तगत प्राण का प्रवाह सुचारू रूप से होता है। जो अन्नमय कोश पर निर्भर करता है। अन्नमय कोश और प्राणमय कोश आपस में अंतः संबंध रखते हैं। जब प्राणमय कोश में असन्तुलन होता है तब अन्नमय कोश में कम पाचन की स्थिति उत्पन्न होती है। जिसके परिणामस्वरूप रोग उत्पन्न होते हैं। अतएव, प्रस्तुत शोध के निष्कर्षानुसार सदाचारी जीवन जीने से शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व आध्यात्मिक स्तर पर समग्र स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। अतः नियमपूर्वक जीवनशैली से, जिसमें शुद्ध व संतुलित आहार शामिल है का सेवन करने से व प्राणायाम, मुद्रा एवं बंध के अभ्यास से अन्नमय कोश व प्राणमय कोश को स्वस्थ, परिष्कृत और उत्कृष्ट बनाया जा सकता है। इस प्रकार व्यक्ति समग्र स्वास्थ्य को प्राप्त कर सकता है।

✦✦✦

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 12, No. 23 (49-54) July-December 2024 ISSN 2277-4351
UGC CARE listed (Arts & Humanities) RNI : UTTMUL 2012/53882

बौधायनशुल्बसूत्र में गणितीय अवधारणा : आधुनिक सन्दर्भ

-आयुष नंदन*

-प्रो. दया शंकर तिवारी**

शोध-सार- प्रस्तुत शोधपत्र में बौधायन शुल्बसूत्र के प्रथम अध्याय के सूत्रों को लेकर उनकी वर्तमान गणितशास्त्रीय परम्परा में योगदान की समीक्षा की जायेगी जिसके अंतर्गत शुल्ब की सहायता से यज्ञवेदि निर्माण में विविध प्रकार के रेखागणितीय सन्दर्भों को उद्घाटित किया जायेगा जिसमें वृत्त, चतुर्भुज, आयत, त्रिभुज आदि सम्मिलित हैं। प्राचीन भारतीय गणित शास्त्र की परम्परा आज भी पूरे विश्व में प्रासंगिक है जैसे-पाइथागोरस प्रमेय, π का मूल्य, संख्या सिद्धांत आदि के प्रयोग में।

संकेतशब्द- 1. वेदांग 2. कल्प 3. शुल्बसूत्र 4. रेखागणित 5. अंगुल।

परिचय- शुल्बसूत्रों का अध्ययन रेखागणित की प्राचीन भारतीय गणितीय सिद्धांतों की प्रामाणिक जानकारी के लिए अत्यावश्यक है। वस्तुतः शुल्बसूत्र वेदांग में परिगणित होने वाले कल्पसूत्र का महत्त्वपूर्ण अंग है। वैदिक कल्पसूत्रों का प्रतिपाद्य विषय यज्ञानुष्ठान है, जो मुख्यरूप से श्रौतसूत्र तथा गृह्यसूत्र के रूप में विभक्त है। श्रुति में वर्णित विविध यज्ञों का श्रौतसूत्रों में विस्तृत प्रतिपादन किया गया है। उन यज्ञानुष्ठानों को संपन्न करने के लिए वेदि का निर्माण किया जाता है, यह वेदि निर्माणकार्य शुल्बसूत्र पर आश्रित है। शुल्ब का अर्थ है- रज्जु या रज्जु के द्वारा मापी गई। शुक्लयजुर्वेद का एकमात्र शुल्बसूत्र कात्यायन शुल्बसूत्र है तथा कृष्णयजुर्वेद से सम्बंधित सात शुल्बसूत्र प्राप्त होते हैं- बौधायन, आपस्तम्ब, सत्याषाढ, वाधूल, मानव, मैत्रायणीय तथा वाराह।

बौधायन शुल्बसूत्र में मानक इकाई (Standard Unit)-बौधायन शुल्बसूत्र 3 अध्यायों में विभाजित है। बौधायन शुल्बसूत्र के प्रथम अध्याय में पहले सूत्र से लेकर 21 वें सूत्र तक मानक इकाई कि चर्चा की गयी है।

---

* संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय।

** संस्कृत विभाग, दिल्लीविश्वविद्यालय

अथेमेऽग्निचयाः॥1॥ तेषां भूमेः परिमाणविहारान्व्याख्यास्यामः॥2॥
.....चतुररत्निर्व्यायामः॥21॥[1]

अर्थात्- अब विभिन्न अग्नियों का विन्यास और रचना करना चाहिए। इनके लिए जमीन पर नाप कर तथा अग्नियों के विहार, विन्यास इत्यादि की जानकारी दिया जा रहा है। अङ्गुल का नाप- अंगुल प्रमाण इकाई (Standard Unit) है। 14 अणु के दाने एक दूसरे के सम्पर्क में रखकर अंगुल का नाप प्राप्त होता है। 34 तिल के दाने, मोटाई की दिशा में, एक दूसरे के संपर्क में रखने से अंगुल का नाप प्राप्त होता है- यह अंगुल का दूसरा नाप है। इति अपरम् का अर्थ 'अन्य कई लोगों के मतानुसार' ऐसा भी हो सकता है। दस अंगुलों का एक 'क्षुद्रपद' होता है। बारह अंगुलों का एक 'प्रादेश' होता है। 'पृथ' और 'उत्तरयुग' यह दो नापें 13 अंगुलों की होती है। 'पद' 15 अंगुलों का होता है। 188 अंगुलों की 'ईषा' होती है। 104 अंगुलों का 'अक्ष' होता है। 86 अंगुलों का 'युग' होता है। 32 अंगुलों का 'जानु' होता है। 'शम्या' और 'बाहू' यह दो नापें 36 अंगुलों की होती हैं। दो पदों का यानी 30 अंगुलों का एक 'प्रक्रम' होता है। दो प्रादेशों की यानी 24 अंगुलों की एक 'अरत्नि' होती है। अब नापों के विषय में ऐसे कहा जाता है कि- पद, युग, प्रक्रम, अरलि और शम्या यह नापें यथा काम अर्थात् अपने अनुसार बदल सकती हैं। यह नापें, ऊपर दी गई इकाई अंगुल नाप से लेते हैं तथा काम्य यज्ञों में यजमान के पुरुष नाप से भी लिया सकता हैं। अरत्नियों का 'पुरुष' होता है और चार अरत्नियों का 'व्याम' होता है।[2]

तुलनात्मक अध्ययन- प्राचीन मानक इकाई (Standard Unit) तथा आधुनिक इकाई-ऐसा ज्ञात होता है कि जिस प्रकार प्राचीन काल में यज्ञ वेदियाँ बनाने हेतु अनेक प्राचीन मानक इकाइयों का प्रयोग होता था, उसी प्रकार से आज आधुनिक युग में भी हम उन प्राचीन मानक इकाइयों का प्रयोग आम तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में माप हेतु करते हैं।

अंगुल का नाप-प्राचीनकाल में अंगुल ही मानक इकाई (Standard Unit) के रूप में माना जाता है। 14 अणुओं का एक अंगुल होता है (14 अणु = 1 अंगुल) तथा 34 तिल के दाने के बराबर 1 अंगुल होता है। 10 अंगुल = 1 क्षुद्रपद, 12 अंगुल= 1 प्रादेश, 13 अंगुल= 1 पृथ या उत्तरयुग, 15 अंगुल= 1 पद, 24 अंगुल (2 प्रादेश) = 1 हस्त, 30 अंगुल (2 पद) = 1 प्रक्रम, 32 अंगुल= 1 जानु, 36 अंगुल=

---

1. बौधायनशुल्बसूत्र 1-21
2. कुलकर्णी, रघुनाथ पुरुषोत्तम, चार शुल्बसूत्र, नाग पब्लिशर्स, दिल्ली, 2003, पृष्ठ संख्या-1-3

1 शम्या या बाहू, 86 अंगुल= 1 युग, 104 अंगुल= 1 अक्ष, 188 अंगुल= 1 ईषा, 4 अरत्नि = 1 व्याम, 5 अरत्नि= 1 पुरुष या व्याम वृत्त निर्माण कि अवधारणा–बौधायन शुल्बसूत्र 3 अध्यायों में विभाजित है। बौधायन शुल्बसूत्र के प्रथम अध्याय में 22वें सूत्र से लेकर 35वें सूत्र तक वृत्त निर्माण के प्रक्रिया के बारे में बताया गया है।

"चतुरस्त्रं चिकीर्षन्यावच्चिकीर्षेत्तावती रज्जुमुभयतः पाशां कृत्वा मध्ये लक्षणं करोति लेखामालिख्य॥ 22॥ .....पृष्ठ्यान्तयोः पाशौ प्रतिमुच्य न्यञ्छनेन दक्षिणापायम्यार्थेन श्रोण्यं सान्निर्हरेत्"॥35॥[3]

अर्थात्– वर्ग खींचने का हो तो इसकी लम्बाई जितनी लम्बी रस्सी लेकर उसके दोनों सिरों को गांठ बांधकर उस रस्सी के लम्बाई के मध्य में चिन्ह करना चाहिए। पूर्व–पश्चिम रेखा जमीन पर खींचकर [आकृति में 1–1] यह रेखा खींचकर मध्य में खुटि ठोकना चाहिए। इसे, रस्सी के दोनों सिरे बांधकर तथा रस्सी के मध्य में किए हुए चिन्ह से वृत्त निकालना चाहिए। वृत्त का परिघ जहाँ पूर्व–पश्चिम रेखा को काटता है वहाँ दो खुटियाँ स्थपित करना चाहिए। अ वृत्त का केन्द्रबिन्दु है। रेखा 1–1 को वृत्त आ और इ पर काटता है। वहाँ खुटियों को ठोकना चाहिए। पूर्व दिशा की खुटि को रस्सी का एक सिर बांधकर दूसरे सिरे से वृत्त खींचना चाहिए। अब शंकु आ केन्द्र लेकर वृत्त 3 निकालेंगें। इस पद्धति से पश्चिम की तरफ वृत्त खींचकर और जहाँ यह दोनों वृत्त एक दूसरे को काटते हैं उन्हें रेखा से जोड़कर दूसरा उत्तर–दक्षिण व्यास प्राप्त करना चाहिए। पश्चिम दिशा की तरफ की इ खुटि को रस्सी का एक सिरा बाँधकर दूसरे सिरे से वृत्त 4 खींचना चाहिए। वृत्त 3 और 4 जहाँ काटते हैं, उन्हें जोड़ने वाली रेखा उत्तर–दक्षिण रेखा होती है। वृत्त को जहाँ यह रेखा काटती है वहाँ दो खुटियाँ ठोकना चाहिए। ई और उ पर खुटियाँ ठोककर पूर्व दिशा की खुटि को रस्सी के दोनों सिरे बाँधकर रस्सी के मध्य चिन्ह से वृत्त निकालना चाहिए। खुटिओं को केन्द्र में लेकर वृत्त 6 निकालना चाहिए। इसी रीति से दक्षिण, पश्चिम और उत्तर की खुटियाँ केन्द्र मानकर रस्सी के मध्य चिन्ह से वृत्त निकालना चाहिए। ये वृत्त जहाँ एक दूसरे को काटते हैं उन्हें इन बिन्दुओं को जोड़ने से वर्ग प्राप्त होता है।

अब वर्ग खींचने की दूसरी रीति बताया जा रहा है। प्रमाण वर्ग के लम्बाई से दुगनी लम्बी रस्सी लेकर उसके दोनों सिरों पर गांठ बाँधे और रस्सी के मध्य में चिन्ह लगाना चाहिए। प्राची के लम्बाई के लिये किसी भी आकृति के मध्य भाग से जाने वाली पूर्व–पश्चिम रेखा को 'प्राची' कहते है। रस्सी के मध्य चिन्ह से पश्चिम के आधे विभाग पर, चौथाई कम दूरी पर चिन्ह लगाना चाहिए जिसे न्यञ्छन

3. बौधायनशुल्बसूत्र 22–35

कहते हैं। आधे भाग पर अंस के लिये चिह्न लगाना चाहिए। अंस का विन्यास करने के लिये रस्सी के मध्यचिन्ह से पश्चिम के विभाग के आधे भाग दूरी पर चिन्ह लगाना चाहिए। पृष्ठ्या के दोनों अंतो में स्थित खुटियों को रस्सी के दोनों सिरे बाँधकर न्यञ्छन से रस्सी पकड़कर उसे दक्षिण की तरफ खींचें, जहाँ मध्य चिह्न आता है अर्थात् जहाँ पृष्ठ्या से है अंतर होता है, वहाँ श्रोणी होती है। इसी रीति से श्रोणी और अंस का विन्यास करना चाहिए और वर्ग निकालना चाहिए। कोई भी चतुर्भुज के दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम सिरों को श्रोणी कहते हैं और दक्षिण-पूर्व और उत्तर-पूर्व सिरों को अंस कहते हैं।[4]

तुलनात्मक अध्ययन- वृत्त बनाने के दो प्रकार हैं। पहला प्रकार यह है कि एक वर्ग बनाने के लिए हमें दिए गए वर्ग की भुजा के बराबर लंबाई की एक रस्सी लेनी होगी। माना कि दी गई डोरी XY है, और इसके मध्य में U का निशान है। (चित्र.1)



चित्र.1 चित्र.2W



EW, आकृति का प्राची= XY; O, XY के U के अनुरूप प्राप्त EW का मध्य बिंदु है। (चित्र.2)

एक वृत्त जिसका केंद्र O है और त्रिज्या OW है तो EW एक व्यास है। E और W को केंद्र मानकर और EW को त्रिज्या लेकर अन्य वृत्त अलग-अलग खींचे गए हैं। इन दो वृत्तों के प्रतिच्छेदन बिंदु को N' और S' द्वारा दर्शाया गया है। रेखा N'S' उस वृत्त के दूसरे व्यास NS को स्थिर करती है, जिसका केंद्र O है। E,W,N और S पर एक बार फिर से दो फिज को बांध कर चाप खींचा गया है, जहाँ बिंदु A,D,C,B को स्थिर किए गए हैं। इस प्रकार ADCB एक वर्ग है।

---

4. कुलकर्णी, रघुनाथ पुरुषोत्तम, चार शुल्बसूत्र, नाग पब्लिशर्स, दिल्ली, 2003, पृष्ठ संख्या-3-6

दूसरा प्रकार- माना कि XS, दिया गया माप (प्रमाण) a और XY है, बढ़ी हुई डोरी, 2a है। S, XY के मध्य में स्थित चिह्न है; फिर XS प्राची की लंबाई मापता है। T न्यञ्छन चिन्ह है इसलिए ST = ½ a - ¼ a = ¼ a.SY के मध्य U एक दूसरा चिन्ह है। XT, विकर्ण (अक्ष्न्या) =a+¼a= 5/4 a. TY, चौड़ाई (तिर्यंगमानी)= 2a-5/4a = ¾ a. इस प्रकार, $a^2 + (3/4a)^2 = (5/4a)^2$. दूसरे शब्दों में कहें तो, $XY^2 + YT^2 = XT^2$, इसलि XYT एक समकोण त्रिभुज है।

चित्र.3 (रस्सी)



चित्र.4 (समकोण त्रिभुज)T



चित्र. 5 (दी गयी लम्बाई पर वर्ग)

निष्कर्ष- प्रस्तुत शोधपत्र में भारतीय गणितीय परम्परा के विविध बिन्दुओं को रेखांकित किया गया है जिसमें यज्ञवेदि निर्माण की प्रक्रिया अद्वितीय है। शुल्ब की सहायता से विविध प्रकार की आकृतियों का निर्माण करना अपने आप में अद्‌भुत है। महर्षि बौधायन प्रणीत बौधायन शुल्वसूत्र में माप की इकाई तथा वर्ग निर्माण की प्रक्रिया को आधुनिक गणित शास्त्र के साथ तुलनात्मक अध्ययन किया गया है जो शोधार्थियों एवं पाठकों के लिए उपादेय सिद्ध होगा।

सन्दर्भ-

1. शर्मा, श्रीराम (सम्पा.), ऋग्वेद संहिता, युग निर्माण योजना गायत्री तपोभूमि मथुरा, उत्तर प्रदेश, 2005
2. शास्त्री, रामकृष्ण (अनुवादक), यजुर्वेद (शुक्लयजुर्वेद), चौखम्भा विद्याभवन वाराणसी, उत्तर प्रदेश, 1999
3. कुलकर्णी, रघुनाथ पुरुषोत्तम, चार शुल्बसूत्र, महर्षिसान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, नाग पब्लिशर्स, दिल्ली, 2003
4 Sen, S.N. and Bag, A.K., Sulbsutras, Indian National Science Academy, New Delhi, 1983
5. Bag, A.K., Mathematics in ancient and Medieval India, Chaukhamba Orientaliya, Varanasi, 1979.
6. तिवारी, दयाशंकर, संस्कृत वाङ्मय में गणितीय परम्परा, चौखम्भा ओरियंटालिया, 2019

✦✦✦

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 12, No. 23 (55-60) July-December 2024 ISSN 2277-4351
UGC CARE listed (Arts & Humanities) RNI : UTTMUL 2012/53882

स्वामी योगेश्वरानन्द परमहंस द्वारा वर्णित आत्मतत्त्वोत्पत्ति सिद्धान्त

-डॉ. लीना झा*

-अतुल त्यागी**

सततगमनवाची **'अत-सातत्यगमने'** धातु से 'मनिन्' प्रत्यय पूर्वक 'आत्मा' शब्द निष्पन्न होता है, जिसका अर्थ है- सतत गतिशील अथवा सतत सर्वत्र व्याप्त। जीवात्मा अनादिकाल से ही एक देह से दूसरे में और दूसरे से तीसरे देह में निरन्तर गति करता चला आ रहा है। इसलिए सतत गतिशील अर्थ जीवात्मतत्त्व पर लागु होता है और जो सतत सर्वत्र व्यापक रहता है उसे परमात्मा कहते हैं। आत्मा को 'जीव' का पर्यायवाची भी माना गया है।[1]

'आत्मा' शब्द के अर्थ को भिन्न-भिन्न ग्रन्थों में भिन्न-भिन्न प्रकार से व्यक्त किया गया है। कठोपनिषद् में 'जीव' नाम से,[2] 'स्व-आत्मा' के अर्थ में प्रयुक्त किया गया है। रघुवंश में व्यक्ति या समस्त शरीर का 'आत्मा' शब्द से संकेत प्राप्त होता है।[3] जो समस्त वस्तुओं में व्याप्त हो प्रलयकाल में सम्पूर्ण जगत् को अपने में लीन कर ले, स्थितिकाल में समस्त विषयों का अनुभव करता हो, और जिसकी सत्ता तीनों कालों में रहती हो, उस तत्त्व का नाम 'आत्मा' है।[4]

तर्कसंग्रह में आत्मा को 'ज्ञान का अधिकरण' बतलाया गया है[5], जो 'जीवात्मा' और 'परमात्मा' भेद से दो प्रकार का है।[6] 'आत्मा' शब्द के अन्य अर्थ

---

* प्रोफेसर योगविभाग, महाराजा अग्रसेन हिमालयन गढवाल विश्वविद्यालय।

** शोधच्छात्र, योगविभाग, महाराजा अग्रसेन हिमालयन गढवाल विश्वविद्यालय।

1 संस्कृत हिन्दी कोश, पृष्ठ - 144

2 कठोपनिषद् - 03/03

3 रघुवंश - 10/66 तथा 01/14

4 शांकर वेदान्त - 02/05/08

5. तर्क संग्रह, पृष्ठ- 14

6. तत्रैव

भी प्राप्त होते हैं, यथा- 'चेतन', 'जीवात्मा', 'चित्त', 'बुद्धि', 'परमात्मा', 'देह', 'धृति', 'स्वभाव', 'सूर्य' तथा 'वायु'।[7]

महर्षि दयानन्द सरस्वती ने 'उणादि-कोष' की अपनी टीका में लिखा है- **'अतति निरन्तरं कर्मफलानि प्राप्नोति वा स आत्मा'** अर्थात् निरन्तर कर्मों के फल को जो प्राप्त करता है अथवा भोगता है वह आत्मा है।[8]

मेदिनीकोष के अनुसार आत्मा को **'पुंसि स्वभावेऽपि प्रयत्नमनसोरपि धृतवति मनीषायां शरीरब्रह्मणोरपि'** कहा है।[9] 'अमरकोष' में आत्मा को 'क्षेत्रज्ञ', 'आत्मा', 'पुरुष' तथा 'ब्रह्म' कहा है।[10]

पंचभौतिक शरीर का 'नियन्त्रणकर्त्ता', कोई ऐसा 'तत्त्व' इसमें निश्चित रूप से विद्यमान है जिसकी प्रेरणा से समस्त इन्द्रियाँ अपना-अपना कार्य करती हैं अर्थात् शरीर की सम्पूर्ण गतिविधियाँ जिस पर आश्रित हैं, जिसके न रहने पर शरीर में जड़ता के अतिरिक्त कुछ भी शेष नहीं रह जाता, उस तत्त्व को 'वेद' तथा 'शास्त्रों' में 'जीव' अथवा 'जीवात्मा' कहा गया है। जीवात्मा शरीर न होकर शरीर से पृथक् एक 'चेतन-अभौतिक पदार्थ' है, जिसमें 'कर्तृत्व, भोक्तृत्व' और 'ज्ञातृत्व' आदि लक्षण पाए जाते हैं। शरीर तो इन लक्षणों के प्रकाश का केवल 'उपकरणमात्र' है। ऋग्वेद 01/161/30 के अनुसार 'जीव' नाम से प्रसिद्ध तत्त्व शरीरादि से भिन्न सत्ता वाला है। वह शरीरादि के नष्ट हो जाने पर विनाश को प्राप्त नहीं होता। 'श्रीमद्भगवद्गीता' में भी नाशवान् शरीर से व्यतिरिक्त (भिन्न) आत्मा को 'शरीरी' कहा गया है।[11] ऋग्वेद के अनुसार यह 'अमरणधर्माजीव' 'मरणधर्मा-शरीर' के साथ समान स्थान वाला होकर धारण करने वाली 'अन्नादि' शक्तियों द्वारा 'नश्वर-शरीर' के अन्दर विचरण करता है। प्रकृत्यादि पदार्थों के भोगों के द्वारा पकड़ा हुआ 'अमरणधर्मा-जीव', 'मरणधर्मा-शरीर' के साथ 'समान-स्थान' वाला होकर विभिन्न योनियों को प्राप्त होता है;[12] परन्तु प्रायः अविज्ञ जनों का मन्तव्य यही होता है कि आत्मतत्त्वोत्पत्ति परमात्मतत्त्व से होती है।

स्वामी योगेश्वरानन्द का मत है कि यह सिद्धान्त बिल्कुल ही असङ्गत है। इस सिद्धान्त को मानने से ब्रह्म को जीवात्मा के प्रति उपादानकारण मानना पड़ेगा। उपादान

---

7. रामस्वरूप शास्त्री, आदर्श हिन्दी-संस्कृत-कोष, पृष्ठ- 46
8. उणादिकोष-04/153 पर महर्षि दयानन्द की व्याख्या
9. मेदिनीकोष, पृष्ठ-90 काशी संस्कृत सीरिज 41, वाराणसी 1916
10. अमरकोश, प्रथम काण्ड का लवर्ग 272 पङ्क्ति (निर्णय सागर प्रेस)
11. श्रीमद्भगवद्गीता-02/18
12. ऋग्वेद 01/164/30

कारण विकारवान्, परिवर्तनशील, भिन्न-भिन्न रूपों में बदलने वाला होता है। इससे जीवात्मा को कार्य मानना पड़ेगा, और वह अनित्य चित्त के समान हो जाएगा। जैसे प्रकृति की सृष्टि चलती है, वैसे ही परमात्मा द्वारा जीवात्माओं की एक अलग सृष्टि चलेगी। प्रकृति की जड़ात्मक सृष्टि होती है, और दूसरी परमात्मा की चेतनात्मक सृष्टि चलेगी। परन्तु आपके मतानुसार तो वह एक ही बार आत्मा-रूप कार्य उत्पन्न करके खत्म कर देता है। आगे उस उत्पन्न आत्मा से और आत्मा उत्पन्न नहीं हुए। प्रकृति ने तो अनेक कार्यों को उत्पन्न करके एक विशाल ब्रह्माण्ड खड़ा कर दिया है, परन्तु परमात्मा ने तो एक आत्मा बना कर अपनी सृष्टि समाप्त कर दी है। यदि ब्रह्म को उपादान-कारण मानते हैं, तब एक निमित्त कारण और कोई ऐसा चेतन मानना पड़ेगा जो कि ब्रह्म को जीवों के उत्पन्न करने में नियोजित कर सके या उसके द्वारा उत्पन्न करने की व्यवस्था कर सके। जैसे ब्रह्म प्रकृति के कार्यशील होने में गति का हेतु होता है, इस प्रकार परमात्मा को भी क्रियाशील करने में उससे भिन्न कोई और चेतन होना चाहिए। जैसे जीवों को ब्रह्म जन्म-मरण आदि कार्यों में नियोजित करता है, वैसे ही परमात्मा को भी नियोजित करने वाला और एक सर्वव्यापक, निरवयव चेतन मानना पड़ेगा।[13] यहां तो वह परमात्मा ही जीव सृष्टि पैदा करके ठहर जाएगा और दूसरी, तीसरी, चौथी आदि सृष्टियां नहीं उत्पन्न कर सकेगा। जीव-सन्तति को आगे चढ़ाना चाहिए था, परन्तु परमात्मा तो परिणत होकर दूसरे जीवों की व्यवस्था में ही रह गया। तदनन्तर उस में कोई कार्यान्तर न हुआ। जीवों की अवस्था में पहुंच कर ही परिणामक्रम रुक गया। इधर जीवों के प्रति ईश्वर उपादान-कारण हुआ, उधर प्रकृति के प्रति आप उसे निमित्त कारण भी मानेंगे।[14]

यहाँ यह प्रश्न उपस्थित होता है कि क्या प्रकृति के प्रति भी ब्रह्म को उपादानकारण माना जा सकता है? अर्थात् क्या उस ब्रह्म से चेतन और जड़ दो पदार्थों की उत्पत्ति हुई है? परन्तु जगत् में यह देखने में आता है कि जड़ पदार्थों से जड़ों की और चेतन से चेतन की ही उत्पत्ति होती है। जड़ता और चेतनता दोनों ही परस्पर विरोधी धर्म हैं, अतः चेतन से जड़ की उत्पत्ति नहीं होती। जो गुण उपादान में होते हैं वे ही उसके कार्य में भी आते हैं।[15] जड़ से जड़ पदार्थों की उत्पत्ति और चेतन से चेतन पदार्थों की उत्पत्ति मान लेने पर, जड़ से जड़ों की बात प्रत्येक के देखने में आ रही है। जैसे पृथ्वी जड़ है, उससे मकान, पुल, बर्तन, पत्थर, लोहा, तांबा, सोना आदि अनेक जड़ पदार्थ उत्पन्न होते देखे जाते हैं। यह शतशः सत्य है। चेतन

---

13. स्वामी योगेश्वरानन्द कृत निर्गुण-ब्रह्म (उत्तरार्ध) पञ्चम सिद्धान्त, पृष्ठ- 129
14. स्वामी योगेश्वरानन्द कृत निर्गुण-ब्रह्म (उत्तरार्ध) पञ्चम सिद्धान्त, पृष्ठ- 130
15. स्वामी योगेश्वरानन्द कृत निर्गुण-ब्रह्म (उत्तरार्ध) पञ्चम सिद्धान्त, तत्रैव।

परमात्मा से चेतन जीव उत्पन्न होने से वह पृथ्वी के समान विकारवान् और अनित्य हो जाएगा। ऐसा मान लेने से परमात्मा की अखण्डता, निष्क्रियता, एकरूपता एवं सर्वव्यापकता समाप्त हो जाती है। प्रकृति में और उसमें कोई अन्तर भी नहीं रहेगा। जीवों का उपादान कारण होने से वह विकारी भी हो जाएगा। इस कारण से जीवों की उत्पत्ति की बात ईश्वर में यथार्थ प्रतीत नहीं होती।[16] एक बात और भी स्वीकार करनी पड़ेगी कि जैसे प्रकृति स्वयम् अकेली किसी पदार्थ को उत्पन्न करने में समर्थ नहीं होती; अपितु ईश्वर की सहायता की अपेक्षा करती है, इसी प्रकार परमात्मा को भी जीवों को उत्पन्न करने के लिए किसी दूसरे की अपेक्षा होगी। वह दूसरा कौन है जो ईश्वर की सहायता करेगा? ऐसा कोई पदार्थ देखने में नहीं आता, इत्यादि अनेक कारणों से परमात्मा से जीवों की उत्पत्ति सिद्ध नहीं होती। परमात्मा न सावयव है, न विकारवान् है, न बदलने वाला है, न एकदेशी। न किसी देश विशेष में रहता है, न वह किसी का कार्य है, न उपादान कारण है, जो कि जीवों को उत्पन्न करे।[17] अतः उससे जीवों की उत्पत्ति नहीं होती। उनको नित्य ही मानना पड़ेगा। अन्य कोई ऐसा दृष्टिगोचर नहीं होता, जिससे जीवात्माओं की उत्पत्ति हो। प्रकृति जड़ है, वह चेतन की उत्पत्ति नहीं कर सकती। परमात्मा सर्वव्यापक है, अखण्ड है, सर्व-प्रकार के विकारों से रहित है। फिर उससे जीवों की उत्पत्ति कैसे होगी? चाहे आप जीवात्मा को अणु मानें या सारे शरीर में व्यापक मानें, आपको उसे नित्य मानना ही पड़ेगा। उसका उपादान कोई भी जड़ या चेतन प्रतीत नहीं होता। इससे वह नित्य अजन्मा, अजर, अमर, पवित्र, विकार रहित, चेतन और निरवयव ही सिद्ध होता है।

यदि जीवों की उत्पत्ति परमात्मा से मानते हैं, तब परमात्मा भी सावयव होना चाहिए, और जीवात्मा भी सावयव ही होगा। जो कोई पदार्थ सावयव होगा, वही अपने कार्य का उपादान कारण हो सकेगा। यदि परमात्मा को सावयव मानते हैं। तो यह विकारवान्, परिणामी, एक अवस्था से दूसरी अवस्था में परिवर्तित होने वाला और गुणवान् भी होगा, और इसी प्रकार परमात्मा में भी और जीवात्मा में भी अनेक दोष उपस्थित हो जाएंगे, क्योंकि जो त्रुटियां जीवात्मा में हैं, वे उनके कारण परमात्मा में भी होनी चाहिए। जो गुण या धर्म, न्यूनता या विशेषता, ज्ञान अज्ञान कारण में होते हैं, वे कार्य में भी अवश्य आएंगे।

निष्कर्षतः परमात्मा से जीवात्मा की उत्पत्ति नहीं हो सकती। जैसे बालक के माता-पिता के शरीर में जो बीमारियां होती हैं, वे बीमारियां उनकी सन्तानों में भी आ जाया करती हैं। माता-पिता के शरीरों और उनके रज वीर्य से सन्तानों की उत्पत्ति

---

16. स्वामी योगेश्वरानन्द कृत निर्गुण-ब्रह्म (उत्तरार्ध) पञ्चम सिद्धान्त, पृष्ठ- 131
17. स्वामी योगेश्वरानन्द कृत निर्गुण-ब्रह्म (उत्तरार्ध) पञ्चम सिद्धान्त, तत्रैव।

होती है। इस कारण से उनकी सन्तानें भी उन रोगों से पीड़ित होती हुई देखने में आती हैं। बालक-बालिकाओं के रोगों का जब निदान करते हैं, तब उनके अनेक रोग उनके माता-पिता में भी पाए जाते हैं। यह रोग-परम्परा सन्तानों में भी चलती रहती है। इसलिए परम्परागत रोग जिनकी सन्तानों में चलते हैं, उनके विवाह नहीं होने चाहिए। तब ही रोगों की परम्परा समाप्त हो सकती है। इसी प्रकार जो अज्ञानता आदि दोष जीवात्मा में देखने में आते हैं, वे उनके पिता परमात्मा में भी होंगे या होने चाहिए, परन्तु परमात्मा में तो आप दोष मानते नहीं हैं, और उसकी सन्तान जीव में मानते हैं। यदि कहें कि जीवात्मा में दोष अन्तःकरण या शरीर के संयोग से आए हैं तो संग तो परमात्मा का भी प्रकृति और उसके कार्यों के साथ बना हुआ है, अतः उस में भी दोष आने चाहिए, किन्तु उसमें तो दोष देखने में नहीं आते हैं। परमात्मा कभी अपने दोषों या क्लेशों अथवा दुःखों को सुनाता नहीं, कहता भी नहीं है। जब कि आप तो अपने दुःख दर्द, क्लेशों को ढोल पीट-पीट कर सुनाते फिरते हैं, वैद्य डाक्टरों के द्वार खटखटाते रहते हैं। यदि वह जीवात्मा परमात्मा का बेटा होता या उससे उत्पन्न होकर आया होता तो यह भी उसके समान शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, पवित्र होता। ऐसा तो आप मानते नहीं हैं, आप तो उसे अज्ञानी, अल्पज्ञ, दुःखी-सुखी मानते हैं।[18]

इसका तो अभिप्राय यह निकलता है कि जीवात्मा कभी परमात्मा से उत्पन्न नहीं हुआ है, और कभी होगा भी नहीं। इसकी आपको नित्य स्वतन्त्र सत्ता माननी पड़ेगी। स्वतः सिद्ध, असंग, कारण-कार्य-भाव से रहित, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, पवित्र चेतन मानना पड़ेगा, तब ही आपका दुःखों से छुटकारा हो सकता है, और अज्ञान दूर हो सकता है। नित्य, शुद्ध, बुद्ध, पवित्र, चेतन और सदा मुक्त मानने से ही आत्मा की मुक्ति की बात घटेगी, अन्यथा अत्यन्त दुःखनिवृत्ति और मुक्ति की आशा आप न रखें। ये सब दुःख, क्लेश, अज्ञान आदि अन्तःकरण के ही धर्म मानने पड़ेंगे। अन्तःकरण तो उत्पन्न होकर आया है, विकारवान् है। इसके ज्ञान-अज्ञान बढ़ते घटते रहते हैं, उत्पत्तिमान् होने से प्रकृति का कार्य है।[19] जो गुण प्रकृति में हैं, वे उसमें भी आते हैं। आत्मा का संयोग होने से अज्ञानवश मानव अपने अन्तःकरण के दोषों को जीवात्मा के ऊपर आरोप करता रहता है। अज्ञानतावश आत्मा में ही सुख-दुःख मानता रहता है। जब दोनों के यथार्थ स्वरूप का ज्ञान हो जाता है, तब आत्मा के प्रति जो भ्रान्ति उत्पन्न हुई होती है, सुख-दुःख की, ज्ञान-अज्ञान की, जन्म-मरण की, बन्ध

---

18. स्वामी योगेश्वरानन्द कृत निर्गुण-ब्रह्म (उत्तरार्ध) पञ्चम सिद्धान्त, तत्रैव।
19. स्वामी योगेश्वरानन्द कृत निर्गुण-ब्रह्म (उत्तरार्ध) पञ्चम सिद्धान्त, पृष्ठ- 132

और मोक्ष की, वह सर्वथा नष्ट हो जाती है। तब साधक अपने को नित्य, चेतन, असंग, निष्क्रिय, निरवयव, सत्, चित्, आनन्द-स्वरूप समझ लेता है।[20]

अन्ततोगत्वा यह सिद्ध हो जाता है कि आत्मा की कभी परमात्मा या किसी अन्य से उत्पत्ति नहीं होती। अल्प ज्ञान होने से भूल से मानव आत्मा को उत्पत्ति-धर्मवाला मान बैठा है। वास्तव में वह किसी से भी उत्पन्न नहीं हुआ, वह तो स्वतः ही नित्य सिद्ध है।

20. स्वामी योगेश्वरानन्द कृत निर्गुण-ब्रह्म (उत्तरार्ध) पञ्चम सिद्धान्त, पृष्ठ- 132

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 12, No. 23 (61-64) July-December 2024 ISSN 2277-4351
UGC CARE listed (Arts & Humanities) RNI : UTTMUL 2012/53882

भारतीयमायुर्विज्ञानम्

श्वेतार्या*
डॉ. दीनदयालः**

अखिलो विश्वः दुःखैरार्त्तः। दुःखानां श्रेणित्रयमृषयः कृतवन्तः। महर्षिकपिल आह–अथ त्रिविधदुःखात्यन्तनिवृत्तिरत्यन्तपुरुषार्थः।[3] त्रिविधदुःखानि। आध्यात्मिकम्= आत्मदेहयोरविद्या रागो द्वेषो मूर्खत्वं ज्वरादिकञ्च। आधिभौतिकम्=शत्रुसिंहसर्पादिहिंस्रजन्तुभ्यः प्राप्यमाणं दुःखम्। आधिदैविकम्= अतिवृष्टिरनावृष्टिरतिशीतताऽत्युष्णता मनस इन्द्रियाणाञ्चाशान्तिः।[4]

तत्रात्यन्तिकदुःखानां निदानमाध्यात्मशास्त्रेषु विस्तरेण वर्णितमत्रायुर्वेददृशा विचार्यते–

आयुर्वेदस्त्वौषधविज्ञानमेव न तेन सह जागरूकतया जीवनयापनसिद्धन्तोऽपि वर्तते। त्रय उपष्टम्भा आहारनिद्राब्रह्मचर्यमिति।[5] स्फूर्तिमयं दिनं यापयितुमाहारशुद्धि निद्रापरिमाणो ब्रह्मचर्यसेवनञ्चातितरामावश्यकम्। पुरुषार्थसिद्धिः मानवजीवनस्य परमलक्ष्यं वर्तते। आरोग्यं विना पुरुषार्थसिद्धिरसंभवा। अत आह–धर्मार्थकाममोक्षाणमारोग्यं मूलमुत्तमम्।[6] देहपुष्टये नैकानि रसायनानि प्रसिद्धानि तत्र देहस्य पूर्णारोग्यायेदं सुलभं सुप्रसिद्धं रसायनं चरके वर्णितम्–

सत्यवाद्यक्रोधी, मद्ये मैथुने चानासक्तेऽहिंसकः, यथासामर्थ्यं परिश्रमकर्त्ता, शान्तस्वभावः, प्रियवादी, जपेषु लग्नः, मनसो देहस्य च शुचितायां सदा प्रवृत्तो, धीरः, सदा दानशीलस्तपस्वी, देवगोब्राह्मणाचार्याणां गुरुवृद्धजनानाञ्च पूजकः तदनुभूतज्ञानस्य च सेवी, मृदुस्वभावो, दयालुर्दुग्धाहारी, घृतसेवी, शयने जागरणे भोजनाच्छादनेषु च कालज्ञो मात्राज्ञः, निरभिमानी, श्रेष्ठाचारविचारवाञ् चिन्तनेषूदारोऽसंकीर्णोऽध्यात्मविद्योपासकस्तत्रैव चेन्द्रियाणि रमयति, वेदादिधर्मशास्त्रेषु सत्यशास्त्रेषु श्रद्धावानध्ययनशीलो,

---

* सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग, कॉर्सियांग महाविद्यालय, दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल।
1. शोधछात्रा गुरुकुलकाङ्गडीविश्वविद्यालयो हरिद्वारः।
2. सहायकाचार्यो; वेदविभागो; गुरुकुलकाङ्गडीविश्वविद्यालयो हरिद्वारः।
3. सांख्य. 1.1
4. सत्यार्थप्रकाश. द.स.1
5. च.सं.सू. 11.35
6. च.सं.सू. 1.14

विजितेन्द्रियो, ज्ञानवृद्धानां वयोवृद्धानामुपासक-इत्येतैस्समुदितगुणैर्युक्ते मनुष्यस्सर्वदा रसायनमयो भवत्यर्थात् स सर्वाणि रसायनफलानि लभते[7]।

वेदेष्वपि स्वास्थ्यसूत्रं बहुधा दरीददृश्यतेऽस्माकं मनोबुद्धीन्द्रियाणि देहावयवानि व्यायामादिना मृदूनि भवन्ति। ततश्शरीरं पाषाणतुल्यं पुष्टं दृढञ्च भवति[8] धूमचिकित्सया मृत्युं वारयित्वा दीर्घायु प्राप्नुयात्। यज्ञधूमैर्दिव्यौषधीन् सेवित्वा देहं पोषयेत्। नाना विशेषज्ञैस्संपर्कं विधाय विविधौषधीन् वैद्यकशास्त्रञ्च शिक्षित्वा देहं मनोबुद्धीन्द्रियादिकं च शोधयेत्।[9] अयं हस्तः कल्याणकरं विश्वौषधं विद्यते। अस्मिन्सर्वव्याधीनां निदानमस्ति। पशूनां दुग्धेन, विविधौषधीनां सारैश्च चिकित्सा कर्तव्या।[11] जलं क्रिमिहरं कान्तिकरं च महदौषधं वर्तते। अस्य सेवनात्सर्वोऽपि रोगः शाम्यति।[12]

आयुर्वेदेषु शरीरसंरचना- दोषधातुमलमूत्रं हि शरीरम्।[13] मानवदेहो रसरक्त्मां समेदोऽस्थिमज्जाशुक्रधातुभि र्वातपित्तकफदोषै[14] र्मलमूत्रैश्च निर्मितमत आहैतेषां संघात एव मानवशरीरम्। पुरुषदेहे नव स्त्रीदेहे च द्वादश स्रोतांसि भवन्ति।[15] सप्ताशयाः

---

7. सत्यवादिनमक्रोधं निवृत्तं मद्यमैथुनात्। अहिंसकमनायासं प्रशान्तं प्रियवादिनम्।।
जपशौचपरं धीरं दाननित्यं तपस्विनम्। देवगोब्रह्मणाचार्यगुरुवृद्धार्चने रतम्।।
आनृशंस्यपरं नित्यं नित्यं करुणवेदिनम्। समजागरणस्वप्नं नित्यं क्षीरघृताशिनम्।।
देशकालप्रमाणज्ञं युक्तिज्ञानहङ्कृतम्। शस्ताचारमसंकीर्णमध्यात्मप्रवणेन्द्रियम्।।
उपासितारं वृद्धानामास्तिकानां जितात्मनाम्। धर्मशास्त्रपरं विद्यान्नरं नित्यरसायनम्।।
गुणैरेतैः समुदितैः प्रयुङ्क्ते यो रसायनम्। रसायनगुणान् सर्वान्यथोक्तान्स समश्नुते।। च.सं.सू.1. 4.30-35
8. ऋजीते परिवृङ्धि नोऽश्मा भवतु नस्तनूः।
सोमो अधि ब्रवीतु नोऽदितिः शर्म यच्छतु।। ऋग्. 6.75.12
एह्यश्मानमातिष्ठ अश्मा भवतु तेतनूः। अथर्व. 2.13.4
9. मृत्योः पदं योपयन्तो यदैत द्राघीय आयुः प्रतरं दधानाः।
आप्यायमानाः प्रजया धनेन शुद्धाः पूता भवत यज्ञियासः।। ऋग्.10.18.2
10. अयंमेहस्तोभगवानयंमेभगवत्तरः। अयंमे विश्वभेषजोऽयं शिवाभिमर्शनः।। ऋग्.10.60.12
11. पयः पशूनां रसमोषधीनां बृहस्पतिः सविता मे नियच्छात्। अथर्व.19.31.5
आपो अमीवचातनीः, आपो विश्वस्य भेषजीः। अथर्व.3.7.5
आपो अस्मान् मातरः सूदयन्तु घृतेन नो घृतप्वः पुनन्तु। विश्वं हि रिप्रं प्रवहन्ति देवीः। अथर्व.6.51.2
13. सु.सं.सू. 15.3
14. रसासृङ्मांसमेदोऽस्थिमज्जाशुक्राणि धातवः सप्त।
वायुः पित्तं कफश्चेति त्रयो दोषाः समासतः। अ.हृ.सू.1.13
15. श्रवणनयनवदनघ्राणगुदमेढ्ररणि नव स्रोतांसि नराणां बहिर्मुखानि एतान्येव स्त्रीणामपराणि च त्रीणि द्वेस्तनयोरधस्ताद्रक्तवहं च। सु.सं.शा.5.10

पुरुषेष्वष्टाशयाश्च स्त्रीषु वर्तन्ते।[16] देहे मांससिरास्नाव्वस्थिसन्धयो हि पञ्च मर्मस्थलानि[17] मनसश्च स्थानं मस्तिष्कस्य मूर्ध्नि विद्यते।[18]

मूलतस्त्रिदोषमाश्रित्यायुर्वेदचिकित्सा प्रथिता। दिङ्मात्रमत्र निदर्श्यते-

चयं कोपं शमं याति ग्रीष्मादिष्वनिलस्त्रिषु।
कफस्तु शिशिराद्येषु पित्तं वर्षादिषु त्रिषु॥[19]

भावार्थः- ग्रीष्मे वातस्य संचयो; वर्षायां वातप्रकोपस्स्तथा शरदि वातस्य शमनं भवति। तथैव शिशिरतौं कफसंचयो; वसन्ते कफप्रकोपो; ग्रीष्मे च कफशान्तिर्भवति। एवमेव पित्तचयो वर्षतौं; शरदि पित्तप्रकोपो; हेमन्ते च पित्तदोषः शाम्यति॥

वातक्रियास्तावत्[20]- यात्रया, भयेन, क्रोधेन, शोकेन, मलमूत्रवमनादीनां वेगसंरोधेन, कुसमयभोजनेन, चिन्तया, श्रमेण, मैथुनेन च देहस्थो वातः कुप्यति। तेन च देहे पीडा, तोदः (चुभन), भङ्गोऽचेष्टा, श्वासोऽङ्गसुप्तिश्शोषश्श्यामत्वं चञ्चलतादयः परिमाणा दृश्यन्ते। वातस्य शमनार्थं स्वाद्वम्लवणस्नेहमदिरादिद्रव्याणां सेवनं हितकारी भवति। तथैवाभ्यङ्गातपनस्योद्वर्तनमर्दनादिना कुपितोवातः शाम्यति। स्निग्धमुष्णं वृष्यं च वस्तु वातहरं भवति। तथैव च शयनेन संवाहनेन वस्तिना समुचितपानाहारविहारैश्च प्रवृद्धो वातो नश्यति।

पित्तक्रियाः[21] - कट्वम्ललवणरसैः पित्तो दुष्यति। तथैवाजीर्णात् क्रोधाच्छोकाद्-घर्मेणातिश्रमेण च पित्तः प्रकुप्यति। विदाहीद्रव्यं (चर्परा पदार्थ), तीक्ष्णं, मद्यं, विषमाशनं च पित्तं दूषयन्ति। एतस्मात् कारणात्प्रलापो, भ्रमो, मुखकुक्षीनां दुर्गन्धिः, स्वेदो, दाहो, मुखस्य तिक्तता, मूर्छा, कोथः (सडन), विपाकादयश्च विकारा दृश्यन्ते। पित्तशमनाय

---

16. वाताशयः पित्ताशयः श्लेष्माशयो रक्ताशय आमाशयः पक्वाशयो मूत्राशयः स्त्रीणां गर्भाशयोऽष्टम इति। सु.सं.शा.5.8
17. सु.सं.शा. 6.3
18. शिरस्ताल्वन्तर्गतं सर्वेन्द्रियपरं मनः। भेल.सं.चि.8.4
19. योगरत्न। समु.प.प्र.
20. ततो यानभयक्रोधशोधसंरोधलङ्घनैः। चिन्ताश्रमव्यवायैश्च वायुः कोपमियान्नृणाम्।
शूलतोदाङ्गभङ्गास्त्वचेष्टाश्वासाङ्गसुप्तताः। शोषश्यावचलत्वादीन् कुर्यात् प्रकुपितोऽनिलः॥
स्वाद्वम्ललवणस्नेहमदिराभ्यञ्जनातपैः। स्निग्धोष्णनस्यशयनसमुद्वर्तनमर्दनैः॥
वृष्यसंवाहनस्नानतैलस्नेहनिरूहणैः। पानाहारविहारैश्च वायुरेभिः प्रशाम्यति॥ योगरत्न.समु.प.प्र.
21. कट्वम्ललवणक्रोधशोकतीक्ष्णविदहिभिः। मद्यातपश्रमाजीर्णैः पित्तं च विषमाशनैः।
प्रलापभ्रमवैगन्ध्यस्वेददाहास्यतिक्तताः। मूर्च्छाकोथविपाकादीन् पित्तमभ्यधिकं नृणाम्॥
तिक्तस्वादुकषायैस्तु विरेकक्षीरसेवनैः। ज्योत्स्नाछायाजलक्रीडानिशावीजनचन्दनैः॥
पद्मोशीरोपदेहैस्तु सर्पिषा शीतवायुना। पानाहारविहारैस्तु पित्तमुग्रं जयेन्नरः॥ योगरत्न.समु.प.प्र.

तिक्तं, स्वादु, विरेचकद्रव्यं, दुग्धादिकं च सेवनं हितकरं भवति। कषायैश्चन्द्रिकाच्छायया, जलेन, क्रीडया, रात्रौ, वीजनेन, चन्दनेन च् पित्तं हरेत्। तथैव कमलोशीरयोर्लेपो, घृतं, शीतलसमीर, उत्तमपानाहारविहारश्च दूषितपित्तं शमयति।

कफक्रियाः[22]- मत्स्यमांसै गुरुद्रव्यैः स्निग्धेन शीतलपदार्थेनाम्ललवणरसैश्च कफो वर्धते।तथैव तिलेनेक्षुविकारै दुग्धविकारैरतिभोजनेन च कफदोषः प्रकुप्यति। तेन च शरीर आलस्यं गुरुता हृल्लासः कण्डू पिपासा कासः शीतता निद्रा श्वासरोगा अङ्गसंघातो (repiratory congestion) विस्वरतादयो विकारा दृश्यन्ते। व्यायामेन, श्वासमार्गसंशोधनेन, क्वाथेन, वमनक्रियया, स्वेदेन, जागरणेन, कटुतिक्तक्षारद्रव्यैश्च प्रकुपितः कफः शाम्यति। तथैव विरेचनेन धूमचिकित्सयोपवासादुष्णरूक्षपदार्थसेवनेन नस्येन निष्ठीवनेन युक्त्याहारविहारैश्च दूषितं कफं शमयेत्।

क स्वस्थ इति जिज्ञासायां सुश्रुत आह- यस्य त्रिदोषा आशया धातवश्चसमाना वर्तन्ते; मलादिक्रिया सुचारुतया भवति तथा चात्मेन्द्रियमनांसि प्रसन्नानि सन्ति स एव स्वस्थः।[23] षड्रससेवनेन बलं वर्धते प्रतिदिनमेकरसाभ्यासेन देहे दुर्बलता भवति।[24] युक्त्याहारस्यासेवनाद्, व्यञ्जनाद्यशनकाले धैर्याभावादधिकभोजनं, स्वास्थ्यायानुकूलं प्रतिकूलं वेत्यविचार्याहारसेवनमादिदोषान्परिगणयञ्चरकाचार्यः सर्वव्याधीनां मूलकारणं प्रज्ञापराधं निर्दिष्टवान्।[25] अतो युक्त्योत्तमाहारविहारैः श्रेष्ठाचारविचारैश्च जीवनं यापयेद्यतः शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्।[26] देहरक्षायै हितकरं मात्रया ऋत्वनुकूलमेवाश्नीयन्नान्यथाऽयमेव संक्षेपेण भारतीयायुर्वेदो जीवनसिद्धान्तश्च।

✦✦✦

---

22. मत्स्यमांसगुरुस्निग्धशीताम्ललवणोदकैः। तिलेक्षुविकारसंभूतैः श्लेष्मा वात्यशनादिभिः।
आलस्यगुरुहृल्लासकण्डुतृड्दाहशीतताः। निद्राश्वासाङ्गसङ्घातवैस्वर्याद्यं कफोऽधिकः।।
व्यायामाद्यकषायैस्तु वमनस्वेदजागरैः। स्त्रीसेवाकटुतिक्तैस्तु धूमक्षारविरेचनैः।।
उपवासोष्णरूक्षैस्तु नस्यनिष्ठीवनादिभिः। पानाहारविहारैस्तु कफमुग्रं प्रशाम्यति।। योगरत्न.समु. प.प्र.
23. समदोषः समाग्निश्च समधातुमल क्रियाः। प्रसन्नात्मेन्द्रियमनः स्वस्थ इत्यभिधीयते।। सु.सं. सू.15.10
24. सर्वरसाभ्यासो बलकराणामेकरसाभ्यासो दौर्बल्यकराणाम्। च.सं.सू.25.40
25. धीधृतिस्मृतिविभ्रष्टः कर्म यत्कुरुतेऽशुभम्। प्रज्ञापराधं तं विद्यात्सर्वरोगप्रकोपणम्।। च.सं.शा. 1.102
26. कुमारसंभवम्। 5.33

Vaidika Vāg Jyotiḥ Vol. 12, No. 23 (65-74) July-December 2024 ISSN 2277-4351
UGC CARE listed (Arts & Humanities) RNI : UTTMUL 2012/53882

शिक्षाप्रातिशाख्यानुसारं वर्णोच्चारणस्थानविमर्शः

-डॉ. सुदीप-मण्डलः

0. भूमिका

स्वरकालस्थानप्रयत्नानुप्रदानेषु पञ्चसु[1] वर्णविभागकारणेषु तृतीयं कारणं भवति स्थानम्। स्थानस्य परिभाषा पाणिनीयशिक्षायां यद्यपि नैव उपलभ्यते तथापि कौण्डिन्न्यायन-शिक्षायां प्रातिशाख्यादिषु च उपलभ्यते एव। तथाहि फुस्फुसात् प्रयत्नप्रेरितः वायुः यान् देशान् प्रतिहत्य वर्णभावं प्राप्नोति तानि स्थानानि इत्युच्यन्ते। तत्र शिक्षावचनं तावत्-

फुस्फुसात् निर्गतो वायुर्यान् देशान् प्रतिहत्य च।
वर्णीभवति तान्याहुः स्थानानि खलु शिक्षकाः।।[2] इति।

तैत्तिरीयप्रातिशाख्यानुसारं स्वराणामुच्चारणकाले जिह्वायाः यत्र उपसंहारो भवति तत्स्थानमित्युच्यते।तत्र वर्णोच्चारणकाले वायोः मार्गावरोधार्थं मुखविवरान्तर्गतमवयवद्वयमपेक्षते। तयोः यत् सचलमङ्गं तत्करणमित्युच्यते, अन्यत् यदचलमङ्गं वर्तते तत् स्थानमित्युच्यते। तानि स्थानानि आश्रित्य शिक्षाप्रातिशाख्यानुसारेण विमर्शात्मकमध्ययनं प्रस्तूयते।

1. शिक्षाप्रातिशाख्यानुसारं स्थानानि

शिक्षाप्रातिशाख्यादिषु यानि वर्णोच्चारणस्थानानि उपलभ्यन्ते तान्यधः नाममात्रेणैव उदाह्रियन्ते। यथा-

ऋक्प्रातिशाख्यानुसारेण वर्णानां स्थानानि नव सन्ति। तथाहि- कण्ठः, उरः, जिह्वामूलम्, तालु, मूर्धा, दन्तमूलम्, बर्स्वम्, ओष्ठौ, नासिका चेति।

तैत्तिरीयप्रातिशाख्यदिशा हनुमूलम्, हनु, तालु, मूर्धा, जिह्वाग्रः, ओष्ठौ, दन्तमूलम्, दन्ताः, कण्ठः, नासिका, मुखनासिका चेति एकादश स्थानानि वर्तन्ते।

---

* सहायकाध्यापकः, संस्कृतविभागः, उत्तरवङ्गविश्वविद्यालयः, जलपाइगुडिः-735102।

1. "स्वरतः कालतः स्थानात् प्रयत्नाऽनुप्रदानतः" इति पाणिनीयशिक्षायां कारिकासङ्ख्या- 10
2. कौण्डिन्न्यायनशिक्षायां बलाध्याये द्वितीयं पद्यम्- 5/2

वाजसनेयिप्रातिशाख्यानुसारं तु जिह्वामूलम्, तालु, मूर्धा, दन्तमूलम्, दन्ताः, ओष्ठौ, कण्ठः, नासिका चेति अष्टौ स्थानानि विद्यन्ते।

ऋक्तन्त्रानुसारेण तु दश स्थानानि इत्युच्यन्ते। तानि च- कण्ठः, उरः, जिह्वामूलम्, तालु, मूर्धा, दन्ताः, दन्तमूलम्, ओष्ठौ, हनु, नासिका चेति।

शिक्षाशास्त्रेषु पाणिनीयशिक्षायामेव वर्णोच्चारणस्थानानां विवरणं विस्तारेणोपलभ्यते। तत्र अष्टौ स्थानानि इत्युच्यन्ते। तानि च स्थानानि उरः, कण्ठः, शिरः, जिह्वामूलम्, दन्ताः, नासिका, ओष्ठौ, तालु चेति।

2. शिक्षावचनानुसारेण कण्ठादिसंज्ञा

परम्परया आगतानि एतानि कण्ठादीनि स्थानानि लौकिकरीत्या प्रसिद्धानि। अतः तेषां संज्ञाः पाणिन्यादिभिः आचार्यैः अनुक्ताः। केवलं कोण्डिन्न्यायनशिक्षायां स्थानानां परिचयार्थं काश्चन कारिकाः उपलभ्यन्ते। ताः कारिकाः आधारीकृत्य कण्ठादीनां स्थानानां संज्ञाः निरूप्यन्ते। तत्र मुखनासिकयोः कुहरिकाविभागात् अधः, स्वरयन्त्रात् ऊर्ध्वञ्च विद्यमानः प्रदेशः कण्ठसंज्ञकः इत्युच्यते। मुखबिलस्य अन्तः छदस्स्थानीयः उन्नततमः भागः भवति मूर्धा। मूर्ध्नः पुरस्तात् बर्स्वात् पश्चात् विद्यमानः प्रदेशः तालु इत्युच्यते। मूर्ध्नः पुरोवर्ती भागः बर्स्वमिति बोध्यम्। दन्तादीनां संज्ञा प्रसिद्धत्वात् नैव उच्यते। यथा चोक्तं कौण्डिन्न्यायनशिक्षायाम्-

मुखनासाकुहरिकाविभागस्थानतस्त्वधः।
स्वरयन्त्रमुखादूर्ध्वः प्रदेशः कण्ठ उच्यते॥

मध्यस्तथोन्नततमो भागो मुखबिलस्य तु।
छदिषोऽभिमतो मूर्धा शिक्षकाणां विपश्चिताम्॥

उक्तान्मूर्ध्नः पुरः पश्चाद्बर्स्वाद्यो भाग आस्यगः।
तत्तालु शिक्षाशास्त्रे तु विदुषामभिसंहितम्॥[3] इति।

3. शिक्षाप्रातिशाख्यानुसारेण वर्णोच्चारणस्थानानि

शिक्षाप्रातिशाख्यादिषु एव वर्णानां स्थानानि सम्यक् प्रतिपादितानि सन्ति। यद्यपि तत्र उपलब्धयोः स्थानसंख्ययोः वैसाम्यं दृश्यते तथापि तदनुसारेण उपलब्धेषु वर्णोच्चारणस्थानेषु अष्टौ स्थानान्यत्र आलोच्यन्ते। पुनश्च तेषु अष्टसु स्थानेषु अन्येषा-मन्तर्भावोऽपि प्रदर्श्यते। तथाहि-

---

3. कौण्डिन्न्यायनशिक्षा - 2/33, 37-38

3.1. कण्ठः

गोपथब्राह्मणे कण्ठस्य स्थानरूपेण ग्रहणं विद्यते। तत्र ब्राह्मणवचनं तावत्– सन्ध्यक्षरम् अवर्णलेशः कण्ठ्यो यथोक्तशेषः पूर्वो विवृतकरणास्थितश्च।[4] ऋक्प्रातिशाख्यानुसारेण अकारस्य, हकारस्य, विसर्जनीयस्य च उच्चारणस्थानं भवति कण्ठः।[5] वाजसनेयिप्रातिशाख्यस्य तैत्तिरीयप्रातिशाख्यानुसारेण तु हकारस्य विसर्जनीयस्य च स्थानं भवति कण्ठः।[6]

पाणिनीयशिक्षानुसारम् अकारस्य हकारस्य च उच्चारणस्थानं भवति कण्ठः। किन्तु वर्गपञ्चमैः ङकारादिभिः, अन्तस्थासंज्ञकैः यण्प्रत्याहारस्थैः यरलवैः वर्णैः हकारः संयुक्तः चेत् तस्य हकारस्य स्थानं भवति उरः। एतैः वर्गपञ्चमवर्णैः ङकारादिभिः, अन्तःस्थासंज्ञकैः यरलवैः वा असंयुक्तस्य हकारस्य तु उच्चारणस्थानं भवति कण्ठः इति। यथा आह्निकमित्यत्र हकारस्य वर्गपञ्चमेन नकारेण संयोगात् तस्य हकारस्योच्चारण–स्थानम् उरः भवति। ह्रस्वः इत्यत्र तु हकारस्य अन्तस्थासंज्ञकेन रेफेण संयोगात् तस्यापि उरः एव उच्चारणस्थानम्। हविः इत्यादौ असंयुक्तस्य हकारस्य उच्चारणस्थानं तु कण्ठः एव। वस्तुतः हकारात् उत्तरवर्तिनः वर्गपञ्चमस्य अन्तस्थासंज्ञकस्य वा वर्णस्य उच्चारणे प्रयुक्तस्य अनिलस्य अवरोधेन हकारस्योच्चारणे अप्यनिलस्य सामान्यांशेन अवरोधात् अन्तरमुखस्य गुञ्जनस्योत्पत्तौ तादृशम् उच्चारणम् इति बोध्यम्। यथा चोक्तं पाणिनीयशिक्षायाम्–

हकारं पञ्चमैर्युक्तमन्तस्थाभिश्च संयुतम्।
उरस्यं[7] तं विजानीयात् कण्ठ्यमाहुरसंयुतम्।।[8] इति।

